रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 28 फरवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 189 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पीएसएलवी-सी51 अमेजोनिया मिशन के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू

**चेन्नई।** देश के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) अमेजोनिया मिशन के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है तथा रविवार की सुबह इसे अंतरिक्ष के लिए रवाना किया जायेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो के मुताबिक के पीएसएलवी-सी51 राकेट के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती आज सुबह 08.54 बजे हो चुकी है तथा कल सुबह 10.24 बजे इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक लांच पैड के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा।

### यास्तिका और श्वेता भारतीय टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** बड़ौदा की बाएं हाथ की बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और मुंबई की विकेटकीपर बल्लेबाज श्वेता वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यास्तिका और श्वेता के साथ-साथ अनकैप्ड ऑलराउंडर चालुरु प्रत्युषा और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज मोनिका पटेल को भी टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मानसी जोशी और विकेटकीपर बल्लेबाज सुषमा वर्मा भी टीम में वापसी करेंगी। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय और टी-20 मैच क्रमशः 2018 और 2016 में खेला था। सुषमा और मानसी एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीमों में शामिल होंगी। बल्लेबाज नुजहत परवीन को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टी-20 टीम में शामिल किया गया है।

### सुरक्षा तथा सीमा संबंधी मुद्दों पर सहयोग का दायरा बढायेंगे भारत और बंगलादेश

**नयी दिल्ली।** भारत और बंगलादेश ने सुरक्षा तथा सीमा संबंधी मुद्दों में आपसी सहयोग का दायरा बढाने और इन्हें मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। दोनों देशों के बीच शनिवार को गृह सचिव स्तर की 19 वीं वार्ता वर्चुअल माध्यम से हुई। 'मुजीब वर्ष' तथा बांग्लादेश मुक्ति युद्ध और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष की पृष्ठभूमि में हुई।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी नव-दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

# छत्तीसगढ़ में एक साथ 3229 जोड़ों का विवाह, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में शामिल हुए। शहनाई की मंगल ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 3 हजार 229 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद और उनके सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ में पहली बार 22 जिलों में एक साथ इस योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, सभी जिले राजधानी रायपुर में आयोजित समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विभिन्न जिले के नवविवाहित जोड़ो से बातचीत कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। रायपुर के समारोह में 233 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इनमें से तीन क्रिश्चयन और एक मुस्लिम जोड़े का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कराया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से पांच जोड़ों को उपहार सामग्री और एक हजार रूपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर कई जोड़ों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेकर अपने विवाह को यादगार बना लिया। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह में वर-वधुओं को बर्तन प्रदान करने के लिए रायपुर के कमलेश चोपड़ा और हाथ घड़ी प्रदान करने के लिए अंकित गांधी को जनसहयोग हेतु प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22 जिलों में एक साथ तीन हजार 229 जोड़ों के सामूहिक विवाह के आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया। इसकी घोषणा मंच पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की ओर से सोनल राजेश शर्मा ने की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, ससदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, विधायक धरसींवा अनिता योगेन्द्र शर्मा, विधायक एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल उपस्थित थे। कोण्डागांव के समारोह में राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम और विधायक मोहन मरकाम भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने



नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि माघी पुन्नी के शुभ अवसर पर वर-वधु विवाह बंधन में बंध रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि एक साथ बराती और घराती दोनों बनने का अवसर मिला है। कन्यादान से बड़ा पुण्य और कोई नही है। माघी पुन्नी के दिन इसका महत्व और बढ़ गया है। श्री बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में शादियों में होने वाले फिजूल खर्ची से लोग उकता चुके हैं। इसमें समय के साथ साधन का भी बहुत अपव्यय होता है। सामूहिक विवाह में शामिल होकर माता-पिता के साथ वर-वधुओं ने नया कदम उठाया है, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूॅ। अब राज्य सरकार के साथ कई समाज में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जो एक सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत पहले 15 हजार रूपए का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर हमने 25 हजार रूपए कर दिया। अब कई जाति, धर्म के लोग सहित बड़ी संख्या में आदिवासी लोग भी सामूहिक विवाह में शामिल होने लगे हैं। श्री बघेल ने कहा कि विवाह में विवाहित जोड़े सात वचनों और साथ निभाने का वचन लेते हैं। मैं भी जिंदगी भर अपने परिवार के लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान देने का वचन वर-वधुओं विशेषकर वर से लेना चाहता हूॅ। वर पत्नी के साथ पूरे परिवार के सुपोषण का ध्यान रखे, क्योंकि माता के स्वस्थ होने से आने वाली पीढ़ियां भी स्वस्थ होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री भेंड़िया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया व्यस्तम समय में भी स्वयं सभी नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। पिछले वर्ष कोरोना के कारण आयोजन संपन्न नहीं हो पाया था। बड़ी संख्या में कई घर परिवार के लोग आज इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं, जिससे सभी का आशीर्वाद सभी नवविवाहितों को मिल रहा है। मंहगाई के समय में कम खर्च में शादी के लिए सामूहिक कन्या विवाह एक अच्छी योजना है। प्रदेश सरकार ने इस योजना के तहत 10 हजार रूपए की बढ़ोतरी कर 25 हजार रूपए का प्रावधान किया है, इसी प्रकार दिव्यांग जोड़ों के लिए विवाह की प्रोत्साहन राशि भी 50 हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दी है। उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को सुखमय नये जीवन की शुभकामनाएं भी दी। महिला एवं बाल विकास के सचिव शहला निगार ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इस वर्ष 7 हजार 600 विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस समारोह में नारी निकेतन रायपुर में निवासरत कन्या का विवाह कराकर उसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए 22 जिलों को वर्चुअल मोड से जोड़ा गया है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास की संचालक दिव्या उमेश मिश्रा, रायपुर कलेक्टर एस. भारतीदासन सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और वर-वधुओं के परिजन उपस्थित थे।


## वेंकैया ने न्यायिक व्यवस्था को अधिक सुगम, किफायती बनाने का किया आह्वान




वार्ता < चेन्नई
www.dailypioneer.com

उप राष्टपति एम वेंकैया नायडू ने शनिवार को यहां कानूनी बिरादरी के लोगों से न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुगम तथा किफायती बनाने आह्वान किया। श्री नायडू ने तमिलनाडु के डॉ आंबेडकर लॉ विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में कहा कि कानूनी प्रक्रिया में अधिक लागत सभी लोगों तक न्याय पहुंचाने में सबसे बड़ा रोड़ा है। उन्होंने कहा कि आम जन की मानसिकता यह है कि किसी भी मामले को निपटाने की वैध प्रक्रिया में कई छिपे हुए पहलू होते हैं जो खर्च बढ़ाते हैं। हमें लोगों को कम पैसों में कानूनी प्रक्रिया उपलब्ध कराने के तरीके खोजने होंगे। उन्होंने यह भी माना कि न्याय प्रदान कराने में काफी अधिक समय लगना भी बहुत बड़ी चिंता का विषय है। न्याय में देरी, न्याय से वंचित करता है और न्याय में देरी न्यायालयों में लंबित मामलों को बढ़ाता है। यह बार-बार स्थगन और न्यायालयों में लंबी छुट्टियों के कारण होता है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हमें न्याय में देरी की परेशानी को हल करना होगा और इसके लिए जो संभव हो वह करना चाहिए ताकि बिना किसी विलंब के आम जन को न्याय मिलता रहे। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में बेहतरी के लिए अधिक न्यायालय, विशेष खंडपीठों और न्यायालयों में सभी पदों पर भर्ती होनी चाहिए। जहां भी संभव हो लोक अदालत और मोबाइल न्यायालय जैसे नवाचार पहलुओं का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हमें वंचितों की मदद करने के लिए अनावश्यक खर्चों को खत्म करने का भरपूर प्रयास करना चाहिए। न्यायिक व्यवस्था को अभी और व्यवस्थित करने की जरूरत हैं।

## खिलौने बच्चों की जिंदगी के लिए जरूरी : मोदी



वार्ता < वाराणसी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि खिलौने बच्चे के जीवन का अटूट हिस्सा है जिसके साथ समय बिता कर वह काफी कुछ सीखते हैं। वर्चुअल 'द इंडिया टॉय फेयर-2021' के उद्घाटन अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के कई लोगों से संवाद के दौरान श्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस उद्योग से जुड़े लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने कश्मीरी गंज खोजवा निवासी रामेश्वर सिंह से बातचीत के दौरान लकड़ी के खिलौने बनाने पर विशेष जोर दिया तथा कहा कि बच्चे और खिलौने एक दूसरे को देखते हैं। बच्चे खिलौनों का नकल करते हैं। इस तरह से खिलौने बच्चों की जिंदगी का हिस्सा बन जाते हैं।

गौरतलब है कि यह मेला 27 फरवरी से दो मार्च तक चलेगा। वर्चुअल प्रदर्शनी में 30 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 1000 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किये जाने की योजना है। मेले में परंपरागत भारतीय खिलौनों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक खिलौने भी प्रदर्शित किये जाएंगे।

## आरएसएस ने संस्थागत संतुलन किया खत्म : राहुल

एजेंसी < तूतीकोरिन
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंयेवक संघ (आरएसएस) पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इसने देश में संस्थागत संतुलन को नष्ट कर दिया है। श्री गांधी ने तमिलनाडु के दक्षिणी जिले में अपने दूसरे चरण के चुनाव अभियान के दौरान अधिवक्ताओं के साथ बातचीत में कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान सभी संस्थानों पर एक व्यवस्थित हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकसभा, विधानसभा, पंचायतें, न्यायपालिका और स्वतंत्र प्रेस हैं। ये संस्थायें मिलकर देश को एक स्थान पर रखती हैं। पिछले छह वर्षों में हमने इन सभी संस्थानों पर एक व्यवस्थित हमला देखा है।

तमिलनाडु में 6 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले अपनी तीन दिवसीय यात्रा में कांग्रेस



नेता ने तूतीकोरिन में वकीलों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने 'हम दो, हमारे दो' कहकर केंद्र सरकार पर फिर निशाना साधा. सीमा पर गतिरोध के बारे में राहुल गांधी ने कहा कि चीन की घुसपैठ पर मोदी की पहली प्रतिक्रिया थी कि 'भारत में कोई नहीं घुसा है।

## खेल मंत्री ने 19वीं राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता : उमेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र सुरक्षा बल चौथी बटालियन के माना स्थित शूटिंग रेंज में 19वीं राज्यस्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 6 मार्च तक चलेगी। प्रतियोगिता में महिला, पुरूष एवं अलग-अलग आयु वर्ग के 50 मीटर, 10 मीटर और 25 मीटर रायफल पिस्टल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप जो प्रतियोगी वांछित अंक हासिल करेंगे, उनका चयन 11 से 14 मार्च तक पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली ईस्ट जोन शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए होगा। ईस्ट जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में क्वालिफाई करने वाले निशानेबाजों का चयन राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए होगा। राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन अप्रैल 2021 में होगा।



प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन एवं जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मंत्री उमेश पटेल ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर में खेल अकादमी का संचालन किया जा रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, परसदा-नया रायपुर विश्वस्तरीय सुविधा का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह क्रिकेट स्टेडियम भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है, जिसकी दर्शक क्षमता 60 हजार है। इस स्टेडियम में आईपीएल समेत कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निर्माण राजनांदगांव एवं रायपुर में किया गया है। बिलासपुर में राज्य का वृहद खेल प्रशिक्षण केंद्र निर्माणाधीन है। यहां आउटडोर, इनडोर स्टेडियम के साथ-साथ एथलेटिक ट्रैक, हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ आदि का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया योजना के तहत अंबिकापुर में बहुउद्देश्यीय इनडोर हॉल और महासमुंद में कृत्रिम एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है।

### कौशल के कद्रदानों का कुम्भ साबित हो रहा हुनर हाट : नकवी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि 'हुनर हाट' 'कौशल के कद्रदानों का कुम्भ' साबित हो रहा है और यह 'वोकल फॉर लोकल' को 'मास मूवमेंट' बनाने में 'प्रभावी, परफेक्ट, प्रामाणिक' भूमिका निभा रहा है। अगला हुनर हाट मध्य प्रदेश के भोपाल में 12 से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। श्री नकवी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 26वें 'हुनर हाट' में आज संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'हुनर हाट' 'कौशल के कद्रदानों का कुम्भ' साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी से शुरू हुए 'हुनर हाट' में अब तक 12 लाख से ज्यादा लोग 'वोकल फॉर लोकल' अभियान का अभिमान बनें हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में यह संख्या 16 लाख से ऊपर जाएगी। 'हुनर हाट' का समापन 01 मार्च को होगा।

## दिग्विजय सिंह ने बुलाई किसान महापंचायत, हिंदू महासभा को भी न्योता

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह ने केंद्र के तीन नए कृषि कानून के खिलाफ 4 मार्च से राज्य में गैर राजनीतिक किसान महापंचायत बुलाई है। दिग्विजय सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने महापंचायत में शामिल होने के लिए किसान संगठन और सामाजिक संगठनों के साथ-साथ हिंदू महासभा को भी न्योता दिया है, जो कि महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की प्रशंसा करती रही है। ग्वालियर नगर निगम के पार्षद बाबूलाल चौरसिया के कांग्रेस में शामिल होने के सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्हें पता नहीं है कि चौरासिया कौन है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं गांधीवादी विचारधारा का फॉलोअर हूं। मुझे नाथूराम गोडसे के अनुयायियों पर शर्म आती है। महापंचायत के बारे में बताते हुए सिंह ने कहा, किसान महापंचायत एक गैर-



राजनीतिक कार्यक्रम होगा। किसान नेता और राजनीतिक नेता एक साथ बैठेंगे और नए कृषि कानूनों में खामियों के बारे में बताएंगे। पहली महापंचायत 4 मार्च को रतलाम में आयोजित की जाएगी और उसके बाद उज्जैन और सीहोर में महापंचायतें होंगी। तीन नए कृषि कानूनों को पूरी तरह से किसान विरोधी बताते हुए सिंह ने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि वे किसी भी खुले मंच पर इन कानूनों के प्रावधानों पर उनसे बहस करने लिये तैयार हैं कि यह कानून किसानों के खिलाफ हैं।

# प्रदेश की विद्युत प्रणाली का नहीं होगा निजीकरण

## प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को फ्रेंचाइजी पर देने का कोई प्रस्ताव नहीं : चेयरमेन अंकित आनंद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रदेश की विद्युत प्रणाली से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के द्वारा किया जाता है। पॉवर कंपनीज छत्तीसगढ़ राज्य शासन के अधीन प्रदेश के उपभोक्ताओं के हित संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। स्टेट पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की कार्य-निष्पत्ति को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। ऐसी कंपनियों के निजीकरण जैसा कोई भी प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन अंकित आनंद ने दी।

कंपनी के निजीकरण संबंधी कतिपय खबरों को उन्होंने भ्रामक करार देते हुए बताया कि बलौदा बाजार सहित प्रदेश के किसी भी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था संबंधी कार्यों को फ्रेंचाइजी (निजी हाथों) पर देने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आगे आनंद ने बताया कि राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के करीब 56 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को संतोषप्रद सेवाएं पॉवर कंपनीज द्वारा दी जा रही हैं। इनकी सेवा-सुविधा को विस्तारित करने प्रदेश में पहली बार हॉफ रेट पर बिजली योजना और 'मोर बिजली मोबाइल एप' आरंभ की गई है । ये इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि कंपनी के निजीकरण जैसी बात सत्यता से परे है। प्रदेश भर की विद्युत वितरण प्रणाली के संचारण-संधारण, बिलिंग, राजस्व वसूली के कार्य पॉवर कंपनीज द्वारा संपादित किये जाते रहे हैं।

प्रदेश के बलौदा बाजार क्षेत्र में मीटर रीडिंग, बिलिंग और राजस्व वसूली का जिम्मा निजी एजेंसी को देने की तैयारी के संबंध में कतिपय मीडिया में प्रकाशित खबरों को निराधार बताते हुए आनंद ने बलपूर्वक कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का हित-संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं सहित कंपनी प्रबंधन के लिए सर्वोपरि है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव श्रोताओं के सवालों के देंगे जवाब

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव रेडियो पर 28 फरवरी को प्रसारित होने वाले हमर ग्रामसभा कार्यक्रम में श्रोताओं के सवालों के जवाब देंगे। वे शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित इस विशेष कार्यक्रम में व्हाट्सएप के माध्यम से श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे। सिंहदेव कार्यक्रम में राज्य शासन की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी करेंगे। कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलो हर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे।



### स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव 1 मार्च को रायपुर लौटेंगे

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव अंबिकापुर प्रवास के बाद 1 मार्च को रायपुर लौटेंगे। वे 28 फरवरी को रात साढ़े दस बजे अबिंकापुर से दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस से रवाना होकर 1 मार्च को सवेरे 08.40 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

# कबीर की वाणी और संदेश आज भी प्रासंगिक : डहरिया

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने कबीर संस्थान में शेड और शौचालय के लिए 45 लाख रुपए देने की घोषणा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के गोबरा नवापारा में कबीर समाज के सत्संग समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने कहा कि महापुरूषों की वाणी हमेशा सत्य और अहिंसा की राह पर चलने वाली होती है। कबीर साहेब ने हमेशा झूठ और आडम्बर का विरोध किया। वे पाखण्ड के खिलाफ थे और सत्य के मार्ग को चुना। जो कबीर साहेब को मानता है वह सत्य के मार्ग में चलता है। उन्होंने कहा कि कबीर की तरह ही बाबा गुरू घासीदास ने भी सतनाम का प्रचार किया और अमर हो गए। उन्होंने कहा कि कबीर की वाणी और संदेश आज भी प्रासंगिक है। इसलिए कबीर साहेब को मानने वालों की संख्या बढ़ रही है। अन्य समाज के लोग उन्हें अपना रहे हैं और समाज प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री डॉ.डहरिया ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सभी समाज के लोगों के विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी परम्परा, संस्कृति, धरोहरों को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी संतों का आशीर्वाद उन्हें और प्रदेश को मिलता रहें।

मंत्री डॉ डहरिया ने कबीर संस्थान गोबरा नवापारा में एक वर्ष पूर्व किए गए घोषणा वाले कार्यों के पूर्ण होने पर उसका लोकार्पण किया। उन्होंने यहाँ लगभग 38 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड, पेवर्स और नाली निर्माण का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों की मांग पर 35 लाख रुपए शेड निर्माण और 10 लाख रुपए शौचालय निर्माण के लिए देने की घोषणा की। उन्होंने यहाँ 11 के व्ही विद्युत लाइन को हटाने के लिए भी पहल करने की बात कही। कार्यक्रम में अभनपुर क्षेत्र के विधायक धनेन्द्र साहू और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान कबीर समाज के संत धर्मेंद्र साहेब,संत विचार साहेब, संत सुरेंद्र साहेब, संत गुरुशरण साहेब, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र कुमार पात्रे सहित पार्षद एवं भारी संख्या में कबीर समाज के अनुयायी और आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में एक मार्च से बनेंगे निःशुल्क आयुष्मान कार्ड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में एक मार्च से आयुष्मान अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसके तहत पूरे प्रदेश में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस अभियान से प्रदेश में 65 लाख से ज्यादा परिवार को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत कार्ड प्रदेश के चॉइस सेंटरों में निःशुल्क बनाये जायेंगे। हितग्राही 01 मार्च से कार्ड बनाने के लिए चॉइस सेंटर्स पर सम्पर्क कर सकते हैं। अभियान में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसकी मोनिटरिंग की जिम्मेदारी जिलों में कलेक्टर को दी गई है। इसके अलावा जिला पंचायत सीईओ अपने स्तर पर टीम गठित करके अभियान की निगरानी करेंगे।ज्ञात हो कि नेशनल हेल्थ ऑथोरिटी और कॉमन सर्विस सेंटर के बीच 18 फरवरी 2021 को एमओयू पर हुए हस्ताक्षर के बाद अब छत्तीसगढ़ सहित देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित में आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है। 10 राज्यों में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, बिहार, मणिपुर, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, त्रिपुरा, नागालैंड, चंडीगढ़ और पुदूचेरी आदि शामिल हैं।




### आपदा पीड़ितों को 32 लाख रूपए की आर्थिक मदद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। बेमेतरा जिले में ऐसे 8 प्रकरणों में 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाती है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत बेमेतरा जिले की तहसील बेमेतरा के ग्राम करही की हेमलता और ग्राम मोहतरा की दुर्गा सेन की मृत्यु आग में जलने से और ग्राम मंड़ई की रामबाई निषाद की मृत्यु सर्प के काटने से हो जाने के कारण मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील बेरला के ग्राम रामपुर (भांड) बुधारु ठाकुर की पानी मे डूबने से ग्राम रवेली की शशी मिर्झा की मृत्यु आग में जलने से और नवागढ़ तहसील के ग्राम तरपोंगी की शांति निषाद और परसदा की सावित्री कुर्रे की मृत्यु आग मे जलने से और ग्राम झुलना के संजू यादव की मृत्यु सांप के काटने से हाने के कारण मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# नगरपालिकाओं के निर्वाचन की निर्वाचक नामावली तैयार करने प्रेक्षक नियुक्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2021 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावलियों का कार्य त्रुटि रहित हो कार्य की गुणवत्ता का सतत मूल्यांकन करने विभिन्न जिलों के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं की निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए नियुक्त किए गए प्रेक्षकों में सूरजपुर जिले की नगर पंचायत प्रेम नगर के लिए आयुक्त कार्यालय अम्बिकापुर की उपायुक्त संतनदेवी जांगड़े को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से रायपुर जिले की नगरपालिक निगम बीरगांव के लिए आयुक्त कार्यालय दुर्ग की उपायुक्त डॉ. मोनिका कौड़ो को, दुर्ग जिले के नगरपालिक निगम रिसाली एवं नगरपालिका परिषद जामुल के लिए आयुक्त कार्यालय रायपुर के उपायुक्त आनंद मसीह, बेमेतरा जिले की नगर पंचायत मारो के लिए कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभोई, सुकमा जिले की नगर पंचायत कोंटा के लिए आयुक्त कार्यालय बस्तर(जगदलपुर) के उपायुक्त बी.एस.सिदार और बीजापुर जिले की नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपट्टनम नगर पंचायत के लिए कार्यालय कलेक्टर बस्तर के अपर कलेक्टर अरविंद कुमार एक्का को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

इसी तरह से राजनांदगांव जिले की नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के लिए कलेक्टर कार्यालय बालोद के अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, कांकेर जिले की नगर पंचायत नरहरपुर के लिए कलेक्टर कार्यालय धमतरी के अपर कलेक्टर दिलीप अग्रवाल और कोरिया जिले की नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर एवं शिवपुरचरचा के लिए कलेक्टर कार्यालय सूरजपुर के अपर कलेक्टर एस.एन.मोटवानी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# अतिशेष धान की ई-नीलामी 3 मार्च से मिलर्स पंजीयन में तेजी लाने निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित अतिशेष धान की प्रथम सप्ताह की ई-नीलामी ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 3 मार्च 2021 से प्रारंभ होगी। ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर धान की ई-नीलामी हेतु क्रेता पंजीयन की प्रक्रिया 18 फरवरी 2021 से शुरू हो चुकी है और अब तक राज्य के 30 मिलर्स का पंजीयन ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रदायकर्ता मेसर्स एन.सी.डी.ई. एक्स.ई.-मार्केट्स लिमिटेड द्वारा किया गया है।

प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ नवा रायपुर द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर मिलर्स पंजीयन कार्य में प्रगति लाने का अनुरोध किया गया है।

पत्र में प्रथम सप्ताह की नीलामी के लिए बहुत कम समय शेष होने के कारण जिले में क्रेता पंजीयन में और गति लाने की आवश्यकता बताई गई है। अब तक जिले के जिन मिलर्स द्वारा बिडर रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज मेसर्स एन.सी.डी.ई. एक्स.ई.-मार्केट्स लिमिटेड को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं, उन मिलर्स को आवश्यक दस्तावेज अविलम्ब मेसर्स एन.सी.डी.ई.एक्स.ई. मार्केट्स लिमिटेड को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये जाने की आवश्यकता है।

# पत्रकारों के जुड़ने से समाज को एक नई दिशा मिलेगी : हिरवानी

## प्रदेश साहू संघ के प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन

- छायाकार संतोष साहू और पत्रकार चंदन साहू होंगे सलाहकार की भूमिका में

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी की अनुशंसा पर मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कौशल स्वर्णबेर ने प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी है। कार्यकारिणी पर मुहर लगाने के बाद साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी ने कहा कि अलग-अलग मीडिया समूह के पत्रकारों के समाज में जुड़ने से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। पत्रकारों का समाज से जुड़ना बहुत ही सराहनीय कार्य है। प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शांतनु साहू ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी में और सक्रिय पत्रकारों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि जिलों और ब्लॉकों में भी समाज को मजबूत करने के लिए मीडिया प्रकोष्ठ की अलग टीम का गठन भी जल्द से जल्द किया जाए ताकि प्रदेश स्तर पर समाज में होने वाले फैसलों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। मीडिया प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में छायाकार संतोष साहू और पत्रकार चंदन साहू सलाहकार की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी तरह सहसंयोजक पद पर मोहित साहू और छगन साहू को नियुक्त किया गया है। पवन साहू आरंग पहले से ही सह-संयोजक बनाए जा चुके हैं। अन्य पदाधिकारियों में पवन साहू रायपुर को कार्यालय सचिव बनाया गया है। जबकि राघवेन्द्र साहू, दिलीप साहू,विक्रम साहू को महामंत्री बनाया गया है। वहीं पीलूराम साहू ,राम साहू, अशोक साहू, मनोज साहू, प्रमोद साहू और खोमन साहू को सचिव बनाया गया है। इसी तरह सह-सचिव पद पर वाकेश साहू, मनीष साहू, संजय साहू , महेंद्र कुमार साहू, दीपक साहू और बृजनारायण साहू को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रुप में चित्रसेन साहू, दुर्गेश साहू, पंकज साहू, ओमप्रकाश साहू, संतोष साहू, अनूप साहू, मनोज साहू, महेश साहू, दीपक साहू और केदार साहू को मनोनित किया गया है।

# मटर की खीर और व्यंजनों की महक बिखेरी, स्वदेशी मेले में जबरदस्त भीड़

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में मेले के दूसरे दिन शनिवार को संध्या होते ही स्वदेशी मेला प्रांगण साइंस कालेज मैदान में भारी भीड़ उमड़ी। मेले के पूरे कार्यक्रम के जानकारी प्रवीण मैशेरी, सह-संयोजक-विवके बर्धन, कन्हैया महतो ने दिया । मेले में प्रतिदिन होने वाली प्रतियोगिताएं सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समागम की वजह से मेले में दर्शको की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मेले में कई तरह के स्टाल लगे है जैसे कि दस प्रकार के पापड़ जो कि स्वास्थ्यवर्धक है। कई प्रकार के कारपेट, टेराकोटा के वस्तुएं, स्व-सहायता समूह की महिलाओ द्वारा निर्मित घर के पापड़, अचार, मुरब्बा, सोंठ के लड्डू इत्यादि लोगो को खरीददारी के लिए लुभा रहें है। सात दिवसीय स्वदेशी मेला के दूसरे दिवस में व्यंजन प्रतियोगिता दो वर्गो में सम्पन्न हुई । जिसमें इस प्रतियोगिता में मीठा व्यंजन (अ-ग्रुप) प्रथम- गार्गी बोरा (मटर हलवा) द्वितीय -अस्मिता शुक्ला (शाही मटर पान), तृतीय-अर्पिता चावड़ा (मटर की खीर) नमकीन व्यंजन (ब -ग्रुप) प्रथम - अस्मिता शुक्ला (स्टीम मटर पोटली), द्वितीय- कुनिका शर्मा (पंडुबी), तृतीय-शुंभागी गुप्ता (मटर पिनाहिल समोसा विथ हमस) प्रतियोगिता प्रमुख- लक्ष्मी जिलहरे, कल्पना चाकी, इंदिरा जैन, शीला शर्मा सरिता पटेल, लता चौधरी कु सौम्या तोपखानेवाले, कु. पूजा मोहिते। प्रतियोगिता के निर्णायकगण- पूजा खंडेलवाल(आहार विशेषज्ञ), पुष्पलता त्रिपाठी(समाज सेवी) रहीं। आज के संमाजिक समागम के सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में महाराष्ट्रीय समाज महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत का पाठ, लावणी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई एवं इसी कड़ी में कोरोना वॉरियर्स का सम्मान किया गया। महिलाओं द्वारा समाज द्वारा लगाए गए स्टाल में सांभार बडी, साबुदाना बडा, पूरन रोटी, चिवडा और लजीज व्यंजनों की खुशबू से परिसर आकर्षण का केन्द्र बना रहा। 28 फरवरी को मेला प्रागंण में चित्रकला प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे स 1 बजे तक आयोजित होगी। आयोजन स्थल पर पंजीयन किया जाएगा। इसी कड़ी में आज के सांस्कृतिक संध्या में विद्यालयीन/महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित समूह एकल नृत्य प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई, जिसमें से 15 प्रतिभागियों को ऑडिशन के पश्चात् चयनित किया गया। जिसका फाइनल राउंड स्वदेशी मेला के मंच पर 28 फरवरी को संपन्न होगा। मेला प्रांगण में मोहन पवार, गोपाल कृष्णा अग्रवाल, आशु चंद्रवंशी, जगदीश पटेल, सुशील मलानी, अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रवीण देवड़ा, सुनीता चन्सोरिया,नेहा ठाकुर, शंकुतला श्रीवास, अरविन्द जोशी, सुब्रत चाकी, सहित बड़ी संख्या में भारतीय विपणन विकास केंद्र की आयोजन समिति के लोग उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम की जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख इंदिरा जैन ने दी।

## अकबर ने पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारियों की ली बैठक

# निजी चिकित्सा संस्थानों में एक माह के भीतर प्राधिकार अनिवार्यतः सुनिश्चित हो : अकबर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में चर्चा करते हुए राज्य के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों में जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अंतर्गत एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से प्राधिकार सुनिश्चित कराने के संबंध में सख्त निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने मण्डल के समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत नगरीय निकायों से जनित घरेलू दूषित जल के उपचार के लिए संयंत्र स्थापना की प्रगति के संबंध में मौका निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। इसमें प्रगति के संबंध में जानकारी दस दिवस के भीतर हर हालत में उपलब्ध कराने कहा गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के सचिव आर. पी. तिवारी सहित समस्त क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित थे।

पर्यावरण मंत्री अकबर ने जिलेवार निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अंतर्गत ली जाने वाली प्राधिकार की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अब तक शेष निजी चिकित्सा संस्थानों में लंबित प्राधिकार को एक माह के भीतर हर हालत में सुनिश्चित कराने के निर्देश सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिए। राज्य में वर्तमान में निजी चिकित्सा संस्थानों की संख्या 3 हजार 69 है। इनमें से अब तक एक हजार 997 निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा प्राधिकार प्राप्त कर लिए गए हैं। उक्त प्राधिकार के दायरे में सभी निजी क्लीनिक, ब्लड बैंक, आयुर्वेदिक क्लीनिक तथा पैथालॉजी लैब शामिल है। इनमें से जिनके पास बिस्तरीय सुविधा है, उन्हें प्रत्येक वर्ष प्राधिकार लेना होगा। इसके अलावा जहां बिस्तरीय सुविधा नहीं है, उन्हें जीवनभर के लिए जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत केवल एक बार ही प्राधिकार लेना होगा। इन चिकित्सा संस्थानों से निकलने वाले अपशिष्ट अथवा अवशेष का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए इन्हें प्राधिकार के दायरे में लाया गया है।

पर्यावरण मंत्री अकबर ने राज्य में घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र की स्थापना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और क्षेत्रीय अधिकारियों को मौका निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी दस दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वर्तमान में रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत छह एमएलडी क्षमता के भाटागांव, 75 एमएलडी क्षमता के चंदनडीह, 35 एमएलडी क्षमता के कारा तथा 90 एमएलडी क्षमता के निमोरा में घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र निर्माणाधीन है। इसी तरह रायगढ़ के बड़ेअतरमड़ा में 25 एमएलडी क्षमता के तथा बांजिनपाली में 7 एमएलडी क्षमता के दूषित जल उपचार संयंत्र निर्माणाधीन है। बैठक में बताया गया कि इसके अलावा राज्य के अन्य 74 नगरीय निकायों से जनित घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु 78 घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र की स्थापना की जाएगी।

### योग प्रिशिक्षित संघ के पुष्कल चौबे बने प्रवक्ता, नितिन भंसाली ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ योग प्रशिक्षित संघ द्वारा योग के विषय को जन जन तक पोहचाने के उद्देश्य से राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संघ अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने 21 सदस्ययी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जिसमे संघ में छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रवक्ता के रूप में शहर के प्रसिद्ध युवा योग गुरु पुष्कल चौबे की नियुक्ति की गई साथ ही योग विषय मे नेट उत्तीर्ण करने पर उनका नाम योग विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के पटल पर भी अंकित किया गया है। पुष्कल चौबे की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता एवं पीआईएसएफ संस्था के चैयरमेन नितिन भंसाली, ललितेश चौधरी, विपिन खुराना व मितेश मल्होत्रा आदि ने स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी और योग के वास्तविक स्वरूप को जन जन तक पहुंचाने के उनके उद्देश्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिले में 126 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल रूप से वर-वधुओं को दिया आशीर्वाद

## जिला मुख्यालय बीजापुर में 31 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न, वर-वधुओं को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दिया सुखमय दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिले में 27 फरवरी को 126 जोड़े वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल रूप से विडियो कान्फ्रेस के जरिये नव दम्पतियों को सुखमय दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने का आशीर्वाद दिया।

जिला मुख्यालय बीजापुर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 31 जोड़े वर-वधुओं को जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम सहित अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, एसडीएम बीजापुर देवेश ध्रुव और अन्य अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दम्पत्तियों को एक हजार रूपए का चेक और विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। वहीं नवदम्पत्तियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलायी गयी और कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बीजापुर बनाने के लिए सहभागिता निभाने आव्हान किया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत 27 फरवरी को जिले के अन्तर्गत बीजापुर ब्लाक में 31, उसूर में 50, भोपालपटनम में 25 तथा भैरमगढ़ ब्लॉक में 20 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर नवदम्पत्तियों को बर्तन, कपड़े इत्यादि घरेलू उपयोग की सामग्री उपहार के रूप में भेंट की गयी। इस दौरान दाम्पत्य सूत्र में बंधे मूसालूर निवासी भूपेन्द्र कंडिक एवं एरमनार की कविता गोरला ने गरीब परिवारों को विवाह के लिए सरकार की मदद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान में जब शादी-ब्याह के लिए बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है, ऐसे समय में सरकार हमारे जैसे गरीब युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह संपन्न कर पुनीत कार्य कर रही है। इसी तरह पावरेल निवासी चलमू ककेम और कान्दुलनार की लक्ष्मी अंगनपल्ली ने परिणय सूत्र में बंधने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने आशीर्वाद दिया। बीजापुर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान नवदम्पत्तियों तथा उनके परिजनों और गणमान्य नागरिकों को जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री वितरित किया गया।

## अबूझमाड़ की धरा पर आयोजित सामूहिक विवाह में 181 जोड़ों ने किया दाम्पत्य जीवन में प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



अबूझमाड़ की धरा पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत आज 181 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर नये जीवन की शुरूआत की। आज का दिन 362 गरीब परिवारों के लिए यादगार एवं शुभ रहा। नव विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देने सांसद बस्तर संसदीय क्षेत्र दीपक बैज, विधायक चंदन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नेलवाल सहित कमिश्नर बस्तर संभाग जी.आर. चुरेन्द्र, पुलिस महानिरीक्षक पी.सुंदरराज, कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह जिला मुख्यालय से 21 किलोमीटर दूर ग्राम बासिंग विकासखंड ओरछा में आयोजित था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी रविकांत ध्रर्वे ने सामूहिक विवाह आयोजन के लिए की गयी विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के ऐसे गरीब माता-पिता जिनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है, वे अपने बच्चों की शादी धूमधाम से कर सकें। ऐसे माता-पिता के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कारगर सिद्ध हो रही है। इस योजना से नारायणपुर की बेटियों के हाथ पीले होने के साथ-साथ प्रदेश के हजारों बेटियों के हाथ भी पीले हुए हैं और वे सुखमय जीवन जी रही है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल वर-वधू को सहायता राशि 15 हजार रूपये से बढ़ाकर अब 25 हजार रूपये कर दी गयी है। हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक चंदन कश्यप ने सामूहिक विवाह में शामिल नव विवाहित जोड़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इतने जोड़ों का विवाह संपन्न हो रहा है, जो बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

## धूमधाम से मनाया गया संतोषी माता मंदिर की चौथी स्थापना दिवस




पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल नगर के वार्ड क्र 03 गजराज कैम्प तालाब पारा में स्थित संतोषी माता मंदिर की चौथी स्थापना दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम माता संतोषी जी की विशेष पूजा अर्चना आरती की गई जिसके पश्चात हवन कार्य सम्पन्न किये गए जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इसमें आहुति दी। चौथा स्थापना दिवस के सुअवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किए।इस आयोजन को सफल बनाने में मंदाकनी संगम महिला मानस एवं जस मंडली का विशेष सहयोग रहा।

## अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन-2021 : हजारों धावकों को पीछे छोड़ हैदराबाद के अनीब थापा ने मारी बाजी

■ सांसद दीपक बैज एवं अन्य अतिथियों ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद दीपक बैज ने आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन के तीसरे आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम स्थानीय बालक क्रीड़ा परिसर खेल मैदान में सुबह 6 बजे प्रारंभ किया गया। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने हेतु जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। ''अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन'' दौड़ में हजारों धावकों ने दौड़ लगायी, जिसमें पुरूष वर्ग में हैदराबाद के अनीब थापा मगर ने 55 मिनट 19 सेकंड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं महाराष्ट्र के धावक अंगारिया विक्रम सिंह भरत ने 55 मिनट 19 सेकण्ड में दौड़ पूरी कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं महाराष्ट्र के ही दीपक बापू 56 मिनट 39 सेकण्ड में दौ? पूरी कर तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में वर्ष 2020 में आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली उत्तर प्रदेश की धाविका कुमारी रीनू ने 1 घंटा 7 मिनट 16 सेकेन्ड में दौड़ पूरी कर पहले स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के ही धाविका कुमारी तामसी सिंह ने 1 घंटा 7 मिनट 58 सेकण्ड में दौड़ पूरी कर द्वितीय स्थान पर रही। तीसरा स्थान महाराष्ट्र की कुमारी ज्योति जे चौहान ने प्रापत किया। इन्होंने दौड़ 1 घंटा 8 मिनट 42 सेकण्ड में पूरी की। कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र एव कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। और मैराथन आयोजन के उदेश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक चंदन कश्यप, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नेलवाल, के अलावा बस्तर आईजी पी.सुंदरराज, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एनएमडीसी और भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारीगण और अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के ब्रांड एम्बेस्डर अनुज शर्मा और अनुराग शर्मा व क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पशुपतिनाथ मंदिर कमेटी द्वारा निकाली गई कलश यात्रा



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका के सीमा रेखा से लगे ग्राम पंचायत कोड़ेनार स्थित पशुपतिनाथ मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर स्थापना के 10 वीं वर्षगांठ का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। आज आयोजन का प्रारम्भ सर्वप्रथम अपराह्न 04 बजे कलश यात्रा निकालकर किया गया। बता दें यह कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर बंगाली कैम्प, तालाब पारा, सुकरू कैम्प,पंचायत भवन होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## सांसद दीपक बैज ने जनसंपर्क की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2021 के अवसर पर अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन की बीते वर्षों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन लोकसभा सांसद दीपक बैज ने किया। उनके साथ राज्य सभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक चंदन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, सहित कमिश्नर बस्तर संभाग जी.आर चुरेन्द्र, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर सुंदरराजन पी., कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल देव के अलावा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सांसद बैज ने काफी देर तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर सहायक संचालक राहुल सिंह ने प्रदर्शित छायाचित्रों के बारे में जानकारी दी। सांसद बैज ने अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2021 की सुंदर तस्वीरों को भी आगामी प्रदर्शनियों में समाहित करने की बात कही। अतिथियों का स्वागत जनमन पत्रिका, शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री और बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

सांसद दीपक बैज ने अवलोकन करने के बाद कहा कि यह अच्छी बात है कि प्रदर्शनी में जनमन पत्रिका एवं शासन की योजनाओं पर आधारित प्रचार-सामग्री का भी वितरण किया जा रहा है, यह सराहनीय है। क्षेत्र के ग्रामीण शासन की कई योजनाओं और प्रदेश के बारे में जान सकेंगे। सहायक संचालक राहुल सिंह ने बताया कि जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे अवसरों पर भी जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदाय की गयी प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण किया जाता रहा है। सांसद श्री बैज ने विभिन्न विभागों कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, शिक्षा, वन, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

### गरीब जनता को स्थाई फ्री होल्ड आवासीय पट्टा देने का वायदा सरकार याद करे

## पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश शासनकाल के दौरान (विभाजन से पूर्व छत्तीसगढ़ क्षेत्र सहित) वर्ष 1998 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं वर्ष 2002 में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी जी की सरकार के द्वारा शासकीय (नजूल) भूमि पर नगरीय क्षेत्र के आवासहीन गरीब कब्जाधारियों को राजीव गांधी आवासीय पट्टा योजना के जरिए अपनी जमीन का मालिकाना हक देने के पश्चात् वर्तमान छत्तीसग? कॉंग्रेस सरकार द्वारा राजीव गांधी आश्रय योजना के नाम पर उन्हीं पट्टाधारियों से पुनः व्यवस्थापन के लिए लाखों रूपये टैक्स वसूले जाने के गंभीर मामले पर भाजपा नेता एवं जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है।

पूर्व विधायक ने अपने पत्र लिखा है कि, एक ओर जहॉ आपकी की पार्टी के द्वारा किसी योजना से पहले गरीबों को राहत पहुॅचाने का कार्य किया जाता है तो वहीं दूसरी ओर पुनः आपकी ही पार्टी के द्वारा उन्हीं गरीबों को लाखों रूपये के टैक्स न देने के एवज में कब्जा खानी कराने की सख्ती बरतने संबंधी नोटिस दिये जा रहे हैं। राजीव गांधी आश्रय योजना सिर्फ इस योजना का नाम ही स्वागत योग्य है किन्तु इस योजना से गरीबों को राहत पहुॅचाने की जगह इसकी आड़ में गरीब आवासहीन कब्जाधारियों की मुसीबतें बढ़ाने का कार्य हो रहा है। ऐसे अनौचित्य कार्य से सवाल उठता है कि, मेहनत मजदूरी करके किसी प्रकार परिवार का भरण-पोषण करके जीवनयापन करने वाली गरीब जनता लाखों रूपये पट्टे के लिए कहॉ से पटायेंगे।



विधानसभा चुनाव 2018 के दौरान जनता से किये गए वायदे को याद दिलाते हुए आगे कहा है कि आपके नेतृत्व में शासकीय (नजूल) भूमि पर कब्जाधारी परिवारों को नियत अवधि के भीतर पट्टा प्रदाय करने का वायदा किया गया था। इस वायदे से गरीब जनता को उम्मीद थी कि सरकार की ओर से उन्हें निःशुल्क पट्टा ही प्रदाय किया जाएगा। न कि पट्टे के लिए लाखों रूपये टैक्स देने होंगे। अपने वायदे से मुकरते हुए अब उन्हीं लोगों से व्यवस्थापन के नाम पर एवं राजस्व में बढ़ोतरी के लिए सरकार की ओर से अब अनौचित्य राशि मांगी जा रही है।

इसके अलावा, ऐसे समस्त शहरी आवासहीन निर्धन कब्जाधारी परिवार जिन्हें किन्हीं कारणवश शासन की योजना से स्थाई पट्टा नहीं मिल सका था ऐसे परिवारों से भी राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् क्षेत्र के हिसाब से दर निर्धारित करके एवं 800 वर्ग फुट से अधिक भूमि पर कब्जा होने पर निर्धारित की गई दर से अधिक 152 प्रतिशत की दर से राशि देने को विवश किया जा रहा है।

गरीब जनता को स्थाई फ्री-होल्ड आवासीय पट्टा देने का चुनाव में जो आपकी कॉंग्रेस पार्टी ने वायदा किया था कष्ट करते हुए कृपया उस वायदे को याद करें। और पूर्व में आपकी ही कॉंग्रेस पार्टी की सरकार के द्वारा राजीव गांधी आवासीय पट्टा जिन लोगों को प्रदाय किया गया था उनसे पट्टा नवीनीकरण के नाम पर लाखों रूपये टैक्स वसूलने की जगह उन्हें पुनः निःशुल्क पट्टा प्रदाय किया जाए। इसके अलावा जिन लोगों को नियमों के अनुरूप निःशुल्क पट्टा प्रदाय नहीं किया जा सकता कम से कम उन सभी को राजीव गांधी आश्रय योजना का लाभ देने के एवज में 152 प्रतिशत की अधिक दर जो निर्धारित की गई है उसमे रियायत बरतने संबंधि आवश्यक कार्यवाही करें। ताकि उनका अपना आशियाना बिना किसी मानसिक प्रताड़ना के सुरक्षित हो सके।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 75 जोड़ों का हुआ विवाह



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शनिवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत् 75 जोड़ों की शादी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में करवाया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति कविता साहू सहित गणमान्य पार्षद और जिला व जनपद पंचायत के सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत शामिल हुए 75 जोड़ों में 65 जोड़े हिन्दू और 10 जोड़ें क्रिश्चियन रीति रिवाज से विवाह किए। महिला एवं बाल विकास विभाग प्रत्येक जोड़ों के लिए 25 हजार रूपए खर्च किए। जिसमें प्रत्येक जोड़े को एक हजार नगद, 19 हजार का सामान और पांच हजार शादी व्यवस्थाओं पर खर्च किए।

# चोर गिरोह के 2 गुटों का किया भंडाफोड़

## दोनो गुटों के 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, 6 चोरी के मामलों को दिया अंजाम

■ आरोपियों से लाखों की चोरी की संपत्ति जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



थाना सिमगा क्षेत्र अंतर्गत लगातार आम जनों के दैनिक उपयोगी सामग्रियों की बड़ी मात्रा में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी जिस तारतम्य में प्रार्थी द्वारा थाना सिमगा आकर सूचना देने पर लगातार प्रथम सूचना पत्र पंजीबद्ध किया जा कर आरोपियों की पतासाजी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा था परंतु आरोपियों के संबंध में कोई सूचना जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही थी। तब पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के.बी.द्विवेदी के मार्गदर्शन में सभी चोरियों की प्रणाली एक समान होने से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी सिमगा नरेश चौहान को चोरों की कार्यप्रणाली के संबंध में आसपास थाना क्षेत्र में सूक्ष्मता से पता तलाश कर शीघ्र प्रकरणों का निकाल करने हेतु निर्देशित किया गया, कि थाना सिमगा स्टाफ की एक टीम गठित कर सूचना संकलन करने आदेशित किया जो उक्त कार्य प्रणाली ग्राम चिरौटी के चोरों के द्वारा किया जाना जानकारी पता चला।

तत्संबंध में मुखबीर तैनात कर पुख्ता जानकारी प्राप्त होने पर थाना सिमगा में पंजीबद्ध अपराधों में चिरौटी चोर गिरोह का शामिल होना जानकारी प्राप्त हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपियों की धर पकड़ हेतु रवाना हुए। ज्ञात हो कि ग्राम चिरौटी में पूर्व में कई बार पुलिस टीम के ऊपर गिरफ्तारी के दौरान ग्रामीणों के द्वारा जानलेवा हमला किया जा चुके हैं परंतु फिर भी गठित टीम के द्वारा हिकमत अमली से कार्यवाही करते हुए ग्राम चिरौटी में संदेहियों के घर की तलाशी लेकर चोरी गए माल मशरूका को बरामद किया। चोरी में शामिल कुल 6 आरोपियों जिनमें अर्जुन जांगड़े, लल्ला लहरें, गौरी शंकर उर्फ बिल्ली, धनीराम उर्फ मुचू जांगडे, रंजीत पात्रे, साजन जोशी से थाना सिमगा के अपराध में सभी 6 आरोपियों से ग्राम थाना सिमगा क्षेत्र अंतर्गत चोरी किए गये कुल किमती 153000 रूपये का समान जप्त किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी किया जाना शेष है। इस शातिर चोर गिरोह को पकड़ने में निरीक्षक नरेश चौहान,उप निरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर टोप्पो, मनोहर सिंह राजपूत, प्रकाश जांगड़े, प्रधान आरक्षक सत्रोहन ध्रुव, प्रवीण पांडे आरक्षक धर्मेंद्र यादव, केशव भट्ट, जितेंद्र निषाद, शिवा चतुर्वेदी,कृष्ण कुमार यादव, सुमित देवांगन, तिहारू राम आदित्य, ईकु पटेल,अजय साहू खुमलाल साहू, सूरज राजपूत, अर्जुन ठाकुर, शिवकुमार जालान, संतोष भगत, सहित महिला आरक्षक अहिल्या वर्मा एवं पुलिस लाइन बलौदाबाजार से आये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### जब संपत्ति का विवरण

1-ग्राम केसदा में चोरी किये कपड़े जूते इत्यादि करीबन एक लाख रुपए
2- ग्राम तुलसी में चोरी किए लोहे का छड़ एक बंडल किमती करीबन 6000 रूपये
3 -ग्राम दामाखेड़ा में चोरी किये लोहे का छड़ एक बण्डल किमती 6000 रूपये
4 - ग्राम खिलोरा सोसाइटी से चोरी किये 61 कट्टा चावल किमती 35000 रूपये
5 - शासकीय उचित मूल्य की दुकान केसदा से चोरी किये चावल 2500 रूपये
6 -कबीर भवन तेंदू भाटा से चोरी किया साक्षी धान में से 02 कट्टा धान किमती 3000 रूपये
कुल 153000 रूपये का समान

आरोपियों का विवरण
1 -अर्जुन जांगड़े पिता भिखारी जांगड़े उम्र 28 वर्ष साकिन चिरौटी थाना सरगांव जिला मुंगेली
2-लल्ला लहरे पिता देवा लहरें उम्र 25 वर्ष साकिन चिरौटी थाना सरगांव
3 -गौरी शंकर उर्फ बिल्ली पिता सुशील जांगड़े उम्र 32 वर्ष साकिन डिघोरा थाना पथरिया जिला मुंगेली
4 - धनीराम उर्फ मूचू जांगड़े पिता अनिल जांगड़े उम्र 23 वर्ष साकिन डिगोरा थाना पथरिया जिला मुगेंली
5 - रंजीत पात्रे पिता सौखीलाल पात्रे उम्र 30 वर्ष साकिन चिरौटी थाना सरगांव जिला मुगेंली
6 -साजन जोशी पिता सदाराम जोशी उम्र 35 वर्ष चिरौटी थाना सरगांव जिला मुंगेली

# बाढ़ में फंसे लोगों को बचाकर एनडीआरएफ ने किया सफल मॉकड्रिल





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की तृतीय वाहनी के जवानों ने आज पलारी नगर स्थित बालसमुंद तालाब में बाढ़ में फंसे लोगो को बचाकर सफल मॉकड्रिल किया। एनडीआरएफ की टीम ने डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से बाढ़ से घिरे टापू में से गाँव वालों को बचाया गया। साथ ही इसी दौरान कुछ व्यक्ति बाढ़ के हालातों में खुद से नाव बनाकर नदी पार कर रहे थे तो अचानक नाव पलट जाती है तो एनडीआरएफ के गोताखोरों ने नाव में उपस्थित लोगों को तत्काल रिस्पॉन्स देकर डूबने से बचाया।

इस दौरान कंट्रोल रूम बलौदाबाजार को खबर मिली कि पलारी में बाढ़ आने से बालसमुंद जलाशय के बीच में स्थित द्वीप में कुछ लोग फंसे हुए हैं जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर एनडीआरएफ एवं छत्तीसगढ़ होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे एवं रेस्क्यू कर गांव के लोगों को बचाया। वही एक व्यक्ति को भी पानी में डूबने से बचाया जिसे उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

उक्त रेस्क्यू ओडिशा से आये एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट धनंजय कुमार की निगरानी में किया गया। गौरतलब है की बाढ़ में फंसे हुए लोगों के बचने एवं सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की टीम उड़ीसा से जिले आयी हुई है। जिसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को कैसे रेस्क्यू कर बचाया जाए यह बताया गया टीम के साथ में छत्तीसगढ़ नगर सेना के जवान भी संयुक्त रुप से मॉकड्रिल में भाग लिए है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य खुशबू बंजारे, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, बलौदाबाजार एसडीएम महेश राजपूत, तहसीलदार हरिशंकर पैकरा, पलारी सीईओ सुरेश कंवर थाना निरीक्षक सीआर चंद्रा, नगर पंचायत सीएमओ लवकेश पैकरा सहित अन्य विभागों के जिलाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही इस दौरान उपस्थित स्कूली छात्र छात्राएं एवं नगरवासियों को बाढ़ के समय घर मे मौजूद पुराने समानों से कैसे जुगाड़ कर कुछ उपकरण बनाए जा सकते है उस बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में पलारी नगर से नगरवासी स्कूली छात्र छात्राएं, नगर के वरिष्ठ नागरिक गण की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया जिसे सभी ने काफी सराहा है।

# बालक कल्याण समिति ने कोदवा में लगाई चौपाल



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पलारी विकास के अंतर्गत ग्राम कोदवा में एक समुदाय के 20 बालक एवं बालिकाएं शासन के सर्वे में भिक्षावृत्ति में चिन्हांकन पाए गये। बालक कल्याण समिति की संज्ञान में आने पर स्वयं समिति जो किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत् प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्ति प्राप्त पीठ है। इस पीठ की अध्यक्ष संध्या बाजपेयी ने तत्परता से उक्त ग्राम के 20 बच्चों की उपस्थिति में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं लता टण्डन, उमेश्वरी वर्मा, अल्का सोनकेवरे और बच्चों के परिजनों के सहयोग से समिति के समक्ष बच्चों को उपस्थित कराया गया जिसमें से अधिकतर बच्चे अनुपस्थित मिले। आंगनबाडी केन्द्रों मे परिजनों के द्वारा नहीं भेजने पर समिति द्वारा विद्यालय भेजने हेतु परिजनों को निर्देशित किया गया साथ ही अन्य बच्चों को कौशल उन्नयन,प्रशिक्षण लेने छात्रावास शहर में पढ़ाई करने हेतु परिजनों को दिशा-निर्देश दी गई। साथ ही इस दौरान बकई परिवार के पास राशन कार्ड नही होने पर समिति को अवगत् कराया गया। समिति की बैठक में सदस्य अपर्णा सराफ, चाईल्ड लाईन के केन्द्र समन्वयक रेखा शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी विजय दीवाकर, परामर्शदाता संतोष कोसले, कम्प्यूटर आपरेटर नकुल कन्नौजे की सहयोग से समिति की बैठक में बच्चों के बालहित में निर्णय कार्यवाही की गयी साथ ही वहॉ उपस्थित ग्रामीण जनों को किशोर न्याय अधिनियम व 1098 चाइल्ड हेल्प लाईन की जानकारी प्रदान की गयी।

## अवैध शराब बिक्री के लिए परिवहन करते आरोपी गिरफतार

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला बलौदाबाजार द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री कर्ताओ पर अंकुश लगाने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के- बी-द्विवेदी के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी हरीश कुमार साहू के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर अवैध शराब गतिविधियों पर कार्यवाही की जा रही है कि 26-फर को मुखबिर सूचना पर आरोपी भोज राम बंजारे पिता बिसहत राम बंजारे उम्र 30 वर्ष ग्राम आमाकोनी के कब्जे से 34 पौवा देशी मशाला कीमती 3060 रूपये अवैध बिक्री हेतु परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर आरोपी के विरूध्द कार्यवाही की जाकर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया ।

# चंदा देवी तिवारी हास्पिटल में आपरेशन से निकाला गया 5 किलो वजनी ट्यूमर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





नगर में स्थित चंदा देवी तिवारी हास्पिटल में पिछले दिनों ग्राम मटिया की रहने वाली महिला नंदकुमारी के पेट का आपरेशन कर चिकित्सकों द्वारा लगभग साढ़े पांच किलो वजनी और 23 सेमी लंबा और 13सेमी चौड़ा गोला निकाला गया।

महिला विगत दो माह से पेट में दर्द एवं भारीपन से परेशान थी जिसे देखते हुए महिला के परिजनों द्वारा उसे बलौदाबाजार के निजी डायग्नॉस्टिक सेंटर मे सोनोग्राफी करके ओवेरियन शिष्ट होना बताया गया मरीज के परिजन उसे रायपुर के दो-तीन बड़े अस्पतालों मे ले गए जहां बीमारी को जटिल और जान का खतरा होने की आशंका चिकित्सकों द्वारा व्यक्त की गई जिससे परेशान होकर परिजन महिला को घर ले आए जहां किसी परिचित द्वारा उसे चंदा देवी तिवारी हास्पिटल बलौदाबाजार में दिखाने की सलाह दी गई। मरीज के परिजन सभी रिपोर्ट के साथ अस्पताल के संचालक और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नितिन तिवारी से मिले। मरीज के बीमारी की गंभीरता और उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए तुरंत आयुष्मान योजना से डा नितिन तिवारी आपरेशन को तैयार हो गए और आपरेशन बड़ा होने की वजह से दुसरे दिन पूरी जांच एवं तैयारी के साथ महिला का सघन आपरेशन वरिष्ठ सर्जन डा.प्रमोद तिवारी की देखरेख मे लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नितिन तिवारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा गीतिका शंकर तिवारी, निश्चेतना विशेषज्ञ डा योगेन्द्र पहारे एवं चंदा देवी तिवारी हास्पिटल की टीम द्वारा सफल आपरेशन किया गया। मरीज अब पूर्णतः राहत महसूस कर रही है। ज्ञात हो की जिले के एकमात्र सुपर स्पेशलिटी 80 बिस्तर चंदा देवी तिवारी हास्पिटल बलौदाबाजार में मरीजों को कम खर्च एवं सभी सरकारी योजनाओं के साथ सभी सुविधाएं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजू नायक ने की कार्यसमिति की घोषणा

■ बिंदु सिन्हा महामंत्री बनी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के अनुमति एवं गरियाबंद जिला प्रभारी राकेश यादव, जिला अध्यक्ष राजेश साहू के सहमति एवं वरिष्ठों के अनुमोदन पश्चात महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंजू नायक ने जिला कार्यसमिति की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष नीरा साहू राजिम, तोकेश्वरी मांझी छुरा, नूरमती मांझी गोहरापदर। महामंत्री शीतला पाण्डेय झाखरपारा, बिंदु सिन्हा गरियाबंद। कोषाध्यक्ष लालिमा ठाकुर गरियाबंद। मंत्री लोकिन साहू बासीन, संतोषी श्रीवास्तव फिंगेश्वर, पूर्णिमा कंवर पांडुका। - कार्यकारिणी सदस्य- मीरा ठाकुर मडेली, हेमलता ध्रुव छुरा, चुम्मन बाई सोम गरियाबंद, प्रतिमा विश्वकर्मा बहेराबुड़ा, संध्या शर्मा फिंगेश्वर, ममता यदु राजिम, बसंती कंवर छुरा, संगीता साहू देवगांव, सरोज ठाकुर मैनपुर, सुशीला पाथर देवभोग, संजुक्ता दास गोहरापदर।

स्थायी आमंत्रित सदस्य विभा अवस्थी अमलीपदर, श्वेता शर्मा जामगांव, छाया राही राजिम, देवकी साहू राजिम, देवसिर सिन्हा छुरा, केशरी ध्रुव छुरा, शकुंतला नायक झाखरपारा, रेणुका साहू गरियाबंद।

**विशेष आमंत्रित सदस्य** - पूर्णिमा चंद्राकर राजिम, सुअंजना उपाध्याय राजिम, कांति मरकाम मैनपुर, नेहा सिंघल देवभोग, मिलेश्वरी साहू गरियाबंद, मंजुलता हरित फिंगेश्वर, मोहना नेताम गोहरापदर, गुलेश्वरी ठाकुर गरियाबंद, मिथु मालवीय राजिम, शांति कोसरे फिंगेश्वर, रेखा साहू बेलर।

**मंडल अध्यक्ष-** अनिता यादव राजिम, पदमा यदु फिंगेश्वर, तारिणी ध्रुव पांडुका, चित्रलेखा ध्रुव छुरा, खीरमनी हरपाल गरियाबंद, कुमारी बाई पटेल मैनपुर, श्रुति ध्रुवा गोहरापदर, अहिल्या मरकाम देवभोग, योग्मिता मांझी झाखरपारा बनाए गए हैं।

# कबड्डी बलौदाबाजार का ऐतिहासिक खेल रहा है आज भी जीवांत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मंच के माध्यम से स्वर्गीय गणेश शंकर जी बाजपेई, पूर्व विधायक,रतन लाल कसार,पूज्य जनाब कलीम खान, मानक चंद जैन,बाबा खान, संतोष बाजपेई ,गौरीशंकर तिवारी,काशी प्रसाद सोनी,पन्नालाल गुप्ता एवं विद्युत मंडल में कार्यरत प्यारेलाल के खेल को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मेरे पिता भी जो आज 84 वर्ष के है मुझे अपने साथ कबड्डी देखने ले जाने बोल रहे है, मेरे पिता को इस खेल में जब वो सर्विस करने जाते, दर्शक बुल्डोजरवा कहते इन्हें पकड़ने के लिए जोर से हल्ला करते, मेरे पिता मेडीलाल साहू भी बेस्ट खिलाड़ी है! इस आयोजन में भाग लेने आये मेरे छोटे भाई बहनों को सफल होने के शुभकामनाएं अपने परिवार सहित अपने जिले का नाम रोशन करे।

खेल का शुभारंभ विधायक प्रमोद शर्मा द्वारा फीता काटने व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में प्रथम मैच राजनांदगांव व भिलाई के मध्य हुआ और राजनांदगांव की टीम ने विजय प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में पहला मैच बिलासपुर जिला व बलौदा बाजार के मध्य खेला गया। जिसमें बलौदा बाजार की टीम विजय रही. इसी प्रकार दूसरा मैच गरियाबंद व रायपुर नगर के मध्य हुआ. जिसमें गरियाबंद की टीम ने बाजी मार लिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश जायसवाल महासमुंद, नरेंद्र राव चौहान संयोजक रैफिरी बोर्ड गरियाबंद, अनिल कुर्रे सह संयोजक रैफिरी बोर्ड जांजगीर चाम्पा, बद्री प्रसाद राजपूत मुंगेली, विनोद कुमार शुक्ला जांजगीर, चंद्रकुमार साहू, दिग्विजय सिंह वर्मा दुर्ग, मालिकराम नेताम, जुगल किशोर साहू, संत कुमार साहू, प्रहलाद कैवर्त, पंचराम साहू, लखन प्रधान, संतोष ध्रुव, मुंशी साहू बलौदा बाजार, महेश कुमार ध्रुव, चंद्रहाश साहू गरियाबंद, सरिता सिदार रायगढ़, विमला चंदेल बीएसपी भिलाई, मधु यादव, राहुल चौधरी भिलाई नगर, बाबू लाल चंद्रा, अशोक नायक, अमरदास साहू, शांति जायसवाल, रामू पटेल, मोरध्वज सिंह, देवेश साहू कोरबा, धीराजी साहू, पुनूराम धुर्वे कवर्धा, डीबी साहू राजनांद गांव, लोकनाथ निषाद बालोद, प्रजापति बीएसपी, सेवाराम साहू रायपुर, उद्धव सिदार रायगढ़, रमाकांत ध्रुव, आज्ञाराम ठाकुर महासमुंद आदि उपस्थित थे।

## आयोजन को सदैव नगरवासियों का मिलता है समर्थन

# राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

खेल में हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलु हैं. अतः खिलाड़ियों को हार-जीत की बजाय अपने शत-प्रतिशत् प्रदर्शन की ओर ध्यान देना चाहिए. परिणाम से जीतने वाले की श्रेष्ठता तो प्रकट होती है परंतु हारने वाले को भी बहुत सी सीख मिलती है. बलौदा बाजार जिले का सौभाग्य है कि यहां कबड्डी की परम्परा को जिला क्रिकेट कबड्डी संघ द्वारा बेहतर तरीके से जीवित रखा गया है. राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी इसका प्रमाण है. उक्त बातें राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा।

वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष कबड्डी संघ एवं जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष धीरज बाजपेयी ने कहा कि यह आयोजन का 20वॉ वर्ष जिसमें करीब 700 खिलाड़ी, रैफरी आदि शामिल है. यह गौरव का विषय है कि आयोजन को सदैव नगर वासियों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है. बलौदा बाजार की ख्याति पूर्व के कबड्डी खिलाड़ियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक फैलाया है. निश्चित ही खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में चयनित होकर एक बार फिर अपने जिला व राज्य का नाम रौशन करेंगे. उन्होंने तीन दिनों तक आयोजन में पहुंचे खिलाड़ियों व अन्य के लिए भोजन व नाश्ते की व्यवस्था के लिए विधायक प्रमोद शर्मा का आभार व्यक्त किया. मंच पर विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश वर्मा, बसंत शर्मा महासचिव छ.ग. कबड्डी संघ, हेमसिंह ध्रुव पूर्व जिला सभापति, हरि पटेल, सहायक जिला क्रिडा अधिकारी जीपी नेताम, रामरंग वैष्णव आदि उपस्थित थे.



इसके पूर्व सुबह मार्च पास्ट को हरी झण्डी दिखाकर पूर्व नपा अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने रवाना किया. राज्य के विभिन्न स्थानों से पहुंचे बालक-बालिका अपने-अपने जिलों का ध्वज लेकर रैली में शामिल हुए. नगर भ्रमण पश्चात रैली दशहरा मैदान पहुंची जहां झण्डोत्तोलन किया गया. नंद कुमार साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि कबड्डी चपलता, साहस, बुद्धि का खेल है. खिलाड़ियों को अनुशासन व समर्पण का पालन कर अपना प्रदर्शन करना चाहिए. उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामना दिया।

### उद्घाटन मैच में राजनांदगांव व गरियाबंद विजयी

खेल का शुभारंभ विधायक प्रमोद शर्मा द्वारा फीता काटने व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में प्रथम मैच राजनांदगांव व भिलाई के मध्य हुआ और राजनांदगांव की टीम ने विजय प्राप्त किया. वहीं बालक वर्ग में पहला मैच बिलासपुर जिला व बलौदा बाजार के मध्य खेला गया। जिसमें बलौदा बाजार की टीम विजय रही. इसी प्रकार दूसरा मैच गरियाबंद व रायपुर नगर के मध्य हुआ. जिसमें गरियाबंद की टीम ने बाजी मार लिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश जायसवाल महासमुंद, नरेंद्र राव चौहान संयोजक रैफिरी बोर्ड गरियाबंद, अनिल कुर्रे सह संयोजक रैफिरी बोर्ड जांजगीर चाम्पा, बद्री प्रसाद राजपूत मुंगेली, विनोद कुमार शुक्ला जांजगीर, चंद्रकुमार साहू, दिग्विजय सिंह वर्मा दुर्ग, मालिकराम नेताम, जुगल किशोर साहू, संत कुमार साहू, प्रहलाद कैवर्त, पंचराम साहू, लखन प्रधान, संतोष ध्रुव, मुंशी साहू बलौदा बाजार, महेश कुमार ध्रुव, चंद्रहाश साहू गरियाबंद, सरिता सिदार रायगढ़, विमला चंदेल बीएसपी भिलाई, मधु यादव, राहुल चौधरी भिलाई नगर, बाबू लाल चंद्रा, अशोक नायक, अमरदास साहू, शांति जायसवाल, रामू पटेल, मोरध्वज सिंह, देवेश साहू कोरबा, धीराजी साहू, पुनूराम धुर्वे कवर्धा, डीबी साहू राजनांद गांव, लोकनाथ निषाद बालोद, श्रीराम प्रजापति बीएसपी, सेवाराम साहू रायपुर, उद्धव सिदार रायगढ़, रमाकांत ध्रुव, आज्ञाराम ठाकुर महासमुंद आदि उपस्थित थे.

## क्विक न्यूज

### आयुष्मान भारत ई-कार्ड पात्रतानुसार बनाकर हितग्राहियों को हो रहा वितरण

**कोरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रामेश्वर शर्मा ने आज यहॉ बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत जिले के पंजीकृत शासकीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना, सोनहत, जनकपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां, बुडार, बरपारा, मनसुख, टेंगनी, प्राथमिक नगर, माड़ीसरई, कुवांरपुर, सलका, उधनापुर, बचरापोंड़ी, हल्दीबाड़ी, चिरमी बंजारीडांड, रतनपुर, बड़ेसाल्ही, नागपुर, केल्हारी, खोंगापानी, बेलबहरा, लेदरी, बिहारपुर, कटगोड़ी, डोमनहिल एवं एक्टिव लोक सेवा केन्द्रों के द्वारा आयुष्मान भारत ई-कार्ड पात्रतानुसार बनाकर प्रदाय किया जा रहा है। यह कार्ड पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु हितग्राही को अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। अधिका जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन से संपर्क कर सकते है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से जशपुर जिले के 282 जोड़े बंधे विवाह के पवित्र बंधन सूत्र में

- जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में कार्यक्रम संपन्न
- प्रत्येक जोड़ों को दिया गया 25 हजार का घरेलू उपयोग आवश्यक सामग्री

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन कलेक्टर महोदव कावरे के मार्गदर्शन एवं एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वर-वधू को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। जिले के जशपुर विकास खण्ड के वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में 90 जोड़े, दुलदुला में 42 जोड़े, कुनकुरी में 50 जोड़े, कांसाबेल में 14 जोड़े, लुड़ेग में 30 जोड़े एवं सन्ना में 56 जोड़े कुल 282 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर जशपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका हीरूराम निकुंज, अजय गुप्ता, जेलसंदर्शन रूद्रदामन पाठक, किरण कांति सिंह, ममता भगत, पंडित मनोज रमाकांत मिश्रा, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी बिसमिता पाटले, महिला बाल विकास के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं वर-वधू के परिजन उपस्थित थें।

**बारात के साथ हुई शादी** – कार्यक्रम में कुल 282 नवविवाहित जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे, जिसमें हिन्दू जोड़ों के साथ-साथ इसाई जोड़ों का विवाह ईसाई पद्धति से सम्पन्न कराया गया।



शादी से पूर्व जशपुर जिला मुख्यालय में विवाह के लिए आए जोड़ों के दुल्हों की बारात भी सजाई गई और उसे शहर में घुमाया भी गया। उल्लेखनीय है कि आर्थिक स्थिति से कमजोर वर्ग के लिए शासन की कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिसमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शामिल है। महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शासन के नियमानुसार प्रत्येक जोड़ों के लिए 25 हजार का घरेलू आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया है। इनमें विवाहित जोड़ो को स्टील बाल्टी, कूकर, पेटी, आलमीरा, लगेज ट्रॉली बैंग, स्टील टिफिन, स्टील कटौरी, स्टील गिलास, स्टील थाली, प्लास्टि की चटाई, मंगलसूत्र चांदी का, चांदी की बिछिया, चांदी की अंगूठी, वर-वधू को शादी का जोड़ा, कम्बल, चादर, गद्दा, तकिया, बेडशीट कवर, टेबल पंखा, हाथ घड़ी, टार्च आदि दिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह योजना में शामिल हुए विवाहित जोड़ों को शादी का प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। जो विवाहित जोड़ों के लिए शासकीय अभिलेख होगा।

## कलेक्टर ने देवगढ़ के देवस्थल का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस.एन. राठौर ने विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत करहियाखांड के ग्राम नांदभान में देवगढ़ के देवस्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत कुणाल दुदावत भी उपस्थित रहे। कलेक्टर राठौर द्वारा देवस्थल परिसर के चारों ओर पेवर ब्लाक रोड एवं समीप में स्थित तालाब के गहरीकरण एवं पचरी निर्माण का कार्य कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथा ही परिसर में स्वच्छ भारत मिशन व मनरेगा योजना से प्रगतिरत सामुदायिक शौचालय निर्माण के कार्य में प्रगति लाते हुए 5 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर राठौर ने ग्राम पंचायत टेमरी के प्राथमिक शाला एवं नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनो परिसर में फेंसिग एवं वृक्षारोपण कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत टेमरी के सामुदायिक मवेशी आश्रय स्थल निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत पटना में मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माणाधीन हाट बाजार शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाट बाजार के बगल में स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं तालाब के चारो ओर फेंसिग कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही हाट बाजर परिसर में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से निर्मित होने वाले दुकान सह शौचालय निर्माण कार्य के ड्रांईग डिजाइन में परिवर्तन कर उपर फ्लोर में भी दुकान निर्मित करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत चिरगुडा अंतर्गत नेशनल हाइवे के बगल में स्थित मोटल को ग्राम पंचायत पटना को अपने क्षेत्राधिकार मे लेने तथा मरम्मत कर व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मनेंद्रगढ़ में सामूहिक विवाह में पहली बार 50 जोड़े परिणय सूत्र बंधन में बंधे

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत एकीकृत महिला बाल विकास विभाग के द्वारा मनेंद्रगढ़ विकासखंड में मनेंद्रगढ़ शहर के सुरभि पार्क में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन भरतपुर सोनहत विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरो के मुख्य आतिथ्य में किया गया । मनेंद्रगढ़ विकासखंड में पहली बार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 50 जोड़ों की शादी संपन्न कराई गई । सफल आयोजन के लिए विधायक गुलाब कमरो ने महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी व एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर को बधाई देते हुए जमकर सराहना की । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित विवाह समारोह में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए पुरोहितों के द्वारा वैदिक रीति रिवाज व विधि विधान से सभी 50 जोड़ों का एक साथ गरिमा में माहौल में विवाह संपन्न कराया गया सभी जोड़े अग्नि के सात फेरे लेकर परिणय सूत्र बंधन में बंधे । एसडीएम मनेंद्रगढ़ नयनतारा सिंह तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना 2500 शुरू की गई थी पूर्व में प्रत्येक जोड़े को 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती थी लेकिन वर्तमान में यह राशि बढ़कर 25000 रुपए हो गई है । जिसमें 5000 रुपए श्रृंगार सामग्री के लिए जिसमें चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया, चांदी की अंगूठी आदि श्रृंगार सामग्री शामिल है। 14 हजार रुपये की गृहस्थी सामग्री एवं 1000 का ड्राफ्ट तथा 5000 रुपए विवाह की व्यवस्था में शामिल है। इस तरह से शासन द्वारा प्रत्येक जोड़े के विवाह में 25000 रुपए खर्च किए जा रहे हैं । वैदिक रीति रिवाज व विधि विधान से सभी 50 जोड़ों का विवाह संपन्न होने के उपरांत अपने उद्बोधन में विधायक गुलाब कमरो ने मुख्य अतिथि की आसंदी से सभी 50 नवविवाहित जोड़ों को अपनी बधाई, शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन



करने वाले परिवार का मुखिया जब उसकी बेटी बड़ी हो जाती है तो उसके विवाह की चिंता उसे सताने लगती है ऐसे में शासन की यह योजना उसके लिए वरदान से कम नहीं है शासन की योजना से गरीब परिवार की बेटी का विवाह हो जाने से परिवार की चिंताएं कम होती हैं । उन्होंने कहा कि मंगलमय खुशहाल जीवन होगा तो आर्थिक, सामाजिक व गांव का विकास होगा। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की भूपेश सरकार पूरी तरह से महिलाओं व किसानों के लिए काम कर रही है कोरोना काल में भी सरकार किसी को भी संकट में नहीं आने दिया और विकास की गति को आगे बढ़ाते रही! पूर्व की सरकार बड़ी बड़ी घोषणा की लेकिन धरातल पर कुछ नहीं किया कांग्रेस की सरकार जो योजना बनाती है उसे धरातल पर उतारने का काम करती है चुनाव में 36 वादे किए गए थे जिनमें 22 वादे पूरे कर दिए गए हैं । विधायक गुलाब कमरो ने सभी नवविवाहित 50 जोड़ों को अपनी बधाई शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दी एवं प्रत्येक वर को पांच सौ रुपए नगद एवं प्रत्येक वधु को एक साड़ी आशीर्वाद शुरू प्रदान किया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह ने 5100 रुपए, नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने 5100 रुपए, कृष्ण सोनी की तरफ से नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने 5 लीटर के 25 प्रेशर कुकर, समाजसेविका अनीता फरमानिया 5 लीटर के 25 प्रेशर कुकर, अग्रसेन महिला मंडल ने घरेलू उपयोग की की सामग्री, लायंस क्लब ने उपहार सामग्री, नगर पंचायत नई लेकर अध्यक्ष सरोज यादव ने 50 साड़ी, केवटी दुर्गा महिला बचत समूह ने 50 चांदी की अंगूठी, मां शारदा बचत समूह कठोतिया ने 50 थाली, भाजपा नेता लखनलाल श्रीवास्तव ने 50 टिफिन डब्बा सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं ने भी नवल जोड़ों को उपहार सामग्री प्रदान की है ।

## राजिम माघी पुन्नी मेला में लोक कलाकारों की होगी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राजिम माघी पुन्नी मेला के मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायकों और कलाकारों द्वारा राज्य के पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक और छत्तीसगढ़ वासियों के मन में रचे-बसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम के पहले दिन 27 फरवरी को शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक सुप्रसिद्ध नन्ही कलाकार आरू साहू की प्रस्तुति से मेला की रंगारंग शुरूआत हुआ। पहले ही दिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक उर्वशी साहू कृत मया के संदेश की प्रस्तुति हुआ। इसी तरह 11 मार्च महाशिवरात्रि तक प्रत्येक दिन दो कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को राज्य के कलाकार कुलेश्वर ताम्रकर एवं ममता चन्द्राकार द्वारा चिन्हारी की मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी। तीसरे दिन 01 मार्च को घनश्याम महानंद और महादेव हिरवानी प्रस्तुति देंगे। 02 मार्च को राम वनगमन गीत एवं संगीत की प्रस्तुति डॉ परदेशी राम वर्मा और संजय सुरीला , 03 मार्च को राकेश शर्मा एवं रिखी क्षत्रीय, 04 मार्च को ढोलामारू के रजनी रजक और सुर श्रृंगार सतरंगी के नीलकमल वैष्णव, 05 मार्च को चेतन देवांगन द्वारा पंडवानी और सुनील सोनी नाईट्स का आयोजन होगा। 06 मार्च को कलाकार जाकिर हुसैन और अल्का चन्द्राकर की प्रस्तुति होगी। 07 मार्च को राघव म्युजिकल ग्रुप और अनुराग धारा के माध्यम से कविता वासनिक प्रस्तुति देंगे। 08 मार्च को रेखा देवार और सुनील तिवारी के रंगझाझर, 09 मार्च को राम लखन नाच पार्टी के केवल राम और लोकरंग के दीपक चन्द्राकर, 10 मार्च को लोकमंच के हिम्मत सिन्हा और रंगझरोखा के दुष्यंत हरमुख, कार्यक्रम के समापन दिवस दिलीप षडंगी द्वारा जगराता एवं भूपेन्द्र साहू के रंग सरोवर का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# शिक्षिका को स्कूल के प्राचार्य कर रहा प्रताड़ित

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना काल में अपने शिक्षकीय दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के बाद भी एक शिक्षिका को स्कूल के प्राचार्य द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है प्रताड़ना से तंग आकर शिक्षिका ने सोशल मीडिया पर आकर न्याय की गुहार लगाई है .वहीं इस मामले में जब हमने जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता से चर्चा करना चाही तो उन्होंने फोन भी उठाना उचित नहीं समझा. प्रीति नामदेव, नामक शिक्षिका जो व्याख्याता ( भौतिक शास्त्र ) ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगोड़ी,विकासखंड सोनहत,जिला कोरिया (छत्तीसगढ) में 2017 से पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय के प्राचार्य अनिल सिंह और विद्यालय के स्टाफ के द्वारा मुझे कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है। मेरा गृह निवास कोरबा में है और मेरी पोस्टिंग यहां फिजिक्स के पद पर हुई है। इस कठिन समय में कोरोना काल की स्थिति में जब सभी विद्यालय बंद है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ,ऐसे में मेरे द्वारा प्रतिदिन पिछले 9 महीनों से ऑनलाइन क्लासेज पढ़ई तुहर दुआर के अंतर्गत कक्षा 12वीं और 11वीं की ली जा रही है। जिसमें प्रतिदिन पूरे छत्तीसगढ़ के लगभग 700 से 800 बच्चे मेरे द्वारा लिए जा रहे ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करते है और पढ़ते है। इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा बच्चों का ऑनलाइन टेस्ट और जनरल नॉलेज क्विज भी रखा जाता है, लेकिन हमारे विद्यालय के प्राचार्य मुझे ऑनलाइन क्लास लेने से मना करते है ,और कहते है, कि क्यों ऑनलाइन क्लास लेते हो, बंद कर दो। हमारे विद्यालय का समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक होता है। इसके बाद भी मैं शाम को प्रतिदिन कक्षा 12वीं और कक्षा 11वी की ऑनलाइन क्लासेज लेती हूं, यहाँ तक की रविवार को भी। विद्यालय के अन्य सभी शिक्षको के द्वारा भी मुझे टॉर्चर किया जाता है। जातिगत भेदभाव से लेकर दूसरे जिले से होने के कारण मुझ पर कई प्रकार से अभद्र टिप्पणी करते है और विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। मुझ पर ही कार्यवाही करते है। इस विद्यालय में सभी विषय के शिक्षक पदस्थ है, उसके बाद भी मुझे उनका विषय पढ़ाने के लिए जबरदस्ती दिया जाता है और जब मैं प्राचार्य से विनती करती हूं, कि मैं ये विषय नहीं पढ़ा पाऊंगी मुझे इसके स्थान पर विज्ञान विषय दे दीजिए तो मुझे नहीं दिया जाता और मेरी शिकायत उच्चाधिकारियों से ष्ठश्वह्र और एसडीएम से कर दी जाती है। मुझे इस स्कूल में पिछले 3 सालो से परेशान किया जा रहा हैं। इस स्कूल में इंग्लिश के व्याख्याता उमेश कुमार सेन और गणित विषय के व्याख्याता उमेश कुमार पटेल पदस्थ है। फिर भी मुझे पहले कक्षा 9वी और कक्षा 10वीं में इंग्लिश विषय पढ़ाने के लिए मजबूर किया गया, ये बोलकर कि अगर आप नही पढ़ाते है, तो आपका रिकॉर्ड खराब कर दिया जाएगा, आप परिवीक्षा अवधि में है और इस सत्र में जबसे स्कूल खुला तब से मुझे गणित विषय कक्षा 9 वी पढ़ाने के लिए जबरदस्ती दबाव बना रहे है। मैने प्राचार्य को लिखित सूचना देकर विनती की मुझे गणित विषय के स्थान पर विज्ञान विषय दे दीजिए, तो मेरी शिकायत उच्चाधिकारियों से कर दी गई। प्राचार्य के द्वारा मुझसे तू रे बे ये सब कहकर बात की जाती है और मेरे विरोध करने पर धमकी दी जाती है, कि तुझे मेरे स्कूल में रहना है, तो जो मैं कहूंगा वो करना पड़ेगा।

## हर्षोल्लास के साथ कर्णेश्वर मेला का हुआ शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी
www.dailypioneer.com



कर्णेस्वर मेला में माघ पूर्णिमा पर हजारों लोगों ने महानदी व बालका नदी के संगम में पुन्नी स्न्नान कर कर्णेस्वर महादेव का दर्शन लाभ लिया।शुक्रवार की मध्य रात्रि से ही दूर-दूर से आये सैकड़ों ग्रामीण जन, साधु संतों, देवी देवतायं अपने देव विग्रह सहित महानदी व बालका नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर कर्णेस्वर महादेव ,राम जानकी सहित विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया यह सिलसिला शनिवार दिन भर चलता रहा । कर्णेस्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट व प्रशासन ने पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करने में जुटी रही। शुक्रवार को दोपहर संगम स्न्नान घाट में ट्रस्ट ने प्रथम दीप दान किया व कर्णेस्वर महादेव की पूजा अर्चना से माघ पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ हुआ । रात्रि में इकबाल खान के भजनों से लोगों ने अच्छा लुत्फ लिया। रविवार को मड़ई है जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवता आंगा आदि अपने पूरे स्वरूप में अपनी उपस्थिति प्रदान कर परम्परा अनुसार मेले की परिक्रमा करेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि में लोकरंग अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी।कोरोना काल के बावजूद मेले में श्रद्धालुओं की संख्या हर साल की तरह बहुतायत रही । जिसके लिये ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता,संरक्षण कैलाश पवार, गगन नाहटा,नागेंद्र शुक्ला निकेश ठाकुर, शिव कुमार परिहार, योगेश साहू सचिन भंशाली,भरत निर्मलकरकैलाश प्रजापति,,कलम सिंह पवार,उत्तम साहू,कोमल श्रीमाली, रवि ठाकुर,कमलेश मिश्रा,भानेन्द्र ठाकुर, कुंदन साक्षी, रामलाल नेताम मोहन पुजारी,प्रकाश बेश सुकमन साहू महेन्द्र कौशल, ललित निर्मलकर,रामभरोसे साहू छबि ठाकुर सरपंच सचिन ठाकुर पंकज ध्रुव,शारदा ध्रुव,दिशा ध्रुव आरती ध्रुव, मिलेश्वर साहू ह्रदय साहू,आनंद अवस्थी पवन भट्ट,,सहित प्रशासन आदि जूट रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री किसानों के मसीहा पंडित शुक्ल की जयंती मनाई

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



शहर अध्यक्ष दिलीप सिन्हा के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं ने स्व.पं.श्यामाचरण शुक्ल के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी । साथ ही स्व. शुक्ल के आदर्शो एवं सिद्धांतों को अपने जीवन मे आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। स्व. शुक्ल को पूरे अविभाजित मध्य प्रदेश मे सिचाई एवं नहरों का जाल बिछाने, बड़े बड़े डैम एवं जलाशय के निर्माण करने श्रेय दिया जाता हैद्य स्व. शुक्ल को कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र और किसानो के हित मे किये गए कार्यो के कारण ही उन्हे किसानो का मसीहा कहा जाता है। जयंती कार्यक्रम मे आज विशेष रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी एवं अधिवक्ता नरेंद्र देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप सिन्हा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण हाफिज खान,शहर महिला अध्यक्ष ललिता सिन्हा, रामकुमार वर्मा, हरीश भाई ठक्कर,रमेश मेश्राम,वीरू यादव, हरमेश चावड़ा, केशु सिन्हा, विनोद राजपूत ,गजेंद्र साहू, अवध यादव,सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कवासी लखमा हुए शामिल**

# रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल रायपुर चैलेंजर्स ने जीत

दिलीप माहेश्वरी ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार के चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय कमलेश गर्ग की स्मृति में आयोजित रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जो दिनांक 5 फरवरी से लगातार 22 दिन तक चला जिसका आज 26 फरवरी को फइनल मैच रायपुर चैलेंजर्स एवं मयंक कुंभली इलेवन के बीच खेला गया। रायपुर चैलेंजर्स ने यह खिताब 20 रनों से जीत कर अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा एवं उनके साथ बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने की एआयोजन समिति के सदस्य द्वारारु रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल रायपुर चैलेंजर्स ने जीता। बलौदा बाजार के चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय कमलेश गर्ग की स्मृति में आयोजित रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जो 5 फरवरी से लगातार 22 दिन तक चला जिसका आज 26 फरवरी को फइनल मैच रायपुर चैलेंजर्स एवं मयंक कुंभली इलेवन के बीच खेला गया। रायपुर चैलेंजर्स ने यह खिताब 20 रनों से जीत कर अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा एवं उनके साथ बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने





की एआयोजन समिति के सदस्य द्वारा हजारों दर्शकों की मौजूदगी में श्री त्रिवेदी का जन्मोत्सव इस मैदान पर आतिशबाजी के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। समिति के सदस्य लखेश साहू के भी जन्मदिन पर उन्हें भी बधाई दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्माए पूर्व विधायक जनक राम वर्माए जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, रायपुर जिला के अध्यक्ष वर्माए जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय विद्या भूषण शुक्ला एवं दिनेश यदु ए जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदुए चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्वर्गीय कमलेश गर्ग जो एक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सरपंच था जो अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उसकी स्मृति में इतना बड़ा आयोजन जिसमें इतनी बड़ी संख्या में बलौदा बाजार के नागरिक एवं दर्शक उपस्थित हुए हैं एनिश्चित रूप से गर्ग की आत्मा जो ऊपर से देख रही है उन्हें खुशी मिल रही होगी। उन्होंने आगे कहा कांग्रेस सरकार ही वह सरकार है जिन्होंने सबसे पहले छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया। और अब छत्तीसगढ़ में गोबर खरीदी का कार्य भी प्रारंभ किया है जो कि पूरे विश्व में सबसे अनूठा है। गोबर खरीदी से गौ पालकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार द्वारा की गई है। प्रदेश में नरवा गरवा घुरवा बाड़ी जैसी योजना के साथ.साथए युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ए खेलबोए जीतबो गड़बो नवा छत्तीसगढ़ का भी शुभारंभ किया है । आयोजन समिति की ओर से जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष द्वय रूपेश ठाकुर एवं विक्रम गिरी तथा गंभीर सिंह ठाकुर ने संयुक्त रुप से मुख्य अतिथि एवं उनके साथ आए अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजक गण के सदस्य हितेंद्र सिंह ठाकुर, रूपेश सिंह ठाकुर, विक्रम गिरी, गंभीर सिंह ठाकुर, संजीव सिंह, लखेश साहू मनोज प्रजापति एवं अन्य लोगों को सम्मानित किया गया । नवा अंजोर सामाजिक संस्था की अध्यक्षा अर्चना ठाकुर द्वारा भी सफ ल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन संदीप पांडे द्वारा किया गया।

उपविजेता का खिताब मयंक कुंभली को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम के रूप में डमरु इलेवन को पुरस्कृत किया।
मैन ऑफद सीरीज बासीन इलेवन के पिंटू को दिया गया।
कुंबली के कप्तान घनश्याम को सर्वश्रेष्ठ कैच एवं सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण के लिए पुरस्कृत किया गया। सिमगा इलेवन के किशन लहरी को बेस्ट बैट्समैन एवं तोरई इलेवन के बबलू मलिंगा को सर्वश्रेष्ठ बॉलर का पुरस्कार मिला। एवं प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ ड्रेस कोड वेशभूषा के लिए निषाद इलेवन टीम बलौदाबाजार को अविनाश मिश्रा के द्वारा 5100 का पुरस्कार दिया गया।

संपादकीय

# राहुल की टिप्पणी कांग्रेस की बढ़ी मुश्किल

**केवल** राहुल जानते होंगे कि केरल में की गई उनकी टिप्पणी अकस्मात कही बात थी या सुविचारित कार्रवाई। लेकिन इससे कांग्रेस और राहुल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाल में केरल में एक रैली में राहुल ने कहा था, 'पिछले 15 साल मैं संसद में उत्तर भारत का सदस्य रहा जिससे मैं अलग किस्म की राजनीति का आदी हो गया था। मेरे लिए केरल आना ताजा हवा की तरह था क्योंकि अचानक मुझे लगा कि यहां लोग मुद्दों में न केवल सतही, बल्कि गहरी दिलचस्पी लेते हैं।' यह बात मतदाताओं के विवेक पर छोड़ना ठीक रहेगा कि इससे आगामी चुनावों में 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' को लाभ होगा या हानि, पर राहुल के नवीनतम बयान से भाजपा को कांग्रेस पर हमले का नया हथियार मिल गया है। ईमानदारी से कहा जाए तो राहुल विभाजनकारी राजनीति के बयान नहीं देते हैं, वे सीधी-सीधी बात करते हैं और इससे वे संकट में फंस जाते हैं। अन्य राजनीतिक पार्टियों के सूचना प्रौद्योगिकी-आईटी सेलों के कारण उनके बयान अक्सर मजाक का विषय बन जाते हैं। वे लगातार सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि राहुल में नेता 'बनने' की कोई क्षमता नहीं है और वे भावी प्रधानमंत्री नहीं हो सकते हैं। लेकिन यदि यह बयान सोच-विचार कर दिया गया हो तो उनको अपने सलाहकार बदलने पर विचार का समय आ गया है। यदि शब्दों के चयन में थोड़ी सावधानी बरती जाती तो उन्होंने जो कहा, उसे बिना विवाद पैदा किए कहा जा सकता था।

सतही तौर से देखने पर ऐसे बयानों में कुछ भी अनुपयुक्त नहीं है, जब तक उनमें निहित अर्थ न तलाशे जाएं। लेकिन ऐसी विकृतियां राजनीति में सामान्य हैं और यदि राहुल इनसे अनजान हैं तो यह उनकी गलती है। कहावत है कि 'राजनीति का अर्थ अवसरों का प्रयोग है'। इससे वरिष्ठ भाजपा नेताओं को यह कहने का अवसर मिल गया कि राहुल केरल चुनाव में लाभ पाने के लिए विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। ऐसे देश में राहुल की टिप्पणी पर ज्यादा शोर शराबा उचित नहीं है जहां नेता रोज नीचे गिरते हैं और फिर दावा करते हैं कि उनके कहने का यह अर्थ नहीं था। आजम खान के 'खाकी अंडरवियर' या एक वरिष्ठ नेता के इस बयान की याद दिलाने से हमारा सिर शर्म से झुक जाता है कि 'लड़के कभी-कभी गलतियां कर देते हैं। बलात्कारियों को फांसी देना गलत है।' लालू यादव की यह टिप्पणी भी थी कि 'बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसी चिकनी बना दिया जाएगा।' राहुल ने अब बंगाल में वाम-कांग्रेस संयुक्त रैली रद्द कर दी है क्योंकि शायद वे केरल पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। इसका कारण यह है कि टीएमसी व भाजपा में सीधी लड़ाई वाले पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की संभावनायें ज्यादा कमजोर होने के कारण वे दक्षिणी राज्यों पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। राहुल के संकट में फंसने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उचित सलाह दी है। कपिल सिब्बल ने कहा है कि 'मतदाताओं के विवेक का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि वे ही जानते हैं कि किसे और क्यों वोट दिया जाना चाहिए।' आश्चर्य है कि ऐसे समझदार, संतुलित और परिपक्व नेताओं की उपस्थिति के बावजूद राहुल उनकी सलाह नहीं लेते हैं और अपने बयानों के कारण संकट में फंस जाते हैं। हो सकता है कि इसका कारण कांग्रेस में व्याप्त आंतरिक विभाजन हो। इसके बारे में कांग्रेस को ही निर्णय करना होगा।

# पश्चिम बंगाल या दूसरा बांग्लादेश

## राज्यों में चुनाव के पहले लोगों की सोच में बड़ा परिवर्तन आता है। सर्वाधिक सेक्युलर लोगों को भी डर है कि बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन सकता है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**पश्चिम बंगाल इस समय खबरों में छाया हुआ है जिसका कारण खासकर विधानसभा चुनाव है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के प्रतिबद्ध आक्रमण के खिलाफ अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पश्चिम बंगाल का चुनाव अब नाटकीय रूप से ममता के खिलाफ स्पष्ट असंतोष की लहर में बदल गया है। तेजी से बदलता यह परिदृश्य 2021 विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल की राजनीतिक यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।**

**ड्यूक** विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले तुर्क-अमेरिकी अर्थशास्त्री तिमूर कुरियन के अनुसार, इस्लाम का व्यवहार बिजनेस प्रगति में बाधा डालता है और आर्थिक प्रगति या विकास में सहायक नहीं होता है। सूदखोरी पर प्रतिबंध इसका एक उदाहरण है। इससे पता चलता है कि इस्लामी समाज आर्थिक रूप से उत्पादक क्यों नहीं बने। इसी कारण संसाधनों की तलाश में वे दूसरे देशों की जमीनें जीतने के आदी हो गए। बांग्लादेश के सामने एक और संकट था। शताब्दियों से भद्रलोक बंगाली बिजनेस-संचालक के बजाय विशाल जमीनों के मालिक थे। बांग्लादेशी संस्कृति का विकास बंगाली भद्रलोक से हुआ है। इस्लाम राजनीति समेत जीवन के लिए समग्र दिशानिर्देश देता है और कुरान उसका अंतिम संदर्भ बिंदु है। कोई भी मुस्लिम शासक इस रास्ते से अलग नहीं हट सकता है। आदर्श रूप से जम्हूरियत या लोकतंत्र समाधान है, जबकि राजतंत्र, स्वेच्छाचारी शासन या कुलीनतंत्र ऐसे विकल्प हैं जो लोकतंत्र के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ते हैं। हालांकि, शेख हसीना वाजिद चुनाव लड़ती हैं। वे चार कार्यकाल प्राप्त करने में सफल रही हैं तथा तुलनात्मक रूप से सेक्युलर व बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए भारत के प्रति एहसानमंद हैं। उनकी पूर्ववर्ती बेगम खालिदा जिया ऐसी नहीं थीं। खालिदा के पति जियाउर रहमान लगभग पाकिस्तान-समर्थक तथा पैगंबर मुहम्मद के वारिस मुस्लिम अशराफ थे। लेकिन शेख हसीना के राजनीति से अलग होने या सत्ता छोड़ने पर क्या होगा? क्या देश की विदेश नीति में खासकर भारत को देखते हुए परिवर्तन होगा?

बंगाल के हिंदू भद्रलोक द्वारा हिंदू राजनीतिक विचारधारा की स्थापना आश्चर्यजनक है। राजनारायण बोस ने 'हिंदुत्व' शब्द को जन्म दिया था या उन्होंने कम से कम पहली बार 1863 में इसका प्रयोग किया था। वे योगी अरविंद घोष के बाबा थे। हिंदू अनुशीलन समिमि की स्थापना केवल बंगाल में हुई और वह वहीं काम करती थी। महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर उसके प्रमुख स्तंभ थे। 1905 में बंगाल के विभाजन के खिलाफआंदोलन का नेतृत्व मुख्य रूप से योगी अरविंद ने किया था और टैगोर ने इसका सक्रिय समर्थन किया था। बंगाली पुनर्जागरण एक हिंदू परिघटना थी। राजा जार्ज पंचम द्वारा बंगाल का विभाजन समाप्त कर 1911 में दिल्ली दरबार करने से हिंदू दृष्टिकोण नरम पड़ा तथा हिंदू-मुस्लिम सद्भावना केन्द्र में आ गई। यह बंगाल में तथाकथित सेक्युलरवाद की शुरुआत थी। बंगाली भद्रलोक ने मुसलमानों के प्रति अपने व्यवहार पर खेद प्रकट करना शुरू किया। उन्होंने मुस्लिम ग्रामीणों को शादियों में आमंत्रित किया, हालांकि उसे भोजन के लिए अलग बैठाया और खाने के बाद अपनी थाली साफकरने को कहा। यह केवल एक उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के उभार के साथ हिंदु-मुस्लिम सद्भाव मित्रता की ओर बढ़ा। कृषक पार्टी के मध्यमार्गी नेता फजलुर रहमान बंगाल के प्रमुख बने और यह सेक्युलर प्रवृत्ति जारी रही। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी के बड़े भाई शरद बोस, फजलुर रहमान व सर अब्दुल रहीम एक तीसरे आयाम की संभावनायें खोज रहे थे जिसमें हिंदुस्तान व पाकिस्तान के साथ अविभाजित बंगाल भी था। स्वतंत्रता के बाद नेहरूवादी सोच तथा वोटबैंक के कारण मुस्लिमों के तुष्टीकरण ने इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। विभाजन ने अनेक हिंदुओं को उखाड़ दिया, जबकि बंगाल में मुसलमानों के सामने कोई असली समस्या फौरन व बाद में भी नहीं आई। स्थिति यहां तक बिगड़ी कि आरएसएस, हिंदू महासभा या जनसंघ के साथ जुड़ाव को कमतर माना गया। कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन होने के बाद हिंदू राजनीतिक आंदोलन कोई लोकप्रिय नेता नहीं तैयार कर सका। जनसंघ नेता हरिपद भारती का बहुत सम्मान था, पर जनता में उनके प्रति व्यापक आकर्षण नहीं था। इससे सेक्युलर राजनीति जारी रही तथा वोटों के कारण बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को बढ़ावा मिला।

लेकिन आखिरकार बंगाली हिंदू के दिमाग से इस्लामवादी भूत उतर गया। स्पष्ट रूप से एक क्रान्तिकारी परिवर्तन हो रहा है जिसकी प्रतिक्रिया सीमापार बांग्लादेश में भी दिख सकती है। विधानसभा चुनाव निकट आने के साथ पश्चिम बंगाल में लोगों की सोच में असाधारण परिवर्तन आ रहा है। दशकों बाद यह सचमुच परिवर्तनकारी है। पश्चिम बंगाल ने भद्रलोक ने उसके अपने शब्दों में 'हिंदी हृदयप्रदेश पार्टी' के प्रभुत्व का विरोध किया था, अपने स्पष्ट सेक्युलर दृष्टिकोण पर गर्व किया था तथा धार्मिक पहचान पर बंगाली पहचान हावी थी। लेकिन धार्मिक अल्पसंख्यकों पर ज्यादा ध्यान न देने के कारण सर्वाधिक उग्र जिहादीवादी तत्वों ने निश्चित रूप से बंगाली सोच बदली है। आज अधिकांश सेक्युलर सोच वाले लोगों को भी भय है कि उनका राज्य एक और बांग्लादेश बन सकता है। पश्चिम बंगाल में बदलती राजनीतिक सोच का पहला संकेत 2019 के लोकसभा चुनाव में दिखा जब भाजपा ने 42 संसदीय सीटों में से 18 पर विजय पाई। तेजी से बदलता यह परिदृश्य 2021 विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल की राजनीतिक यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है जिसका प्रभाव राज्य के बाहर भी होगा।

पश्चिम बंगाल इस समय खबरों में छाया हुआ है जिसका कारण खासकर विधानसभा चुनाव है। भारतवर्ष इस समय एक कटु संघर्ष देख रहा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के प्रतिबद्ध आक्रमण के खिलाफ अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पश्चिम बंगाल का चुनाव अब नाटकीय रूप से ममता के खिलाफ स्पष्ट असंतोष की लहर में बदल गया है। सामान्य रूप से मंत्री तथा कद्दावर नेता चुनाव के पहले पार्टी छोड़ कर विपक्ष में नहीं शामिल होते हैं, जैसा कि बंगाल में हो रहा है। लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण परिवर्तन बंगाली सोच में आया है। बंगाली जनता अपनी स्वेच्छा से 'भारत' के साथ ज्यादा मजबूती से जुड़ना चाहती है।

# कोविड-19 से उद्यमियों को मिले सबक

**"शांत होना महत्वपूर्ण है, तर्कसंगत रूप से सोचें और निर्णय लें जो आपके कार्य वातावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।"**




**प्रीतिका सिंह**
(लेखिका एक अस्पताल की सीईओ हैं)

**वर्ष** 2020 और इस पर हावी होने वाले कोरोनावायरस का प्रकोप हर किसी को पीछे खींच दिया, चाहे वह काम हो या जीवन। हालांकि, सामाजिक के मुकाबले छूत का आर्थिक प्रभाव अधिक महसूस किया गया। महामारी के वित्तीय निहितार्थ हर किसी को एक उलझन, उलझन और सोच में थे, क्या मैं इससे पार पाऊंगा? क्या मैं बचूंगा? इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यवसायों, काम, व्यक्तिगत मामलों पर घर में एक टोल लिया और सभी को प्रश्न किया और उनकी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार किया और फिर उन्हें अस्तित्व की स्थिति में डाल दिया। प्रकोप से मिले प्रमुख सबक में से एक, विशेष रूप से उद्यमियों के प्रमुख संगठनों के लिए था, अपने मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करें। यही एक प्राथमिकता है। यदि आपके मन में शांति है, तो बाकी सब कुछ गिरने के बावजूद, आपके चारों ओर गिरते हुए, आधी लड़ाई जीत ली जाती है। शांत होना, तर्कसंगत रूप से सोचना और निर्णय लेना जो आपके स्वास्थ्य और आपके कार्य के वातावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

देश में महामारी की चपेट में आने से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र चरमरा गया। अस्पताल के अन्य स्टाफ के रूप में डॉक्टरों और नर्सों को ओवरवर्क किया गया था। लोग दहशत की स्थिति में थे। हालांकि, यदि आप प्रवाह की निरंतर स्थिति में हैं, तो कुछ पर काबू नहीं है। किसी संगठन का मार्गदर्शन करने वाले नेताओं के लिए यह विशेष रूप से सच है। उन्हें वास्तविकता के साथ पकड़ में आना होगा कि महामारी लंबे समय तक रहेगी और काम करने और आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका कर्मचारियों के साथ पारदर्शी होना है, उन्हें बाहर सुनना, उनके इनपुटों को महत्व देना और उनकी देखभाल करना है।

हमारे जीवन में जो सबसे बड़ा बदलाव आया, वह था सामाजिक दूरी बनाए रखने की जरूरत, जिसने घर से काम की संस्कृति (डब्ल्यूएफएच) को जन्म दिया।




कोरोनोवायरस रोगियों के साथ अस्पताल ओवरफ्लो हो रहे थे और चिकित्सा पेशेवर रोगियों के अलावा लोगों के साथ लगातार संपर्क में थे। अधिकांश चिकित्सा सुविधाओं के लिए प्रशासनिक कर्मचारियों में कटौती करना और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए डब्ल्यूएफएच को अनुमति देना महत्वपूर्ण था। इस कदम ने डॉक्टरों और नर्सों को मुफ्त में आंदोलन दिया, त्वरित निर्णय लेने में सक्षम हुए और इसके परिणामस्वरूप बारी-बारी से बदलाव हुए। एक अस्पताल के सीईओ के रूप में, लोगों को दो भूमिकाओं के अनुकूल और अतिरिक्त कार्यभार को अधिक कुशलता से और तेज़ी से देखना आश्चर्यजनक था। इसने एहसास दिलाया कि महामारी से सबसे बड़ी सीख थी घर से काम करना। इसने हमारे मानव के रूप में कार्य करने के तरीके को बदल दिया और उस समय और प्रयास को महत्व दिया जो किसी और को लगाता है। इसने दक्षता भी बढ़ाई और कर्मचारियों और उनके परिवारों को सुरक्षित रखा।

नेताओं के लिए भी एक सबक था। यदि आप एक संगठन के प्रमुख होने पर कठोर लेकिन परोपकारी निर्णय लेते हैं, तो लोग आपको अधिक महत्व देते हैं, आपका सम्मान करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी सफल हो। जनशक्ति और लागत में कटौती करना कभी समाधान नहीं है। कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है, न केवल अच्छा वेतन और, कर्मचारी शीर्ष नेतृत्व के दृष्टिकोण के आधार पर एक कंपनी चलाते हैं। एक और सबक जो छूत ने हमें सिखाया था वह यह था कि महिलाएं, जो हमेशा समाज में एक स्थिर और शांत कारक रही हैं, एक आपात स्थिति से निपटने में समान रूप से माहिर हैं। इस महामारी के दौरान, महिला कोविद योद्धा, सीमावर्ती कार्यकर्ता, कार्यालय जाने वाले, गृहिणी और सरकारी कर्मचारी इस अवसर पर पहुंचे और कुछ मामलों में सामने से अग्रणी थे। अंत में, प्रौद्योगिकी मानव जाति के बचाव में आ गई है क्योंकि हमें अपने काम करने के तरीके को बदलने, दस्तावेजों को संभालने, प्रक्रिया की जानकारी, बैठकों, सेमिनारों और यहां तक कि स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मजबूर किया गया है।

इसके साथ यह भी महसूस करना होगा कि भले ही हम अभी इस स्थिति में हैं, यह बदल जाएगा और चीजें वापस सामान्य हो जाएंगी। लेकिन अभी के लिए, हमें इस तथाकथित नए सामान्य सीखने और उसके अनुकूल होने की आवश्यकता है। उद्यमियों, विशेषकर महिला नेताओं को इससे सीखना और बढ़ना है।

## फरमाया



**पीएम** मोदी के नेतृत्व में असम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विकास का एक नया दौर प्रारम्भ हुआ है। सरकार ने इस क्षेत्र को भारत का वृद्धि वाहक बनाने का काम शुरू कर दिया है।

– **अमित शाह**
गृहमंत्री



**यदि** अखिलेश यादव ने सबकुछ किया था तो फिर जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया? समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनावों में क्यों मात खा गई?

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**पिछले** तीन महीनों में घरेलू गैस के दाम 200 रुपए बढ़े जबकि पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपए पहुंच रहे हैं। मोदी सरकार अरबपतियों के लिए काम कर रही है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## मुख्यमंत्री की बात

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों के आचरण की आलोचना करते हुये सख्त प्रेरक टिप्पणियां किया। विधान सभा मे हंगामा, जोर जोर से चिल्लाकर और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वालो की तारीफ कोई नही करेगा।मुख्यमंत्री ने ऐसे नेताओं को नसीहत देते हुए कहा। जो जिस भाषा मे समझेगा। उसे उसी भाषा मे जवाब दिया जाएगा।लोकतंत्र में अच्छी चीजों को स्वीकारा जाता है और बुरी चीजो को नकारा जाता है। बुरी चीजो को परिपाटी मानकर और भी उसे कैसे बुरा बनाया जाए।यह लोकतंत्र के लिये अशुभ संकेत है। संसद हो या विधानसभाओ में विपक्ष द्वारा जो आचरण किया जाता है।देश के हित मे नही है और न देश के लोकतंत्र के लिये उचित है। हमारे देश के राजनेता केवल सरकार के हर कार्य की आलोचना ,हंगामा और विरोध करके सत्ता प्राप्त करने का सपना देखते है। जबकि जागरुक जनता नेताओ को चुनावों में सबक सिखा देती है। फिरभी सड़क और सदन में हंगामा होता है। देश को 6वर्षो में वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

– **कुलदीप मोहन**, जरगांव उन्नाव

## सोशल मीडिया पर अंकुश

**वर्तमान** दौर में हमारी युवा पीढ़ी, और छोटे बच्चे सोशल मीडिया से इतनी बुरी तरह से प्रभावित है कि उन्हें यह भी नही भान होता कि मोबाइल , वाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, आदि के अलावा भी पारिवारिक, सामाजिक जीवन है। शायद ही कोई घर हो जहां बच्चे अधिकांश समय वाट्सअप फेसबुक में समय नही बिताते हों। समाचारों के आधार पर सोशल मीडिया, ओटीटी, न्यूज पोर्टल्स के लिए केंद्र ने गाइड लाइन जारी की। आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कम से कम 5 वर्ष की जेल होगी। अक्सर सोशल मीडिया पर लोग ऐसी सामग्री डाल देते है जो हमारी संस्कृति सभ्यताओं के खिलाफ और इंसानियत के खिलाफ होकर शर्मनाक होती है। जिसका समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। और युवावर्ग में भटकाव भी आता है। सोशल मीडिया पर अब अनुशासन मानना बेहद जरूरी होगा। केंद्र सरकार की गाइडलाइंन के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी आपत्तिजनक पोस्ट की शिकायत मिलने पर 24 घण्टे में हटाना होगा। समाज के लोगों को भी सोचना होगा कि देश की एकता अखंडता, सामाजिक व्यवस्था, यौन शोषण , बाल शोषण अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों को डालने से पहले सोचे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## तैयारी में जुटें विद्यार्थी

**हर** वर्ष की भांति, इस वर्ष भी बोर्ड के विद्यार्थी तैयारी के रथ पर सवार होकर, अपने मंजिल की ओर निकल रहे हैं। पिछले वर्ष महामारी के कारण पैदा हुए बुरे हालात, अब लगभग सही दिशा में बढ़ गए हैं। हमेशा से अभिभावक बच्चों के भविष्य के लिए तत्पर और चिंतित रहे हैं, जिससे कि विद्यार्थियों का सपना पूरा हो सके। दसवीं के विद्यार्थी के लिए जहां ये पहलीबार बोर्ड परीक्षा में शिरकत करना होगा तो वहीं बारहवीं के छात्रों के लिए, आईआईटी और नीट जैसे परीक्षाओं को भी क्लियर करना आसान नहीं होगा।हालांकि मौका अच्छा है सभी विद्यार्थियों के लिए, वे अपना हरसंभव प्रयास करें और अपनी तैयारी को सफलता के मुकाम तक पहुंचाएं। अब तो सीबीएसई बोर्ड ने भी परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं, उम्मीद है आईसीएसई एवं राज्य बोर्ड भी जल्द ही घोषित कर देंगे। अब सभी छात्रों को ये मानकर परीक्षा की तैयारी में पुरजोर जुट जाना चाहिए कि परिणाम घोषित होने पर, ये महसूस न हो शायद थोड़ा और मेहनत कर दिए होते तो और अच्छा होता।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

## क्विक न्यूज

### 1 अप्रैल से जन्म-मृत्यु का ऑफलाइन पंजीयन बंद

**कवर्धा।** जिले में जन्म और मृत्यु के प्रकरणों का ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा और अस्पतालों के द्वारा अभी तक हार्डकापी में पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। भारत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा द्वारा सभी पंजीयन इकाई के रजिस्ट्रारों को निर्देशित किया गया है कि 1 अप्रैल 2021 से प्रत्येक प्रकरण का भारत शासन द्वारा निर्धारित साफ्टवेयर के माध्यम से पंजीयन करना अनिवार्य है। जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी अधिकारी एवं जिला रजिस्ट्रार श्री सुदर्शन कुर्रे ने बताया कि महा रजिस्ट्रार भारत शासन निर्देशानुसार जन्म और मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण का साफ्टवेयर में एण्ट्री कर आनलाईन पंजीयन उपरान्त प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा जिले में समस्त ग्राम पंचायतों और शासकीय चिकित्सायों के रजिस्ट्रारों को निर्देशित किया गया है कि जिले में 1 अप्रैल 2021 से आफलाईन पंजीयन का कार्य पूरी तरह बंद कर आनलाईन पंजीयन ही किया जाए।

# पाटेश्वर सेवा संस्थान सिर्फ धार्मिक आस्था का ही केंद्र नहीं बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने और संस्कार भी कर रहा प्रदानः राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



प्रदेश की राज्यपाल अनुसुईया उइके शुक्रवार को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के ग्राम बड़ा जुंगेरा स्थित श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शरीक हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सदियों से बाबा पाटेश्वर का आशीर्वाद इस क्षेत्र को मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों पहले महंत श्रीराम जानकीदास महात्यागी यहॉं पधारे थे और उन्होंने यहॉं के स्थानीय निवासियों के सहयोग से यहॉं इतना अच्छा आश्रम विकसित किया था। हमारा समाज संस्कारों तथा परम्पराओं से जुड़ा हुआ है। सदियों से यह माना जाता रहा है कि जहॉं पर जैसा कार्य किया जाता है, वहॉं का वातावरण उसके अनुरूप हो जाता है। आज पाटेश्वर सेवा संस्थान में आकर इसकी अनुभूति हो रही है।राज्यपाल उइके ने कहा कि इस स्थान पर आते ही प्राकृतिक सौंदर्य भी देखने को मिलता है। पाटेश्वर सेवा संस्थान प्रकृति से तादम्य स्थापित करने और समाज में एकता और सद्भाव तथा सामाजिक समरसता का संदेश प्रदान कर रहा है। यह संस्थान सिर्फ धार्मिक आस्था का ही केन्द्र नहीं है, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने और संस्कार भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इनके कार्यो से यह संदेश मिलता है कि जो भी देव और संत महात्मा इस भूमि में अवतरित हुए उनका लक्ष्य मानव सेवा था और उसी कार्य को आजीवन करते रहे, भले ही उनके तरीके अलग-अलग रहे हों। राज्यपाल उइके ने कहा कि अभी कोरोना का संकट समाप्त नही हुआ है। सावधानियॉं रखें और मास्क जरूर लगाए। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार द्वारा सभी लोगों से आग्रह किया गया था कि जब भी भीड़भाड़ में जाए तब मास्क अवश्य लगाए और समय-समय पर हाथ धोते रहें, ताकि इस संक्रमण से बचा जा सके। उन्होंने कोरोना संकट के समय समाज सेवा के लिए कार्य करने वाले तथा अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले वालिंटियर्स, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस प्रशासन, मीडिया को धन्यवाद और शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को सांसद मोहन मंडावी ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण श्रीराम बालकदास महात्यागी ने दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित अपर कलेक्टर डॉ. एके बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी आदि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**प्रतीक चिन्ह भेंट कर एडीएम और एएसपी पोर्ते का किया सम्मान-** इस दौरान श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिले के अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी और एएसपी डीआर पोर्ते को राज्यपाल अनुसूइया उइके ने अपने हाथों से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ के लोग बेहद सरल और सहज : राज्यपाल

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जंगल के बीच बना यह आश्रम बहुत ही सुंदर और नेचुरल है। इस आश्रम की सुंदरता और यहां बन रहे मंदिर और यहां के लोग कैसे कार्य करते हैं। इन्हीं सब को देखने मैं आज यहां आई हूं। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि लोगों के पास जाकर उनसे मिलना और उन्हें समझना उन्हें बेहद पसंद है। जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ की तारीफ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग बेहद सरल और सहज हैं। इनसे आसानी से बातचीत की जा सकती है। यही वजह है कि वह हर जगह स्वयं जाकर उनसे मिलकर उन्हें समझती है, साथ ही आश्रम के मूलभूत सुविधा और तमाम चीजों की मांग को देखते हुए उन्होंने स्थानीय प्रशासन को दिशा निर्देश भी दिए। मीडिया से बातचीत के दौरान राज्यपाल ने कहा कि यहां लोगों को कैसे रोजगार मिले महिलाओं को युवाओं को इस बात को भी देखना बेहद जरूरी है।

# हाथ पीले होने से पहले रोका बाल विवाह



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड एवं थाना साजा के ग्राम जगन्नाथपुर (पंचायत परसबोड) के एक परिवार मे 14 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह ग्राम के ही एक युवक के साथ किये जाने की सूचना पर जिला महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के निर्देश व जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में विभाग की पर्यवेक्षक, जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता, आउटरीच वर्कर, चाईल्ड लाईन बेमेतरा, पुलिस विभाग थाना साजा के अरक्षक ग्राम के सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय कोटावार तथा प्रबुद्ध नागरीको की सहायता से उन बालक व बालिका के निवास स्थान पर पहुंचकर वर-वधु पक्ष को सझाईश दी। जिस पर उनके द्वारा सहर्ष ही बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की एवं उपस्थित जनों के समक्ष बलिका को उसके पिता के द्वारा संरक्षण मे लिया गया। अधिकारियों द्वारा समझाईश दिये जाने पर उन्होने उक्त बालिका का विवाह 18 वर्ष के उपरांत किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया तथा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका व 21 वर्ष से कम आयु का बालक का विवाह करना या करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है,तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

# कुष्ठ रोगी खोज अभियान के लिए निकुम व धमधा ब्लॉक में 4 मार्च से शुरु होगा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने की दिशा में पाटन ब्लॉक की तर्ज पर आगाज-2021 ÷स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान ÷ निकुम व धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में सर्वे किया जाएगा। ग्राम पंचायतों का वार्ड स्तर पर माइक्रो प्लान बनाकर प्रत्येक ग्राम सभा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एन.एम.ए., मितानिन, मितानिन ट्रेनर, एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। निकुम ब्लॉक के 73 ग्राम पंचायतों में सर्वे के लिए 282 टीम को ट्रेनिंग दी जाएगी। वहीं धमधा ब्लॉक के 119 ग्राम पंचायतों में सर्वे के 313 टीमें बनाई गई हैं। घर-घर कुष्ठ सर्वे के लिए 4 मार्च से 12 मार्च तक निकुम व धमधा ब्लॉक में सर्वे टीम को प्रशिक्षित करने एनएमए व एनएमएस द्वारा कुष्ठ रोगी की खोज के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। पाटन ब्लॉक में परिवार के मुखिया के द्वारा प्रत्येक सदस्यों की कुष्ठ रोग की जांच की गई। जिससे अभियान को भारी सफलता मिली। इसके बाद अन्य ब्लॉकों में भी कुष्ठ रोगी की खोज अभियान शुरु किया जा रहा है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया, जिले में कुष्ठ रोगियों के खोज में अप्रेल 2020 से 13 फरवरी 2021 तक सर्वे में 302 नए रोगियों की पहचान की गई जिसमें 169 पीबी व 133 एमबी के थे। जिलेभर में कुष्ठ पीड़ितों के क्लोज संपर्क में आने वाले लोगों से हेल्दी कांटेक्ट कर 14 नए रोगी खोजे गए। इनमें से 3 रोगी दुर्ग नगर निगम के शहरी क्षेत्रों में मिले हैं। डॉ शुक्ला ने बताया परिवार के मुखिया से प्रत्येक परिवार में कुष्ठ के दर्द रहित दाग धब्बों की पहचान कराने से कुष्ठ के छिपे हुए मरीज सामने आएं हैं।

# प्रशासक के निर्देश पर निगम अधिकारी कर रहे हैं मॉर्निंग विजिट

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं प्रशासक डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट पर अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं! जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर पहुंचे वहां उन्होंने तेलहानाला का सफाई कार्य एवं दाई-दीदी क्लिनिक का निरीक्षण किया। विगत 6-7 दिनों से तेलहानाला का सफाई कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निगम क्षेत्र अंतर्गत तेलहानाला की शुरुआत होने वाले क्षेत्र वार्ड क्रमांक 38 शहीद वीर नारायण सिंह नगर से नाला की सफाई अभियान की शुरुआत की गई है, निरंतर सफाई करते हुए वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर तक सफाई टीम पहुंच चुकी है। आगे इस नाला की सफाई शिवाजी नगर जोन के अंतर्गत आने वाले अंतिम सीमा क्षेत्र करुणा अस्पताल तक की जाएगी! जोन आयुक्त ने उपस्थित रहकर नाला सफाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से पूछा कि पूर्ण रूप से कब तक नाला की सफाई कर दी जाएगी इस पर स्वच्छता कर्मचारियों ने 20 दिवस के भीतर सफाई कार्य पूर्ण करने की जानकारी दी! तेलहानाला की सफाई के लिए 26 सफाई कर्मचारियों को इस कार्य पर लगाया गया है! जहां भी नाला की सफाई के लिए जेसीबी की आवश्यकता होती है वहां जेसीबी के माध्यम से सफाई कराई जा रही है!

# ग्रामीणों को दी गई बाल अधिकार संरक्षण की विस्तृत जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बाल अधिकार संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आमजनता के बीच पहुंचे। महिला एवं बाल विकास विभाग बाल संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बटुराकछार कोदवा महली और पिपरिया में जागरूकता कार्यक्रम कर आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 लैगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, विकासखंड एवं पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चें बाल श्रमिक बाल भिक्षावृत्ति अपशिष्ट संग्रहण मे लिप्त बच्चों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने, बाल विवाह रोकथामं गुड टच बेड टच किशोर न्याय बोर्ड बाल कल्याण समिति बालगृह दत्तक ग्रहण अभिकरण फॉस्टर केयर एवं बाल अधिकार संरक्षण की विस्तृत जानकरी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर, बसंती यादव पर्यवेक्षक अविनाश ठाकुर परामर्शदाता परमेश्वरी धुर्वे, समाजिक कार्यकर्ता श्यामा धुर्वे नितिन किशोरी वर्मा पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष सह सरपंच उषा चंद्रवंशी सचिव भारती साहू, पटवारी लिपिका कौशिक, कोटवार, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के सभी सदस्य स्व सहायता समूह की महिला मितानीन माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्रा तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पुरैना बस्ती में डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन के लीकेज की समस्या का किया जा रहा है समाधान

- **टीम ने पुरैना बस्ती में घूम-घूम कर किया पाइपलाइन दुरुस्त**

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



अमृत मिशन योजना के तहत घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाया जा रहा है। जलसंकट से मुक्ति दिलाने न्यूनतम दर पर नल कनेक्शन दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुरैना के वार्डों में भी नल कनेक्शन किया गया है। कुछ घरों में नल कनेक्शन विच्छेद हो जाने से इसकी मरम्मत कर इसे ठीक किया गया। टीम ने बस्ती में घूम-घूम कर पाइपलाइन लीकेज एवं अन्य संधारण कार्य को किया। उल्लेखनीय है कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य भिलाई निगम में कार्यरत एजेंसी ने किया था। इसलिए प्रशासक डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर एजेंसी को मरम्मत एवं संधारण के लिए निर्देशित करते हुए पाइप लाइन दुरुस्त कराया गया। जलप्रदाय के लिए पुरैना में बिछाए गए 17 किमी पाइपलाइन से अब तक 2098 घरों में नल कनेक्शन लगने के साथ पानी आना शुरू हो गया है। नल कनेक्शन दिए हुए घरों में पानी का प्रेशर भी जांच किया गया, एजेंसी के मैकेनिक बस्ती में ग्रीष्म ऋतु के शुरूआती दिनों में होने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। पुरैना के वार्डो में जलसंकट के समस्या से निजात मिलने लगा है, पुरैना के पास ही मोरीद में 6 एमएलडी फिल्टर प्लांट तैयार होने के बाद क्षेत्र में नवनिर्मित पानी टंकी से जलप्रदाय शुरू किया जा चुका है। अमृत मिशन अंतर्गत हो रहे कार्यों के तहत घर-घर नल कनेक्शन दिया जा रहा है। पुरैना बस्ती में अब तक 2098 घरों तक नल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, मांग आते ही एजेंसी के कर्मचारी तुरंत उनके घर पर कनेक्शन देने का कार्य कर रहे है।

# नाबालिग अपहृता को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



चौकी चंदनू थाना नांदघाट के अपराध क्रमांक 73/2021 धारा 363 भादवि में अपहृता एवं आरोपी के पता तलास हेतु चौकी चंदनू प्रभारी सउनि रेशम लाल भास्कर को मार्गदर्शन प्राप्त हुये थे। चौकी चंदनू प्रभारी एवं चौकी स्टाफ द्वारा अपहृता एवं आरोपी के पता तलास हेतु मुखबिर लगाया गया था, अपहृता एवं आरोपी पता तलास के दौरान थाना नांदघाट क्षेत्र के रहने वाले आरोपी ज्ञानदास ऊर्फ नानू कोशले पिता मोहित कोशले उम्र 22 साल के कब्जे से अपहृता को जिला दुर्ग से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा 19.02.2021 को मोटर सायकल में बैठाकर नाबालिग अपहृता को इसके माता-पिता के वैघा संरक्षण से शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर लगातार दैहिक शोषण किया। प्रकरण में धारा 366,376 (3) भादवि व 5 ठ, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से पृथक से जोडी जाकर आरोपी आरोपी ज्ञानदास ऊर्फ नानू कोशले उम्र 22 साल को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 25.02.2021 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। अपहृता व आरोपी की पतासाजी करने में चौकी चंदनू प्रभारी सउनि रेशमलाल भास्कर, आरक्षक विक्रम सिंह, रामसिंह, अजय भगत, दिनेश साहू, सफीक खान, टेकनिकल टीम प्र आर मोहित चेलक, आरक्षक विक्रम सिंह, महिला आरक्षक अनुपमा दुबे एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- **जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित**

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक हुई बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार, संदीप ठाकुर एवं शासन द्वारा विभिन्न मान्यता प्राप्त शासकीय कर्मचारी संगठनों से जुड़े जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी पहले अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कर्मचारी हितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का निराकरण नियमानुसार शीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिलास्तर के अधिकारी समय-समय पर अपने विभाग में भी बैठक आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कहा कि कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में शामिल कर प्राथमिकता में निराकरण किया जाएगा। जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में लंबित पदोन्नति-क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, अनुंकपा नियुक्ति, अर्जित अवकाश, पेंशन प्रकरण, चिकित्सा सहायता, विभागीय जांच, वार्षिक वेतन वृद्धि आदि के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा पे-स्लिप, समय पर गोपनीय चित्रावली लिखा जाना, लघु वेतन कर्मचारियों को वर्दी का प्रदाय एवं सेवा पुस्तिका पासबुक का इंद्राज समय पर हो आदि विषयों पर चर्चा की गई। जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार, संदीप ठाकुर, आदि के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, उप संचालक कृषि, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, जलसंसाधन सहित मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं जिले के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक मे कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अभियान चला कर करें राजस्व प्रकरणों का निबटारा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर शिव अनंत तायल ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। गत दिनों मोहगांव (साजा) के कृषि महाविद्यालय परिसर मे आयोजित बैठक मे राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया कि जिले के तहसील बेमेतरा में कुल दर्ज प्रकरण 559, नवागढ़ में 498, साजा मे 322, बेरला में 322 एवं थानखम्हरिया तहसील मे 260 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमे से अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा 268, साजा 167, नवागढ़ 321, थानखम्हरिया 167 एवं तहसीलदार बेरला के 191 प्रकरण तैयार कर निराकृत कर लिए जाने की जानकारी दिए गये हैं। नामांतरण के न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा के 291, नवागढ़ 186, साजा 155, बेरला 131 एवं थानखम्हरिया के 93 प्रकरण लंबित है। इस पर जिलाधीश ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए आगामी बैठक के पूर्व 1-2 वर्ष तथा 02 वर्ष से अधिक के समस्त प्रकरणों का निराकरण अनिवार्यतः कर लिए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा-दुर्गेश कुमार वर्मा, बेरला-संदीप ठाकुर, साजा-आशुतोष चतुर्वेदी, नवागढ़- रश्मि ठाकुर सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के सीईओ उपस्थित थे। जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों के विरुद्ध निराकृत किये गये प्रकरणों के विरुद्ध निराकृत किये गये प्रकरणों की संख्या अपेक्षाकृत कम है जो कि संतोषजनक स्थिति नही है। उन्होने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया की नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अतिक्रमण प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारी हलकावार सभी लंबित प्रकरणों को सभी लंबित प्रकरणों को सूचीबद्ध कर लें और आगामी आदेश तक सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण अनिवार्य रुप से करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही अतिक्रमण के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा अधिरोपित अर्थदण्ड की वसूली करने एवं बेजा कब्जा के प्रकरणों को विशेष अभियान चला कर बेदखली की कार्यवही करने निर्देशित किया गया। बंटवारा के प्रकरणों मे कुल दर्ज प्रकरणों मे न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा के 215, तहसीलदार नवागढ़ के 235, तहसीलदार साजा 181, तहसीलदार बेरला के 271 एवं तहसीलदार थानखम्हरिया के 196 प्रकरण हैं जिसमे तहसीलदार बेमेतरा के 155, तहसीलदार नवागढ़ 141, तहसीलदार साजा 126, तहसीलदार बेरला 151, तहसीलदार थानखम्हरिया के 98 प्रकरण लंबित है।

# बिना मास्क लगाए घरों से निकले 122 लोगों पर लगा अर्थदण्ड

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने करने निगम प्रशासन हरसंभव प्रयासरत है। संक्रमण को फैलने से रोके जाने हेतु चेहरे पर मास्क लगाना बेहद आवश्यक है, भिलाई निगम क्षेत्र में घर से बाहर निकलने वाले सभी व्यक्तियों को मास्क लगाना अनिवार्य है। बावजूद कई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए मास्क नहीं लगा रहे है जिससे अन्य व्यक्तियों में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता है ऐसे लोगों के खिलाफ निगम प्रशासन सख्त कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूली का अभियान चला रही है। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने बिना मास्क लगाए या चेहरे को कवर किए बिना घर से बाहर निकलने वाले लोगों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगम के सभी जोन स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर मास्क या अन्य कोई उपाय से चेहरे को कवर किए बिना निकलने वाले व्यक्तियों पर अर्थदंड की कार्यवाही की। निगम की टीम बाजार क्षेत्र, दुकानों व ग्राहकों का निरंतर निरीक्षण कर रहे है।

## क्विक न्यूज

### जिला शिक्षा अधिकारी का स्कूल में औचक निरीक्षण



**रायगढ़।** शास. उन्न. पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुर सारंगढ़ में शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी आरपी आदित्य, बीईओ सारंगढ़, डीएमसी, बीआरसी, एबीईओ द्वारा पढ़ाई तुम्हार द्वार के अंतर्गत बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता का आकस्मिक निरीक्षण करने शास. उन्न. पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुर स्कूल में गए। बच्चों के पढ़ाई के स्तर से रूबरू हुए। स्मार्ट क्लास, शालेय अभिलेखों के साथ साथ शालेय किचन गार्डन की अनेक सब्जियों गार्डन के पुष्पों को देख प्रफुल्लित हुए शिक्षकों के कार्य को देखते हुए उनकी प्रशंसा किए।

### शराब पीकर शिक्षक ने स्कूल में किया हंगामा

**रायगढ़।** खरसिया विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले तूरेकेला हाई स्कूल में प्रधान पाठक के द्वारा शराब के नशे में स्कूल आकर शैक्षणीक कार्य को प्रभावित करने का मामला सामने आया है। प्राचार्य ने डीईओ से इसकी लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया विकासखंड में ग्राम तूरेकेला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को प्रधान पाठक रामाधार बरेठ शराब पीकर स्कूल पहुंचे, वहीं उन्होंने शैक्षणिक कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। प्रिंसिपल रविंद्र नारंग द्वारा उन्हें समझाइश दी गई, लेकिन नशे में टुन्न प्रधानपाठक के द्वारा मुंहजोरी की गई। ऐसे में प्रिंसिपल द्वारा पंच एवं गणमान्य नागरिकों को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि उनके समझाने पर भी प्रधान पाठक द्वारा अनुशासनहीनता करते हुए बेहूदगी की गई। ऐसे में प्राचार्य ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए जिला शिक्षाअधिकारी को पत्र लिखा है।

# कलेक्टर ने दी मनरेगा में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश

- मनरेगा, नरवा विकास और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी. एस एल्मा ने कल कलेक्टोरेट स्थित आगर सभा कक्ष में जनपद पंचायत मुंगेली में कार्यरत् रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिवो की मैराथन बैठक लेकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना, नरवा विकास और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से संचालित विकास और निर्माण कार्यो में जरूरतमंद लोग रोजगार प्राप्त कर रहे है। इसके अलावा उन्होने इस योजना में और अधिक जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने के निर्देष दिये। उन्होने मनरेगा के कार्यो में षिक्षित महिलाओं और दिव्यांगजनों को मेट के रूप में कार्य कराने के भी निर्देष दिये। बैठक में उन्होने नवीन ग्राम पंचायतों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और नवीन ग्राम पंचायत भवन के निर्माण के संबंध में आवष्यक निर्देष दिये। इस अवसर पर उन्होने वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 तक के अपूर्ण निर्माण कार्यो को षत-प्रतिषत पूर्ण करने के निर्देष दिये और महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत लेबर बजट 2021-22 की तैयारी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने नरवा विकास योजना की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने कहा कि नरवा विकास कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण और संर्वधन का कार्य किया जा रहा है। उन्होने इस योजना के तहत स्वीकृत कार्यो को षीघ्र प्रारंभ करने के निर्देष दिये। इसी क्रम में उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने कहा कि आवासहीन लोगों को निःषुल्क आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना से हितग्राहियों को उनकी आवास की सपना साकार होती है। उन्होने इस योजना में किसी भी प्रकार की उदासीनता और लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उन्होने तृतीय एवं चतुर्थ किष्त की राषि के भुगतान के संबंध में आवष्यक निर्देष दिये। इसी तरह उन्होने चबुतरा और आंगनबाडी भवन, स्वच्छ भारत मिषन के अंतर्गत सामुदायिक षौचालय का निर्माण और ठोस अपषिष्ट प्रबंधन के कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित ब्यास ने भी विकास और निर्माण कार्यो के संबंध में आवष्यक निर्देष दिये। इस अवसर पर मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवीन भगत, कृषि विभाग के उपसंचालक डी.के.ब्यौहार, जिला पंचायत में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उपसंचालक सुश्री भूमिका देसाई, जनपद पंचायत मुंगेली मुख्य कार्य पालन अधिकारी एम एल महादेवा सहित रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन 99 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देषानुसार मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित आदर्ष कृषि उपज मंडी मुंगेली के प्रांगण में किया गया, मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जिले के 99 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। मुख्यमंत्री भूपेष बघेल तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित किया और वर-वधु को आर्षीवाद प्रदान किया, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेवर साहू ,बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद अरूण साव, मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के विधायक पुन्नू लाल मोहले, लोरमी विधान सभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमति लेखनी सोनू चंद्राकर, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी और महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति के सभापति वषी उल्लाह खॉं ,जिला पंचायत सदस्य जागेष्वरी वर्मा, रजनी मानिक सोनवानी, भारती लोक राम साहू, अंबालिका साहू, रानू संजय केषरवानी, अश्वनी अघन मरावी, दुर्गा उमाशंकर साहू, लैलाबाई ढ़िढ़े, शीलू साहू, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सभी पार्षदगण, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## अचानकपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा मजदूरों का करवाया कोविड-19 चेकअप

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे देश में जहां विगत मार्च 2020 के बाद से कोरोनाकाल को लेकर कोविड-19 की सुरक्षा हेतु शासन- प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, तथा इसी श्रृंखला में शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत अचानकपुर में 27 फरवरी को गांव के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रोजगार गारंटी मनरेगा में लगे लगभग 50 मजदूरों का स्वास्थ्य विभाग शक्ति के डॉ. के के कौशिक, आर एच ओ चिंतानंद साहू एवं आर एच ओ सरिता बघेल के सहयोग से आरटीपीसीआर टेस्ट करवाया गया, तथा इस दौरान मनरेगा के कार्यरत सभी मजदूरों ने स्वस्फुरतः कोविड-19 की सुरक्षा के संबंध में अपना चेकअप करवाया तथा इस संबंध में ग्राम अचानकपुर की सरपंच श्रीमती वंदना हेमंत राज ने बताया कि पूरे गांव में कोरोनाकाल के दौरान भी कोविड-19 को लेकर बतौर सतर्कता लोगों में जन जागरूकता चलाई गई। तथा वर्तमान समय में भी देश में कोविड-19 के पुनः बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पूरे गांव के नागरिक तथा जनप्रतिनिधि सजगता के साथ हैं, तथा ग्राम पंचायत अचानकपुर के सरपंच,सचिव,एवम पंचगनो सहित जनप्रतिनिधियों की इस सक्रियता पर स्वास्थ्य विभाग ने भी उनका आभार व्यक्त किया है।

# लाख रूपए से अधिक की महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग की उड़नदस्ता टीम लगातार अवैध शराब का निर्माण करने व बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई कर रही है। पिछले दिनों जहां शहर में काफी मात्रा में दूसरे राज्य की अवैध शराब जब्त किया था। वहीं शनिवार को सरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा में अवैध महुआ शराब की बिक्री करने वाले ग्रामीण को धरदबोचा है। उक्त प्रकरण में एक लाख से अधिक रूपए का अवैध महुआ शराब जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जिला आबकारी उ?नदस्ता सहायक प्रभारी रंजित कुमार गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम सांकरा में रहने वाला गुलाब बेहरा पिता घनश्याम बेहरा के द्वारा काफी मात्रा में अवैध महुआ शराब का पाउच बिक्री करने के लिए रखा गया है। इसके बाद जिला आबकारी उड़नदस्ता सहायक प्रभारी ने मामले की जानकारी सहायक आयुक्त आबकारी विभाग मंजुश्री कसेर को दी। जहां उनके निर्देशानुसार रंजित कुमार गुप्ता व उनकी उड़नदस्ता टीम सहित सरिया वृत्त प्रभारी आबकारी के द्वारा मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी। जांच के दौरान गुलाब बेहरा के पास से गुलाब, हेलिकाप्टर व जहाज छाप के 3250 महुआ शराब का पाउच मिला। जिसे आबकारी की उड़नदस्ता टीम ने जब्त करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर रायग? आ गए। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2) 36 एवं 59(क) के तहत अपराध कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उक्त कार्रवाई में जिला आबकारी उ?नदस्ता सहायक प्रभारी रंजित कुमार गुप्ता, सरिया प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिदार, आबकारी आरक्षक सुंदरलाल प्रधान, शिव कुमार वैष्णव, हेमप्रकाश डनसेना, प्रभुवन बघेल, नगर सैनिक निर्मल साव, अजय कसेर, धर्मेन्द्र साव, महिला सैनिक सुनिता निराला की भूमिका सराहनीय रही।

### ओडिसा के बरगढ़ जिले से ला रहे

आबकारी टीम ने जब आरोपी से पूछताछ किया तो उसने बताया कि ओड़िसा के बरगढ़ जिले के ग्राम लटजीरा क्षेत्र से अवैध महुआ का पाउच ला रहा था। पिछले कई माह से गुलाब बेहरा के द्वारा यहां अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री की जाने की बात सामने आ रही है। इसके अलावा कुछ और ग्रामीण भी यहां अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते हैं।

> मुखबिर की सूचना पर उड़नदस्ता टीम के द्वारा काफी मात्रा में अवैध महुआ शराब की पाउच जब्त की गई है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ में और कुछ बात सामने आती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **मंजूश्री कसेर,** सहायक आयुक्त , आबकारी विभाग

## एनटीपीसी लारा में चल रहा धरना समाप्त

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा के मुख्य द्वार पर विगत कई माह से जारी धरना शुक्रवार को आम सहमति से समाप्त हो गया एवं टेंट स्वेच्छापूर्वक हटाया जा चुका है। आलोइस तोपनो, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की अगुवाई में लगातार कई दौर की बातचीत के पश्चात अंततरू आम सहमति बन पाई। आलोइस तोपनो ने कहा कि एनटीपीसी लारा द्वारा पीएपी के लिए विशेष नियुक्ति के लिये विज्ञापन जारी किया जा चुका है। प्राप्त बायोडाटा कि स्करुटनी प्रक्रिया जारी है। आपको इस समय अपने कॅरियर पर ध्यान केन्द्रित करते हुए परीक्षा कि तैयारी में जुट जाना चाहिए। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि प्रबंधन ने पीएपी प्रतिनिधिगण से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपना पक्ष स्पष्ट किया एवं एनटीपीसी स्तर पर जारी प्रयासों से अवगत कराया। जिससे बातचीत का माहौल बना और अंततः लंबे समय से चल रहा धरना समाप्त हो सका। एनटीपीसी प्रबंधन की तरफ से तोपनो के साथ सनी सेठ, ललित सोनी, अरुण कुमार मिश्रा एवं सुश्री हिमानी शर्मा बातचीत में सम्मिलित हुए एवं उन्हें पीएपी प्रतिनिधिगण की तरफ से पूरा सहयोग प्राप्त हुआ।

## शराब दुकान के दो कर्मचारी स्कूटी पर अवैध शराब परिवहन करते पकड़ाए

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब के विरूद्ध शनिवार को घरघोड़ा पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। घरघोड़ा टीआई अमित सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि शराब भट्टी पर कार्य करने वाले कुछ व्यक्ति शराब की अवैध रूप से आसपास बिक्री करते हैं जो आज भी दो लड़के बहिरकेला तरफ से एक स्कूटी वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन करने ले जा रहे हैं। सूचना पर हमराह स्टाफ के बहिरकेला कुरकुट नदी पुल में नाकाबंदी कर एक सफेद रंग के स्कूटी वाहन क्र. सीजी 13 ए.एफ.8163 को रोककर पूछताछ करने पर वे दोनों अपना नाम परमानंद पैंकरा पिता कमलसाय पैंकरा उम्र 24 वर्ष निवासी केशला थाना लैलूंगा हा.मु. गोहरीडीपा घरघोड़ा तथा राजेन्द्र कुमार लहरे पिता तोषराम लहरे उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड 04 घरघोड़ा का होना बताए। पूछताछ में दोनों घरघोड़ा शासकीय शराब भट्ठी में काम करना बताये हैं।

आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब बिक्री के लिए परिवहन की जा रही कुल 90 पाव अंग्रेजी गोवा शराब कुल 16.200 लीटर कीमती 16,800 रू. एवं एक स्कूटी वाहन को जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के कार्यवाही कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन करेगा प्रदेश स्तर पर 18 प्रतिभाओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन (सम्मेलन) भगवान अग्रसेन के 18 पुत्रो के नाम पर रचित 18 गोत्रो के आधार पर 18 विविध क्षेत्रों में प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा के माध्यम से समाज का नाम रौशन करने वाले स्वजातीय नागरिको का सम्मान कर नई प्रतिभाओं के जागरण का कार्य पिछले पांच वर्षो से कर रहा है। छठवें अग्र अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन आगामी 3 एवं 4 अप्रेल 2021 को अग्रवाल सेवा समिति के आतिथ्य में अग्रसेन भवन, खुर्सीपार ( भिलाई ) में संम्पन्न किये जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल , चेयरमेन अशोक अग्रवाल कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल (राजू), अशोक मोदी एवम महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने एक संयुक्त वेट वार्ता में बताया कि विविध क्षेत्रों की 18 अग्र प्रतिभाओ का सम्मान पिछले पांच वर्षो से किया जा रहा है, जिसे पूरे प्रान्त में अच्छी सफलता प्राप्त हुई है। छठवें अग्र अलंकरण पुरस्कार हेतु 1 जुलाई 2018 से 31 दिसंबर 2020 के दौरान किये गए उल्लेखनीय कार्य का विवरण देते हुए आवेदन 15 मार्च तक जमा किये जा सकते है,चयनित प्रतिभाओ को पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रुपये नगद, प्रतीक चिन्ह के साथ महाराजा श्री अग्रसेन जी के नाम पर घोषित विविध 18 उपाधियों से सम्मानित किया जाएगा,छत्तीसगढ़ स्तरीय अग्र अलंकरण आयोजन की संयोजक डॉ. अनिता अग्रवाल एवम सहसंयोजक द्वय पंकज अग्रवाल एवम् डॉ . निर्मल अग्रवाल ने आयोजन की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिन 18 विधाओं में पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है।

## छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन की बलौदा बाजार भाटापारा जिला इकाई के आतिथ्य में एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मान समारोह एवं पत्रकार सम्मेलन 27 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव राय के मुख्य आतिथ्य तथा छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की अध्यक्षता में पवनी के साहू समाज भवन में संपन्न हुआ, इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत सहित अरपा के पैरी राज्य गान के साथ हुआ, इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, महासचिव सेवक दास दीवान, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य, अर्जुन झा, बिलाईगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारका देवांगन, भटगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ अध्यक्ष भागवत साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज चंद्रा, तथा जिला अध्यक्ष रुपेश श्रीवास एवं प्रदेश सचिव कन्हैया गोयल शक्ति प्रमुख थे, कार्यक्रम का संचालन करते हुए बलौदा बाजार भाटापारा जिला इकाई के अध्यक्ष रुपेश श्रीवास ने विस्तार पूर्वक स्वागत उद्बोधन देते हुए आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया तथा मंचस्थ अतिथियों के अलावा छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश सचिव मेघनाथ जोशी, राजेश वैष्णव, नीलम दास पड़वार, कोरबा जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राजू शर्मा, बिलासपुर जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला, मुंगेली जिला अध्यक्ष राजकुमार, बलोदा बाजार जिला अध्यक्ष रूपेश श्रीवास, बलौदा बाजार महासचिव इस्माइल खान,दुर्ग जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी चौहान, बसना इकाई अध्यक्ष अनुराग नायक, बस्तर जिला महासचिव स्वरूप राज, सहित अन्य पदाधिकारी भी थे, तथा अतिथियों का स्वागत राजकुमार जांगड़े, विजय कुमार सोनी, कार्तिक जायसवाल, प्रदीप देवांगन, सुनील यादव,सहित बलौदा बाजार भाटापारा जिला इकाई के सदस्यों द्वारा किया गया।

## पथ विक्रेताओं के लंबित आवेदनों का होगा निराकरण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने पीएम स्व निधि योजना अंतर्गत बैंकों में विचाराधीन पथ विक्रेताओं के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के लिए बैंक शाखाओं को शिविर लगाने निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम निधि योजना अंतर्गत 10000 लोन के लिए जिन वेंडरों ने आवेदन किया है और वह लंबित है। उन प्रकरणों को नगर निगम अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएल सिटी मिशन मैनेजर केदार पटेल एवं सोनाली मिश्रा ने निगम आयुक्त को जानकारी प्रेषित कर बताया कि हितग्राही बैंकों में जाकर परेशान हो रहे हैं जिस पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ ने जिला कलेक्टर एवं राज्य कार्यालय सुडा के निर्देशानुसार सभी बैंकों की शाखाओं में आगामी तीन शनिवार को विशेष कैंप लगाकर समस्त लंबित एवं विचाराधीन प्रकरण स्वीकृति प्रदान करने पत्र प्रेषित की है निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि सभी स्ट्रीट वेंडर जिनका आवेदन लंबित है आगामी तीन शनिवार 27 फरवरी शनिवार, 6 मार्च शनिवार, 13 मार्च को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक अपने बैंक ब्रांच में संपर्क कर सकते हैं। सभी अधिकृत बैंकों में लंबित प्रकरणों की जानकारी बैंक शाखा एवं लीड बैंक मैनेजर को प्रेषित की जा चुकी है।

# वार्डवासी कचरा दे रहे है पर गीला और सूखा से है अंजान : जानकी काट्जू

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर भीमसिंह के मार्गदर्शन और नेतृत्व में महापौर, आयुक्त, एसडीएम, आरआई, पटवारी एवं पूरा नगर निगम अमला महा सफाई अभियान के अंतर्गत रायगढ़ के जूट मिल क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 में जूटमिल फटहामुड़ा का निरक्षण करने पहुंचा। वार्ड में साफ सफाई देखकर कलेक्टर ने पार्षद रत्थु जायसवाल को जागरूक पार्षद कहते हुए तारीफ की। चलते चलते वार्ड के महिला एवं पुरुषों से रिक्शागाड़ी के रोज आने की और गीला सूखा अलग अलग देने की जानकारी लेते हुए अपील भी की गई। काफी बड़ा ओर फैला हुआ वार्ड होने के बावजूद भी सभी घरों तक सफाई रिक्शा पहुंच रहा है और लोग उन्हें कचरा दे भी रहे हैं, पर वहीं जो हर वार्ड की प्रमुख समस्या है यंहा भी देखने को मिला कि सभी खाली प्लाटो में कचरा लोग फेंक रहे हैं। जिसकी साफ सफाई करवाकर बाउंड्रीबाल करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं इस वार्ड की सबसे प्रमुख समस्या फटहामुड़ा तालाब की है। जिसमे कॉलोनाइजर राधिका रेसीडेंसी द्वारा तालाब में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है जिसे नोटिस देने की बात कही गई और सभी तरफ से नालियों का गंदा पानी आने से बदबू के साथ तालाब पूरी तरह से गंदगी से पट गया है। जिसे योजनाबद्ध तरीके से तालाब में गंदा पानी आने से रोकने के लिए बड़े नाला के लिए स्टीमेट बनाने और तालाब को पूरी तरह से साफ करने कलेक्टर ने निर्देश दिए।

## स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों से चर्चा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



ए.पी. सिंग, संयुक्त सचिव जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं अरूण बरोका, ज्वाईंट डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ चर्चा करने हेतु वर्चुअल सरपंच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला दुर्ग के एन.जी.टी. ग्राम पंचायत पतोरा में स्वच्छता के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ठ कार्यो हेतु ग्राम पंचायत की सरपंच अंजीता गोपेश साहू का चयन उक्त सरपंच संवाद के लिये किया गया। सरपंच एवं सरस्वती दीदी स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा जिला पंचायत दुर्ग से ऑनलाईन विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल सरपंच संवाद में प्रतिभाग किया गया एवं संवाद के दौरान सरपंच के द्वारा ग्राम में किये गये कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**क्विक न्यूज**

## भिलाई निगम के वार्डों का आरक्षण 2 मार्च को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के वार्डो के आरक्षण के लिए कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आदेश जारी कर दिया है, वार्ड आरक्षण 2 मार्च को होना है! नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 के प्रावधानों के अधीन नगर पालिक निगम भिलाई के वार्डो की रचना पूर्ण हो गई है।

अनुसूचिज जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण नियम 1994 के तहत निगम भिलाई के वार्डो का आरक्षण कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 2 मार्च को प्रातः 11.00 बजे किया जाएगा। वार्डो के आरक्षण की कार्यवाही के दौरान जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित हो सकते हैं। गौरतलब है कि भिलाई निगम क्षेत्र में कुल 70 वार्ड है इसके लिए वार्ड आरक्षण सुबह 11 बजे किया जाएगा।

# शुद्ध वायु उपलब्ध कराने की मुहिम, सेल-बीएसपी ने विकसित किया एक नया ऑक्सीजोन

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने पर्यावरणीय प्रयासों के लिए जाना जाता है। इस प्रयास की कड़ी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने स्टील प्लांट के समीप क्षेत्रों में एक नया ऑक्सी-जोन क्षेत्र विकसित कर क्षेत्र के रहवासियों को हरा-भरा वातावरण और शुद्ध जलवायु उपलब्ध कराने का एक महती प्रयास किया है। जिससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाली आबादी को भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होता रहे। पर्यावरण को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत सेल-बीएसपी ने प्रदेश के वन विकास निगम के सहयोग से स्टेशन मरोदा, उमरपोटी और नेवई क्षेत्र में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण कर इस क्षेत्र के पर्यावरण में तेजी से सुधार कर रहा है, जिससे बंजर भूमि को हरे-भरे क्षेत्र में बदला जा सके। इस वृक्षारोपण क्षेत्र को जल के स्त्रोतों, तालाबों, जलाशयों आदि की व्यवस्था के साथ-साथ इस हरियाली को बचाने हेतु बाढ (फैसिंग) लगाया गया है। जिससे यहाँ निरन्तर हरियाली बनी रहे। विदित हो कि नेवई क्षेत्र के जोन-1, 2 और 3 बंजर भूमि थी। जिसे आज बीएसपी के प्रयासों से हरा-भरा कर दिया गया है। यह क्षेत्र बीएसपी द्वारा छत्तीसगढ़ वन विकास निगम को यहाँ पेड़ आदि लगाने हेतु 4 साल की अवधि के लिए दिया गया था, ताकि पेड़ के बड़े होने तथा अनुबंध की अवधि समाप्त होने के बाद यह क्षेत्र सेल-बीएसपी को सौंप दिया जा सके। इस बागान में 80 प्रतिशत पेड़ जीवित हैं और हरियाली व ऑक्सीजन दे रहे हैं। 39 हेक्टेयर में फैले, इन क्षेत्रों में वृक्षारोपण की योजना ऐसी बनायी गयी कि वर्ष 2018 के बाद से अब तक लगभग 97,500 पौधे लगाए जा चुके हैं। अब नेवई जोन-1 में 40,000 के करीब पेड़ हैं, नेवई के जोन-2 में 10,000 पेड़ और नेवई जोन-3 में 47,500 पेड़ उपलब्ध हैं।

जिन्होंने वर्ष 1950 के दशक में भिलाई को एक बंजर भूमि के रूप में देखा है आज उसके विपरीत, भिलाई शहर और इसके आसपास के क्षेत्र ने एक हरियाली की चादर तान दी है। आज भिलाई टाउनशिप तथा इसकी सड़के हरियाली का प्रतीक बन चुकी है। चारों ओर ठंडी हवा की बयार और लोगों का पर्यावरण से प्यार, देश-दुनिया के लिए एक आदर्श बन चुका है। इस हरियाली के पीछे बीएसपी प्रबंधन का निरन्तर प्रयास अब रंग ला रहा है। आज बीएसपी के सद्प्रयासों का नतीजा है कि पूरे टाउनशिप में मैत्री बाग सहित 15 बाग-बगीचें लोगों का मन मोहने के लिए तैयार है। प्रतिवर्ष बीएसपी प्रबंधन द्वारा न केवल टाउनशिप में, बल्कि अपने आस-पास के इलाकों में और दल्ली-राजहरा व अन्य खदान क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण अभियान चलाती आ रही है। इसके अलावा, प्रत्येक वर्ष सेल-बीएसपी के कर्मचारियों को मुफ्त में पौधे वितरित किए जाते हैं और उनके परिवार के सदस्यों को वन महोत्सव, हरेली सागर, विश्व पर्यावरण दिवस आदि को मनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके साथ ही बीएसपी के स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण हेतु इको क्लब गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इस प्रकार स्कूली बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। पौधें लगाने की संस्कृति के तहत बीएसपी में आने वाले विशिष्ट आगंतुकों से भी वृक्षारोपण कराया जाता है। विभिन्न आयोजनों में स्मृति चिन्ह के रूप में भी आगंतुकों को पौधे भेंट किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त सेवा-निवृत्त होने वाले कार्मिक भी अपने स्मृति को अक्षुण रखने हेतु वृक्षारोपण करते हैं। सेल-बीएसपी द्वारा इसके पर्यावरण संरक्षण और सीएसआर पहल के हिस्से के रूप में पौधे लगाए जाते हैं, इसके अलावा बीएसपी के बागवानी विभाग द्वारा भी कई कदम उठाये गए है। वास्तव में, प्लांट न केवल अपनी टाउनशिप को साफ और हरा-भरा बनाने का प्रयास करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की भी व्यवस्था करता है। इस क्षेत्र में राज्य की सड़कों के साथ नेवई में वृक्षारोपण और बड़े पैमाने पर स?क के किनारे वृक्षारोपण एक उदाहरण है। टाउन सर्विसेस विभाग, वन विकास निगम के माध्यम से सेक्टर 04 और सेक्टर 05 में वृक्षारोपण की व्यवस्था कर रहा है। नेवई में 20 से अधिक किस्मों के फल, फूल व औषधि तथा जड़ीबुटियों के पौधे लगाये गये है। कचनार, करंज, शिशु, बबूल केसिया, केथा, इमली, आम, आंवला, गुलमोहर, जामुन और जाम, कनेर के पेड़ अब नेवई के हरे आवरण के साथ, फल, फूल, छाया और जड़ी-बूटियाँ प्रदान कर रहे है।

## विहिप, बजरंग दल एवं सर्व हिंदू समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर के लवन रोड स्थित सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल में दो दिन पूर्व हुए कक्षा 9वीं के हिन्दी के प्रश्न पत्र में एक प्रश्न को लेकर धार्मिक भावनाओं एवं सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के विरुद्ध जातिय भेदभाव उत्पन्न करने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं सर्व हिंदू समाज ने स्कूल प्रबंधन से मुलाकात कर ओसवाल पब्लिशर एवं उक्त गद्यांश के लेखक की किताबें प्रतिबंधित करने और किसी भी जातीय, धर्म की भावनाएं आहत ना हो और छात्रों को गलत जानकारी ना दी जाए तथा दोबारा ऐसा ना हो इसकी समझाइश देते हुए ज्ञापन सौंपा तथा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ये आग्रह किया गया की ओसवाल पब्लिशर आगरा और इस किताब के लेखक के विरुद्ध राष्ट्र एवं समाज के हित में प्रतिबंध लगाया जाए और साथ ही ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई की जाए जहां शिक्षा के माध्यम से सामाजिक द्वेष उत्पन्न किया जा रहा है या किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं इस ज्ञापन की प्रति मानव संसाधन मंत्रालय, उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष छत्तीसगढ़, डायरेक्टर बोर्ड, ओसवाल पब्लिशर आगरा को भी भेजी जा रही है और साथ ही विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार से ऐसे मुद्दों पर हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया है विरोध प्रदर्शन करने वालों में बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, कमल भारद्वाज,विकास तिवारी, थानेश्वर त्रिवेदी, प्रमोद ध्रुव,मोहन गुप्ता तथा भारी संख्या मे हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाकर की गई चालान की कारवाई

- **बिना मास्क के घूमने वालों पर पुलिस व प्रशासन ने बरती सख्ती**

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण के बढ़ते आंकड़े को लेकर शासन के निर्देश पर बिना मास्क के घूमने वालों पर सख्ती बरती जा रही हैं इसी कड़ी में नगर के जय स्तंभ चौक कुटेला चौक भंवरपुर रोड ओड़ियि पारा मोर पर लगभग 3 घंटे तक चले कार्यवाही में राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा बिना मास्क के वाहन चलाने वाले सैकड़ों वाहन चालकों पर चलानी कार्यवाही की गई।प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने के बाद शासन प्रशासन के द्वारा पुनः सभी लोगों से सतर्कता बरतने मास्क का उपयोग करने के साथ-साथ समस्त कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की जा रही है विशेष रूप से मास्क का प्रयोग अनिवार्य किया गया है बीते कुछ समय से सरायपाली क्षेत्र में कोरोना के मामले नाम मात्र के ही देखे गए हैं कोरोना संक्रमण का खतरा कम होता देखकर लोग भी पूरी तरह से सतर्कता नहीं बरत रहे हैं इसे देखते हुए अब उन्हें प्रशासन कोरोनावायरस का शक्ति से पालन करवाने की मूड में नजर आ रही है राज्य शासन का भी निर्देश है कि सभी क्षेत्रों में मास्क का पालन अनिवार्य रूप से करवाया जाए एवं मास्क ना पहनने वालों पर कार्रवाई की जाए इसी कड़ी में राजस्व पुलिस विभाग एवं नगरपालिका के टीम के द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर प्रातः 11॰00 बजे से लगभग 3 घंटे तक कड़ाई से मास्क ना पहनने वालों पर कार्रवाई की गई इस दौरान पदमपुर रोड मुख्य मार्गों पर दोनों ओर से बिना मास्क लगाने आने वाले 217 लोगों के ऊपर 21700 रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में तहसीलदार युवराज कुर्रे नैब तहसीलदार चंद्रवंशी थाना प्रभारी वीणा यादव नगर पालिका से महावीर चौधरी राजस्व थाना नगर पालिका के कर्मचारी शामिल थे। गौरतलब है कि लॉकडाउन के अंतिम चरण के पश्चात लगभग 6 से 7 माह पूर्व इसी प्रकार मांस सोशल डिस्टेंसिंग आदि का कड़ाई से पालन करवाने के लिए सड़क के साथ-साथ होटलों दुकानों बैंकों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर राजस्व व पुलिस प्रशासन के द्वारा सख्ती बरती गई की इसके अलावा समय-समय पर ऐसे लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए थे जैसे जैसे समय बीतता गया और कोरोनावायरस का प्रभाव क्षेत्र में कम होने लगा तो लोग पुनः लापरवाही बरतने लगे इसे देखते हुए प्रशासन के द्वारा पुनः सख्त रवैया अपनाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. माधव सिंह ध्रुव के निवास पर जाकर परिजनों से की भेंट

- **मुख्यमंत्री ने ध्रुव के साथ बिताए पलों को याद किया**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने माघ पूर्णिमा के अवसर पर सिहावा स्थित कर्णेश्वर मेला में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले अविभाजित मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री रह चुके स्वर्गीय माधव सिंह ध्रुव के गृह ग्राम सिरसिदा में स्थित निवास में जाकर परिवारजनों से भेंट की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्री ध्रुव के छायाचित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत पूर्व मंत्री की पत्नी लागेश्वरी ध्रुव, पुत्र पंकज ध्रुव एव पन्ना ध्रुव, पुत्री अमिता ध्रुव, स्थानीय सरपंच एवं पुत्रवधू दिशा ध्रुव सहित अन्य परिजनों से आत्मीय भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अविभाजित मध्यप्रदेश में दिवंगत ध्रुव के साथ बिताए पलों तथा उनके मार्गदर्शन का अनुभव साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि माधव सिंह ध्रुव अविभाजित मध्यप्रदेश के सिहावा विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1977 से 1993 के बीच चार बार विधायक रह चुके हैं। इस दौरान वे वन, आदिम जाति कल्याण, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक सहित नर्मदा घाटी परियोजना मंत्री तथा संसदीय सचिव के पद पर रहे। ध्रुव का निधन 68 वर्ष की आयु मे 22 अक्टूबर 2020 को हृदय गति रुकने से हो गई थी। इस अवसर पर प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सिहावा विधायक डा. लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, अंबिका मरकाम सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

# जिला अस्पताल में कोविड वारियर्स का हुआ सम्मान

- **गसत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति के द्वारा किया सम्मान**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला अस्पताल परिसर में कोविड काल में कोविड संक्रमण को रोकने के लिए किये गये प्रयासों के लिए कोरोना वारियर्स का सम्मान सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति ने किया। कोरोना वारियर्स का सम्मान मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सबसे पहले एहतियातयन कदम उठाये ताकि कोरोना के संक्रमण को बढ़ने की आशंका को कम किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी ध्यान रखा कि लाकडाउन के दौरान लोगों को जरूरी चीजें मिलती रहें। किसी भी वर्ग को किसी तरह की तकलीफ न हो, बुनियादी सुविधाएं बदस्तूर जारी रहें। वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी पुख्ता व्यवस्था की गई थी। कोरोना वारियर्स के रूप में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला अस्पताल में रात-दिन काम कर रहे कोरोना वारियर्स ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहण कर जिले में कोविड संक्रमण को रोकने में बड़ी मदद की। साथ ही टीकाकरण कार्यक्रम में भी यह प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. पी. बालकिशोर ने कोविड काल के दौरान जिला अस्पताल की उपलब्धियाँ बताईं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में भी चिकित्सकों एवं हेल्थ स्टाफ ने पूरे साहस के साथ मरीजों की सेवा की। यह विलक्षण उपलब्धि रही। उन्होंने जिला अस्पताल में हो रहे निर्माण कार्यो एवं नवाचारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से जिला अस्पताल मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इस मौके पर कोविड वारियर्स का प्रशस्तिपत्र देकर सम्मान किया गया। समिति की ओर से अध्यक्ष सीताराम ठाकुर उपस्थित थे। इस मौके पर जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, आरएमओ डॉ. अखिलेश यादव, अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, विनोद वर्मा, देवेंश चन्द्राकर, रूपचंद साहू जनपद सदस्य, राजेश ठाकुर , कमलेश नेताम, तुषार कामडे, डॉ. वी.वाय यादव संचालक वी.वाय हॉस्पिटल दुर्ग एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक्सट्रीम साइटिका से पीड़ित असहाय महिला को मुख्यमंत्री की सुपुत्री ने सौंपा इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



जिसका कोई नहीं होता उसका ऊपर वाला होता है यह बात सीएम हाउस भिलाई 3 में देखने को मिली । वर्षो से निराशा और हताशा के बाद आज फिर एक बार विधवा असहाय वंदना राठौर 53 वर्ष का जीवन पटरी पर लौट आया। बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पहुंचकर, बुजुर्ग महिला बंदना राठौर ने पति के मृत्यु उपरांत स्वेक्षा अनुदान से इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर की मांग की थी जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था । इस बात की जानकारी जैसे ही उनकी सुपुत्री स्मिता बघेल को लगी तो उन्होंने बीमारी की गंभीरता और महिला की दिक्कतों को देखते हुए आज बुजुर्ग महिला को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान किया। इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर पाकर महिला खुश हो गई वे अपने रूंधे गले और नम आंखों से स्मिता बघेल का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान स्मिता बघेल ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली चर्चा करते करते दोनों भावुक हो गए। स्मिता बघेल ने कहा कि मां चिंता मत करना हम सब लोग आपके साथ हैं भगवान पर भरोसा रखिए इस घर का दरवाजा आपके लिए हमेशा खुला है इस बात को सुनकर वंदना राठौर के आंखों में आंसू अविरल छलक रहे थे। कुछ देर के लिए तो सीएम हाउस कैंप कार्यालय का माहौल भावुक भरा हो गया था। इस दौरान मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर ने महिला वंदना एवं उनकी पुत्री देवांशी राठौर को विश्वास दिलाया कि उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

## बीएसपी के जेएलएन अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी टाइमिंग्स हुए पूर्ववत



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जवाहर लाल नेहरू अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र तथा बीएसपी के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी खुलने के समय को पुनः बहाल कर दिया गया है। विदित हो कि कोविड-19 महामारी के चलते बीएसपी अस्पतालों के समय में परिवर्तन किया गया था। जिसे आज दिनाँक 27 फरवरी, 2021 को चीफ मेडिकल ऑफिसर (एम एंड एचएस) डॉ. प्रमोद बिनाय के द्वारा जारी प्रपत्र के अनुसार मुख्य चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के समय को 1 मार्च, 2021 से पूर्ववत् कर दिया गया है। इस निर्णय से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने में मदद मिलेगी।

**जेएलएन अस्पताल की ओपीडी टाइमिंग्स-** जवाहर लाल नेहरू अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र में 1 मार्च, 2021 से सोमवार से शुक्रवार (बुधवार को छोड़कर) ओपीडी प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 1-30 बजे तक तथा शाम को 4 बजे से संध्या 6-30 तक खुली रहेगी। इसी प्रकार बुधवार एवं शनिवार को ओपीडी प्रातः 8 बजे से दोपहर 1-30 बजे तक खुली रहेगी।

### बीएसपी के जेएलएन अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी टाइमिंग्स हुए पूर्ववत

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जवाहर लाल नेहरू अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र तथा बीएसपी के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी खुलने के समय को पुनः बहाल कर दिया गया है। विदित हो कि कोविड-19 महामारी के चलते बीएसपी अस्पतालों के समय में परिवर्तन किया गया था। जिसे आज दिनाँक 27 फरवरी, 2021 को चीफ मेडिकल ऑफिसर (एम एंड एचएस) डॉ. प्रमोद बिनाय के द्वारा जारी प्रपत्र के अनुसार मुख्य चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के समय को 1 मार्च, 2021 से पूर्ववत् कर दिया गया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील-आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र.-202101113500050/अ-6/वर्ष 2020
ग्राम - कुहेरा, प.ह.नं.-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पन्नालाल पाल पिता स्व. बिसनाथ पाल, निवासी ग्राम-कुहेरा तहसील-आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि ग्राम-कुहेरा प.ह.नं.-19 रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि सुकलहिन बेवा देवलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिन की मृत्यु दिनांक 16.08.2014 को हो गई है, आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि से मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 05.03.21 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.01.21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. 060/बी-121/2020-21

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोहर पिता रामनाथ जाति गोंड़ निवासी मुरनार उर्फ फरसगांव तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपने माता फूलवती पति रामनाथ का मृत्यु दिनांक 10.06.2015 को ग्राम मुरनार उर्फ फरसगांव में होना बताया है। मृत्यु प्रमाण हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.03.2021 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 26.02.2021

मुहर

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
केशकाल

**राजस्व मामले में नोटिस**

**मामले की श्रेणी राजस्व**

न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार धनोरा जिला-कोण्डागांव, तहसील-केशकाल प.ह.नं. 00008 ग्राम के सिलाटी नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध

प्रकरण क्रमांक - MD202021480101100003

पक्षकारों का विवरण:-

आवेदक पक्षकार-रामसिंह पिता/पति-नानुराम पता-सा. देह.

अनावेदक पक्षकार-श्रीमति कौशिल्या बाई पिता/पति - पता-नि.ग्राम

भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

तहसील केशकाल के प.ह.नं. 00008 के अंतर्गत ग्राम सिलाटी के भूमिस्वामी श्रीमती कौशिल्या बाई पिता/पति- पता-नि.ग्राम के द्वारा भूमि खसरा क्रमांक 57(2.428) में नामांतरण (अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.03.2021 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार धनोरा पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोटिस दिनांक - 26.02.2021

मुहर

राजस्व अधिकारी-
पदनाम-नायब तहसीलदार

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोंडागांव के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202102201500011/202102201500011

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 सन-2020-2021
कोण्डागांव, प.ह.नं. 00015)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार : श्रीमती सुमित्रा निषाद, अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा निषाद पति स्व. श्री दरबारीलाल निवासी जामकोटपारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला- जामकोटपारा में स्थित भूमि शीट नं. 1 भूखण्ड क्रमांक 372/3 क्षेत्रफल 3606 वर्गफीट, 372/5 क्षेत्रफल 750 वर्गफीट एवं 373/6 क्षेत्रफल 870 वर्गफीट भूमि नजूल संधारण खसरा में आवेदिका पति स्व. श्री दरबारीलाल के नाम पर दर्ज होना लेख किया गया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवेदिका के पति का मृत्यु दिनांक 16.09.2006 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि से अपने पति स्व. श्री दरबारीलाल के मृत्यु होने के कारण उनके नाम खारिज कर स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका श्रीमती सुमित्रा निषाद पति स्व. श्री दरबारीलाल निवासी जामकोटपारा कोण्डागांव तहसील व जिला-कोण्डागांव के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला जामकोटपारा में स्थित भूमि शीट नं. 1 भूखण्ड क्रमांक 372/3 क्षेत्रफल 3606 वर्गफीट, 372/5 क्षेत्रफल 750 वर्गफीट एवं 373/6 क्षेत्रफल 870 वर्गफीट भूमि नजूल संधारण खसरा में आवेदिका पति स्व. श्री दरबारीलाल के नाम पर दर्ज होने लेख किया गया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनसार आवेदिका के पति का मृत्यु दिनांक 16.09.2006 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि से अपने पति स्व. श्री दरबारीलाल के मृत्यु होने के कारण उनके नाम खारिज कर स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 03.03.2021 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
कोण्डागांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 916/27.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -494/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - गणेश देवांगन S/o स्व. ईतवारी देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-उत्तम कुमार देवांगन S/o गणेश देवांगन.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 01 से 02 हेतु दिनांक 12.03.2021 एवं सरल क्र. 03 हेतु दिनांक 17.03.2021 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. /दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 284 | डी.पी. विप्र. महाविद्यालय बिलासपुर के अधोसंरचना विकास मद में नवीन भवन निर्माण (प्रस्तावित क्लास रूम) का कार्य विद्युतीकरण सहित। संभाग क्र. 01 बिलासपुर। **द्वितीय आमंत्रण।** | 113.66 |
| 2. | 285 | जिला मुंगेली वि.खं. पथरिया के पथरिया में कन्या हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य (शेष कार्य) मुंगेली संभाग मुंगेली। **द्वितीय आमंत्रण।** | 59.15 |
| 3. | 286 | जिला बिलासपुर विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम बोड़सरा में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। संभाग क्र. 01 बिलासपुर। **प्रथम आमंत्रण।** | 36.67 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-87381/5

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.व. बिलासपुर मण्डल
बिलासपुर

धर्म पर शिकंजा सियासत को छूट

# अपने ही आदेश की धज्जियां उड़ा रहे कलेक्टर

## कोरोना संक्रमण के बीच लोक मड़ई के आयोजन पर उठे कई सवाल, विधायक दलेश्वर साहू के संरक्षण में कलेक्टर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




भीड़ जुटाने वाले आयोजनों पर सख्ती के आदेश के बाद कलेक्टर सियासी दबाव में पिघल गए। शनिवार से शुरु हुए लोकमंडई का आयोजन साबित करता है कि जिला प्रशासन कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर जो निर्णय ले रहा है वह महज दिखावा ही है। सियासी तेवरों के सामने कलेक्टर के आदेश भी पंगु होते जा रहे है। हद तो यह कि एलबी नगर में आयोजित लोकमंडई के आयोजक खुद कलेक्टर हैं और आमंत्रण कार्ड में प्रेषक के तौर पर उनका नाम भी अंकित है। वहीं लोक मंडई की शुरुआत में अधूरा राज्यगीत गाया गया। खबर है कि राज्यगीत के दौरान ही माईक बंद कर दिया गया।

स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ऐसे नाजुक हालात में ऐसे आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं। मुख्यमंत्री खुद ही पड़ोसी राज्यों की सीमाएं सील कर चुके हैं और कांटेक्ट ट्रेसिंग की अनिवार्यता पर उन्होंने जोर दिया है। इसके विपरित वे कोविड संक्रमण के बीच ऐसे आयोजन का हिस्सा बने जहां हजारों लोग जुट रहे हैं और उन्हें संक्रमण फैलने की स्थिति में ट्रेस किया जाना काफी मुश्किल साबित हो सकता है।

डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले नवरात्र के मेले पर लगातार सख्ती के बाद अब धर्म पर शिकंजा कसने वाले कलेक्टर सियासी आयोजन को लेकर अपने ही आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू कई वर्षों से लोक मड़ई का आयोजन कर रहे हैं।

इस बार कोरोना संक्रमण के बीच ही हो रहे इस आयोजन के लिए डोंगरगढ़ शहर के करीब एलबी नगर को चुना गया है। इस आयोजन की दूरी महाराष्ट्र की सीमा से महज 26 किमी है। यह आयोजन शुरु से ही सियासी रहा है।

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से इसका शासकीयकरण कर दिया गया। अब इसके आयोजक कलेक्टर हैं और संरक्षक विधायक दलेश्वर साहू। कांग्रेस सरकार के दौर में इस आयोजन को और बड़ा करने की कवायदें हुई हैं लेकिन इस आयोजन का नुकसान कोविड-19 के दौर में काफी बड़ा हो सकता है। प्रशासन भी सियासी दबाव में इस आयोजन के चलते खड़े होने वाले खतरे को नज़र अंदाज कर रहा है।

### स्थिति हो सकती है भयावह




कोविड संक्रमण के चलते महाराष्ट्र रेड जोन बना हुआ है। बीते 5 दिनों में तकरीबन 18 सौ गाड़ियों से लगभग 5 हजार लोग महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। इनमें से कई एलबी नगर इलाके से हैं जो संभवतः लोक मड़ई आयोजन का हिस्सा भी हो सकते हैं। आयोजन स्थल की दूरी महाराष्ट्र सीमा से महज 26 किमी के लगभग है। कल्पना ही की जा सकती है कि अगर इस मड़ई में संक्रमित व्यक्ति पहुंचता है तो इसके नतीजे कितने भयावह हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार आसपास के गई ग्राम पंचायतों को मंडई में आने के लिए कहा गया है। ऐसे में जाहिर सी बात है कि महाराष्ट्र की ओर से मिलने वाले संक्रमण को गांव गांव तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था उन जिम्मेदारों ने ही कर दी है जो अब तक सावधानी व् अनुशासन के ढोल पीटते रहे हैं।

### अपने ही आदेश को धता बता रहे कलेक्टर

बीते 24 फरवरी को ही कलेक्टर ने कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम और सीमा से लगे पड़ोसी राज्य में बिगड़ती संक्रमण की स्थिति को लेकर कई आदेश-निर्देश दिए थे। उन्होंने ऐसे आयोजनों को लेकर सख्ती की बात कही थी जिसमें भीड़ जुटाई जा रही हो। इसके इतर उनके ही देखरेख में एलबी नगर में लोक मड़ई जैसा आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

कुल मिलाकर कलेक्टर टीके वर्मा लोगों की चिंता छोड़ सत्ताधर्म निभा रहे हैं। आम लोगों के लिए लोक मड़ई का यह आयोजन कोरोना विस्फोट साबित हो सकता है। पिछले कुछ दिनों में जिले में कोविड संक्रमण के हालात सुधरे जरुर हैं लेकिन ऐसे आयोजनों के बाद हालात बदतर हो सकते हैं। सवाल यह है कि हालात पैदा होने पर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा और प्रशासन इस लापरवाही पर कार्रवाई किस पर करेगा!

### एलबी नगर में आयोजन क्यूं!

कई सालों से आयोजित हो रहे लोकमंडई का आयोजन स्थल इस बार एलबी नगर है। इससे पहले यह आयोजन डोंगरगांव और इसके आसपास ही होता आया है। सवाल उठता है कि आखिर इस आयोजन के लिए एलबी नगर का चुनाव क्यूं किया गया। स्वाभाविक तौर पर इस आयोजन की रुपरेखा विधायक दलेश्वर साहू ही करते आएं हैं और इस बार भी उन्होंने ही यह निर्णय लिया। बताया जाता है कि डोंगरगांव में इस आयोजन को लेकर हो हल्ला होने के आसार थे। कोविड संक्रमण के दौर में आयोजन डोंगरगांव में विवादित हो सकता था। इसे भांपते हुए विधायक दलेश्वर साहू ने इसके लिए शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र को चुना। ग्रामीण इलाके में संक्रमण के खतरे को गंभीरता से नहीं लिया गया।

# विरोध पर कोहराम-भाजयुमो अध्यक्ष मोनू को पुलिस ने सुबह घर से उठाया, कार्यकर्ताओं ने थाना घेरा

- पूरे दिन कोतवाली घेरे रहे भाजयुमो कार्यकर्ता, सीएम विरोधी नारे लगे
- डोंगरगढ़ में भी मचा बवाल, एलबी नगर के भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कोविड 19 संक्रमण के दूसरे चरण के बीच लोक मड़ई के आयोजन और बेरोजगारों को 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता का वायदा न पूरा करने को लेकर भाजयुमो ने मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाने का निर्णय लिया था। शुक्रवार को इस विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद शनिवार की सुबह ही पुलिस हरकत में आ गई। सुबह से ही भाजयुमो पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कार्रवाई शुरु हुई। राजनांदगांव में जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह को सुबह 9 बजे कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं डोंगरगढ़ इलाके के एलबी नगर के भाजयुमो मंडल के अध्यक्ष-कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने पूरा दिन हिरासत में रखा। शाम तकरीबन 5 बजे के लगभग जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सहित पुलिस के घेरे में रखे गए सभी नेताओ, कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रिहा किया।

दरअसल, मुख्यमंत्री शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने एलबी नगर में आयोजित लोक मड़ई कार्यक्रम में शिरकत की। इससे पहले ही एलबी नगर भाजयुमो मंडल ने डोंगरगढ़ और चिचोला पुलिस को अवगत कराया कि वे कोविड संक्रमण के दौर में इस वृहद आयोजन और बेरोजगारों से किए गए भत्ता दिए जाने के वायदे पूरा न करने को लेकर मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। भाजयुमो जिलाअध्यक्ष को हिरासत में लिए जाने के बाद सियासी पारा चढ़ गया। भाजपाईयों ने थाने के सामने ही विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। पूरा दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता और भाजयुमो नेता, कार्यकर्ता मोनू के साथ थाने के सामने ही डटे रहे। यहां लगातार नारे बाजी चलती रही। पूरा दिन माहौल काफी गर्म रहा। खुद सीएसपी मणीशंकर चंद्रा यहां स्थिति संभालने डटे रहे।

### कार्यकर्ताओं ने घेरा थाना, लगे सीएम विरोध नारे

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर को हिरासत में लिए जाने के बाद भाजयुमो कार्यकर्ताओं में आक्रोश दिखा। सैकड़ा भर भाजयुमो नेता, कार्यकर्ता कोतवाली घेरने पहुंच गए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू की गिरफ्तारी का विरोध किया। पूरा दिन थाने के सामने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विरोधी नारे लगते रहे।

### जनहित के मुद्दों का दमन नहीं हो सकता : मोनू

खुद को और अन्य भाजयुमो नेता, कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि, भूपेश सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने हमें हिरासत में लिया। यह साबित करता है कि वे अपने वायदे पूरा न कर पाने के बाद विपक्ष के आरोपों से घबराए हुए हैं। वे इतने निःशक्त हैं कि अपना विरोध दबाने पुलिस का सहारा ले रहे हैं। लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि इस भारतीय लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलती और जनहित के मुद्दों का दमन कोई नहीं कर सकता। मोनू ने कहा कि हम इस विरोध को और बड़ा बनाएंगे जिससे कांग्रेस सरकार की खोखली नींव हिल जाएगी।

### प्रिंस ने कार्यकर्ताओं को रिहा करने सौंपा ज्ञापन



उधर, डोंगरगढ़ में भी हालात ऐसे ही रहे। एलबी नगर के भाजयुमो नेताओं, कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर यहां भी थाने का घेराव हुआ। इस बीच भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ ने भाजयुमो नेताओं, कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का विरोध किया। उन्होंने इस मसले पर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि सरकार-प्रशासन की यह नीति चलने नहीं वाली है। जनहित के मुद्दों पर ऐसी कार्रवाई की उन्होंने निंदा की। उन्होंने मांग रखी कि भाजयुमो नेताओं को तत्काल हिरासत से रिहा किया जाए

### सुबह घर से ही लिया हिरासत में

विरोध प्रदर्शन की तैयारियों की जानकारी मिलते ही शनिवार की सुबह पुलिस हरकत में आ गई। इसकी शुरुआत भाजयुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने से शुरु हुई। सुबह 9 बजे ही भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह को राजनांदगांव के भवानी नगर स्थित उनके घर से हिरासत में ले लिया गया। वे सरकार विरोधी नारे लगाते हुए पुलिस के साथ कोतवाली ले जाए गए। इस बीच एलबी नगर से भी भाजयुमो नेता, कार्यकर्ताओं को डोंगरगढ़ पुलिस ने हिरासत में ले लिया।



# नहीं निखार पाये जिलेभर के मिडिल स्कूल के बच्चों को

## लिंक फेल होने से नहीं हुआ बच्चों का पंजीयन और बेसलाइन आकलन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

समग्र शिक्षा अभियान की ओर से मिडिल स्कूल के बच्चों के न्यूनतम अधिगम स्तर और शैक्षणिक गुणवत्ता जांचने की गरज से चलाये जा रहे निखार कार्यक्रम में शनिवार को बच्चों के पंजीयन और बेसलाइन मूल्यांकन की योजना जिलेभर पूरी तरह फेल हो गई। प्रदेश में भी यही स्थिति बतायी जा रही है। मुश्किल से दिनभर के लिये खोले गए पोर्टल के जारी लिंक के माध्यम से लगातार कोशिश करते जिलेभर के शिक्षक सर्वर फेल होने के चलते आखिर निखार कार्यक्रम के तहत बच्चों के पंजीयन और बेसलाइन सर्वे पूरा नहीं कर पाये।

खबरों के अनुसार बुनियादी शिक्षा का स्तर सुधारने छठवीं से नौवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए योजना के तहत कार्यक्रम संचालित है। योजना जिला मिशन समन्वयक की देखरेख में बताया जा रहा है। योजना में कई तरह की खामियों की शिकायतें मिल रही हैं। सम्बन्धित कक्षा के हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषयों का मूल्यांकन किया जाना है। कार्यक्रम के पहले चरण में विषय शिक्षकों का ऑनलाइन पंजीयन और प्रशिक्षण के बाद योजना के तहत चरणबद्ध मूल्यांकन प्रस्तावित है और शिक्षकों को प्रशिक्षण देने मास्टर ट्रेनर्स भी तैयार किया गया है।

लेकिन शिक्षा के स्तर सुधारने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम में सम्बंधित विषय के शिक्षकों को विषयों के आकलन की बारीकियों को जानने प्रशिक्षण दिये बगैर ही उन विषयों के मूल्यांकन के लिये शनिवार को आनन फानन में लिंक उपलब्ध तक करवा दिया गया। जबकि पूरे जिलेभर के सभी ब्लॉक मुख्यालय में सप्ताह भर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित था। यहाँ तक की बड़ी राशि खर्च कर योजना के लिये छपाई गई पुस्तकों का वितरण तक अभी तक बच्चों और शिक्षकों को नहीं किया जा सका है।

**स्मार्टफोन जरुरी तो योजना अटकेगी :** निखार कार्यक्रम में आंकलन के लिए सभी बच्चों के पास स्मार्ट फोन जरूरी बताया जा रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर बच्चों के पास ऐसी व्यवस्था का अभाव बताया जा रहा है। जिला मुख्यालय से सैकड़ों किलोमीटर दूर वनांचल में नेटवर्क की समस्या सामान्य बात है। कोरोना के चलते काफी मुश्किलों में ऑनलाइन और मोहल्ला क्लास में गिनती के बच्चों की उपस्थिति से परेशान शिक्षकों को इस तरह के काम थमाये जाने से काफी नाराजगी बताया जा रहा है। जबकि प्रशिक्षण से लेकर योजना के क्रियान्वयन के लिए अब तक शिक्षकों को राशि जारी नहीं होने की खबर है।

### धूल खा रहीं किताबें

विश्वस्तत खबरों के अनुसार ब्लॉक मुख्यालयों में पुस्तकें धूल खा रहीं हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बुनियादी शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिये चलाये जा रहे अभियान में आला अफसर कितने जिम्मेदार हैं। एक एनजीओ के साथ मिलकर महकमे के अधिकारियों को तकरीबन 46 दिनों में बच्चों के बेसलाइन और अंतिम आकलन के लिये दो-दो दिन, फाउंडेशन कैम्प के लिए 18 दिन और उपचारात्मक शिक्षा के लिए 24दिन की मियाद तय की गई थी। शुरुआती में ही पंजीयन और बेसलाइन सर्वे का काम अव्यवस्था के चलते पूरी तरह फेल हो गया है। लगातार प्रयास के बाद भी पोर्टल नही खुलने पर परेशान शिक्षकों को सही जानकारी तक नहीं मिल पा रही थी आखिर में लिंक फेल होने जानकारी मिली।

### फेल रहा था पायलट प्रोजेक्ट

बीते साल पायलट प्रोजेक्ट के तहत पूरे प्रदेश के कुछ जिलों में चलाए गये अभियान में उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल पायी थी। इसके बावजूद अब सभी जिलों में चल रहे योजना के लिए शिक्षक संदर्शिका ,बच्चों के वर्कबुक और मूल्यांकन प्रपत्र की छपाई में करोड़ों फूंके जाने की खबर है। योजना में नौवीं कक्षा के बच्चों को शामिल करने की हवा हवाई योजना का आलम ये है कि पूरे जिले के हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों को उक्त ाशय का पत्र तक जारी नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में आधे अधूरे आकलन से बुनियादी शिक्षा को निखारने की योजना वित्तीय वर्ष की समाप्ति में बजट खर्च के प्रयास से जोड़कर देखा जा रहा है।

एक ओर प्रशासन द्वारा भीड़ से बचने की जाती है अपील, दूसरी ओर प्रशासन मड़ई के नाम पर करती है भीड़ एकत्रित

# जिलाध्यक्ष के समर्थन में युवाओं ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में भाजयुमो के युवाओं ने जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह की गिरफ्तारी पर विरोध जाहिर किया। डोंगरगांव मुख्यमार्ग से थाना तक नारेबाजी करते हुए भाजयुमो व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के युवाओं ने थाना परिसर में सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर पुलिस को ज्ञापन सौंपकर जिलाध्यक्ष के रिहाई की मांग की।

भाजयुमो के डिकेश साहू व प्रवेश ठाकुर ने दैनिक पायनियर को बताया कि को बताया कि कोविड संक्रमण की खबरों के मध्य डोंगरगांव विधानसभा के लालबहादुर नगर में लोकमंडई आयोजित है। मुख्यमंत्री ने भी आगमन की सहमति दे दी है। एक ओर शासन प्रशासन द्वारा आमजनों को भीड़ से बचने अपील की जाती है। वहीं लोकमंडई में सरकारी खजाने के माध्यम से सरकारी तंत्र का उपयोग कर स्वयं ही भीड़ एकत्रित कर कोविड गाईडलाइन की धज्जी उड़ाई जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने भाजयुमो द्वारा मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाने की पूर्व घोषणा कर दी थी। जिला भाजयुमो के ऐलान के बाद पुलिस व प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व सुबह ही जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह को गिरफ्तार कर दिनभर नजरबंद कर दिया था। देर शाम तक जिलाध्यक्ष को रिहा करने की खबर है।

**पुलिस व प्रशासन में हड़कंप :** डोंगरगांव भाजयुमो ने जिलाध्यक्ष की रिहाई व युवाओं को 2500 बेरोजगारी भत्ते की मांग संबंधी ज्ञापन पुलिस को सौंपा है। इस मौके पर डिकेश साहू, प्रवेश ठाकुर, राजा जैन, गिरिजा शंकर उयके, नमन दवे, गब्बर जैन, राहुल गुप्ता, राजिक बड़गुजर, लक्ष्मीनारायण सेन, जीतेन्द्र वर्मा, शरद वैष्णव, प्रांजल श्रीवास्तव सहित भाजयुमो व अभाविप के युवा शामिल थे। कुमरदा मंडल के एकांत चंद्राकर भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रेड रिबन क्लब का आयोजन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com




शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया द्वारा एड्स दिवस एवं युवा दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध, नारा लेखन, भाषण, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस तारतम्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुषमा चौरे नेताम ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद एवं बधाइयां दी। महाविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्ति त्व विकास के लिए इसे आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोविड19 के इस वैश्विक दौर में ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित इस प्रतियोगिता में आप सब ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया इससे आपकी जिज्ञासा एवं रूचि का पता चलता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एस के. गौर ने बताया कि राज्य एड्स नियंत्रण द्वारा एक निबंध के माध्यम से प्रतिवर्ष जागरूकता अभियान रैली यांत्रिक माध्यमों से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उसी तारतम्य में यह कार्यक्रम प्रायोजित था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कैडेट कोर्प के कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, साथ ही महाविद्यालय के छात्र - छात्राएं कोविड-19 के मानकों का पालन करते हुए उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अवध डनसेना बने कांग्रेस ग्रामीण के प्रवक्ता




**रायगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला में पार्टी पदाधिकारियो की सुची बनाई गई है। जिसमें अवध डनसेना को पार्टी के प्रति निष्ठा व एक्टीविटी को देखते हुए उन्हे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण प्रवक्ता पद पर सम्मानित किया है। इस विषय पर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष अरुण मालाकर ने बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों की सुची बनाई गई है। उन्होंने कहा अवध डनसेना पिछ्ले कई वर्षो से पार्टी हित में काम कर रहे हैं। पार्टी की नीतियां जन-जन तक घर घर तक पहुंचाने के साथ ही जिला पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव सहित शहर चुनाव में भी आपने आथाह मेहनत संघर्ष किया है जिसे देखकर पार्टी ने उन्हे प्रवक्ता पद पर काबिज किया है। वहीं इस विषय पर अन्य नेताओं से चर्चा पर उन्होंने अवध डनसेना के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी का सच्चा सिपाही बताया है।

# त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था : अध्यक्षों को अधिकार एवं सुविधा के विभिन्न मांगों से अवगत कराया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव से प्रदेश के सभी जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ मुंगेली जिला पंचायत की अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकार ने शमिल होकर त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था के तहत जिला पंचायत के अध्यक्षों को अधिकार एवं सुविधा प्रदान करने के विभिन्न मांगों से अवगत कराया। जिसमें मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश क्रमांक एफए. -3-33,94/1 भोपाल दिनांक 10 अगस्त 1994 के आदेशानुसार जिला पंचायत अध्यक्षों को राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया था। पूर्व की भांति वर्तमान में भी राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया जाये। जिला पंचायत अध्यक्ष को पूर्व में ई टाईप का आवास सुविधा उपलब्ध है उसे परिवर्तित करते हुए डी टाईप आवास उपलब्ध कराई जाये। मकान किराये राशि 2500 निर्धारित है। उक्त राशि को वर्तमान समयानुसार दर में 30,000 वृद्धि किया जाये। जिला पंचायत अध्यक्षों को पूर्व में निर्धारित पी.ओ.एल. (डिजल व्यय) विकासखण्ड के सीमा के आधार पर न्यूनतम 350 लीटर पी.ओ.एल. वृद्धि किया जाये। सभी जिला पंचायत अध्यक्षों को नवीन वाहन प्रदान किया जावे (इनोवाकिया जिला पंचायत अध्यक्ष के मानदेय एवं सत्कार भत्ता जैसे आंध्रप्रदेश में लाग कि राशि 15000,500 बढाकर 50,000 किया जाये। पंचायती राज अधिनियम की धारा 28 (3) में संशोधन करते हुए अब निवास प्रस्ताव के कालावधि को एक वर्ष से बढ़ाकर 2.5 वर्ष किया जाये। जिला पंचायत अध्यक्ष को निजी सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराई जाये। जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग बैगा विकास ग्रामीण विकास शिकरण में जिला पंचायत अध्यक्षों को क्षेत्रानुसार पदेन सदस्य मनोनीत किया जाये। जिला पंचायत विकास निधि जो पूर्व में एक करोड़ उपलब्ध कराई जाती थी. वर्तमान में उसे बंद कर दिया गया है। उसमें वृद्धि करते हुए 5 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाये। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल का पत्र क्र. 2935/244/22/पं.-2/95 भोपाल दिनांक 11 सितंबर 1995 के निर्देशानुसार जिला पंचायत के नियमित सम्मेलन बैठक में सर्व संबधित विभागीय जिला प्रमुख अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया था। वर्तमान में उस व्यवस्था को लागू करने हेतु निर्देशित किया जाये।

# रतनपुर बाईपास के पास मिला युवक का खून से लथपथ शव



पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रतनपुर के बाईपास में गुरुवार देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा किसी धारदार हथियार से तेज वार कर 32 वर्षीय कबाड़ी संदीप कहरा का हत्या कर दी गयी थी। घटना के बाद रतनपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ जांच शुरू की। जहां घटनास्थल से कुछ दूर गड्ढे में मृतक की बाइक पुलिस को मिली। वही शुक्रवार देर शाम पुलिस के द्वारा कई संदेहीयो की धरपकड़ कर पूछताछ की गई लेकिन उसे हत्या के संबंध में कोई सुराग अब तक नहीं मिल सका है। गुरुवार रात में संदीप कहरा अपने दो दोस्तों के साथ में खाना खाने के लिए महराज ढाबा गया हुआ था जहां पर आर्डर देने के बाद उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया जिसके पश्चात वह अपने दोस्तों से बोला कि मैं आ रहा हूं और ढाबे से निकल गया।कुछ घंटों पश्चात उसकी लाश बाईपास में पड़ा हुआ देखकर किसी ने इसकी सूचना रतनपुर पुलिस को दिया तब वह घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर प्रथम दृष्टया में हत्या की आशंका मानकर जांच शुरु कर दिया। इस दौरान पुलिस को घटनास्थल से 500 से 600 मीटर दूर मृतक की बाइक गड्ढे में प?ी हुई मिली। मृतक के सिर को देखकर साफ प्रतीत हो रहा है कि किसी ने पूरी ताकत के साथ किसी धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी है। जाहिर है अब पुलिस को हत्या का सुराग मृतक के कॉल डिटेल से मिल सकता है, अब पुलिस यह पता लगाएगी कि उसे किसका फोन आया था और वो अपने दोस्तों से क्यों अलग होकर दूसरी ओर चला गया था।

# युवती के अपहरण का मामला निकला प्रेम प्रसंग

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शनिवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब तिफरा के महाराणा प्रताप नगर में युवती के अपहरण की सूचना से पुलिस महकमे को मिली,खबर मिलते ही पुलिस ने चारो ओर नाकेबंदी शुरू कर दी और चंद घंटे में ही युवक-युवती को पकड़ लिया गया, पकड़े जाने के बाद मामला प्रेम प्रसंग का निकला,पुलिस युवक-युवती के साथ ही उनके स्वजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सिरगिट्टी क्षेत्र के तिफरा स्थित महाराणा प्रताप नगर से खबर आई कि दो युवक मिलकर युवती को अगवा कर लेकर गए हैं।

वही सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को नाकेबंदी के लिए संदेश प्रसारित किया गया,वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर स्वजनों से पूछताछ कर तकनीकी जांच में जुट गई,पुलिस की जांच में पता चला कि एक युवक बिल्हा तरफ भागा है,जबकि, दूसरा युवक शहर तरफ गया है,मोबाइल की तकनीकी जांच से पता चला कि युवक-युवती एक ही जगह पर छिपे है।

सीएसपी बरैया ने दबिश देकर मौके से समीर खान नाम के युवक को पकड़ लिया,शुरूआती पूछताछ में वह गोलमोल जवाब देने लगा, फिर बाद में उसने बताया कि उसके दोस्त की प्रेमिका की शादी बिहार में तय हो गई है,लेकिन युवती शादी करना नहीं चाहती,उसके घर वाले जबरिया शादी कर रहे हैं, इसलिए युवक ने उससे प्रेम विवाह करने की योजना बनाई,योजना के मुताबिक दोस्त अपनी प्रेमिका को उसकी मर्जी से आर्य समाज मंदिर में शादी करने लेकर आया है,खास बात यह है कि युवक-युवती की पतासाजी करते तक दोनों प्रेमी-प्रेमिका ने आर्य समाज मंदिर में शादी रचा ली थी,मामला सामने आने पर पुलिस युवक-युवती को पक?कर थाने ले गई है,बहरहाल पुलिस उनके स्वजनों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

# आज से माघी पूर्णिमा कृतज्ञता दिवस रूप में मनाई जायेगी : ललित

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




कलियुगाब्द 5122, माघ पूर्णिमा, शनिवार संत रविदास एवं संत प्रणवानन्द जयंती के पावन अवसर पर आज देश भर में अस्पृश्यता समाप्त करने की नई पहल कृतज्ञता दिवस के रुप मे शुभारंभ किया गया। तिफरा स्थित काली मंदिर के प्रांगण में 10 पुरुष व 5 महिला सफाई कर्मियों को न केवल ससम्मान मंदिर में प्रवेश दिया गया, बल्कि रामदरबार में तिलक कर शॉल श्रीफल व मास्क भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस पावन अवसर पर श्री सुनील अग्रवाल जी नवीनतम पुस्तक ÷अस्पृश्यता का सत्य÷ का विमोचन भी किया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरुषोत्तम अग्रवाल, अभिषेक गौतम, ललित अग्रवाल, दीपक साहू, डॉ राजेश साहू, विष्णु सिंह सहित आग्रह व्रती सक्रिय थे। कृतज्ञता ज्ञापन दिवस को यादगार बनाने हेतु अश्पृश्यता के कारणों का जिक्र करते हुए निम्न कृतज्ञता ज्ञापन दिया गया। आप एक धर्मनिष्ठ राष्ट्रभक्त कुल के गौरवशाली वंशज हैं और आपके पूर्वजों ने मुगल बादशाहों के अत्याचारों के उपरान्त भी धर्म परिवर्तित नहीं किया, इसके लिए हम आपके कुल का अभिनन्दन करते हैं। हमें ज्ञात है कि आपके पूर्वजों द्वारा धर्म परिवर्तित न करने के कारण ही मुगल आक्रान्ताओं ने उनसे वे कार्य करवाये जिनके कारण शेष हिन्दू समाज ने आपके कुल का तिरस्कार किया और आपके कुल को अस्पृश्य बना दिया।

# चेंबर चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल के उम्मीदवारों ने किया जनसंपर्क

- **चेंबर सदस्यों को कलश छाप में वोट देने की अपील की**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव-2021 के मद्देनजर व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी योगेश अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर सम्भाग के सभी प्रत्याशियों ने चेंबर चुनाव के प्रचार कार्यक्रम के दौरान जांजगीर- चाम्पा जिले के चाम्पा नगर के मोदी चौक,डोंगा घाट चौक, सदर बाजार व सोनार पारा क्षेत्र में जमकर प्रचार किया और पैनल के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने व्यापारियों से समर्थन मांगा,व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों ने मोदी चौक, डोंगाघाट चौक, सदर बाजार सोनार पारा व अन्य सभी दुकानों का सघन दौरा किया, प्रचार के कार्यक्रम की शुरुआत चाम्पा के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौक स्थित बनवारी लाल शर्मा के निवास स्थान से की गयी, जहाँ व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी निकेश बरडिया ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं भारत माता की जयकारे से किया गया,साथ ही नगर के लायंस चौक में चैम्बर चुनाव कार्यालय का भी उद्घाटन किया,कार्यालय उद्घाटन के दौरान श्रीफल फोड़कर किया गया उसके बाद पूजा अर्चना कर लोगो को मुँह मीठा कराकर किया,प्रचार के दौरान, मोदी चौक किराना एवं फ्लेक्स प्रिंटिंग व्यापारी, डोंगाघाट कपड़ा एवं दवाई व्यापारी व सदर बाजार सराफा व्यापारी के पदाधिकारियों हनुमान देवांगन, प्रकाश अग्रवाल,अनिल गुलाबानी, विकास मोदी,विनोद तिवारी,विजय सोनी सहित सभी व्यापारियों ने व्यापारी एकता पैनल के पद प्रत्याशी योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी निकेश बरड़िया का स्वागत करते ढोल-नगाड़े बजाए, व जमकर फूल-मालाओं की बारिश की,सघन दौरे के बीच, पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी अग्रवाल ने सभी व्यापारियों से आगामी चेम्बर चुनाव में व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की।

# महर्षि बाजपेयी बने भाजपा युवा मोर्चा उत्तर मंडल सरकंडा के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा में मंत्री रहे बिलासपुर सरकंडा निवासी तेज़ तर्रार युवा भाजपा नेता महर्षि बाजपेयी को भाजपा युवा मोर्चा उत्तर मंडल सरकंडा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महर्षि बाजपेयी शुरू से ही छात्रहित से जुड़े मुद्दों को लेकर स्कूल व कॉलेज में लगातार सक्रिय रहे है। इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा में लगातार सक्रिय रहते हुए मेहनत करते हुए पार्टी के हित में कार्य करते आ रहे है। इसके साथ ही साथ लगातार सामाजिक कार्यों में भी लगातार सक्रिय रहते है, अभी कुछ महीने पहले ही उन्हें कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच का नगर अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था, साथ ही साथ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के ज़िला उपाध्यक्ष पद पर भी सुशोभित है। इनकी लगातार इसी सक्रियता को देखते हुए भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने इन्हें मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। महर्षि ने बताया कि वे लगातार पार्टी के हित में कार्य करते रहेंगे,और विपक्ष की सक्रिय भूमिका निभाकर सभी को एक साथ लेकर दोबारा से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में मेहनत करेंगे। महर्षि को भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल का क़रीबी माना जाता है। इनकी नियुक्ति को लेकर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, सांसद अरुण साव, विधायक रजनीश सिंह, भाजपा ज़िलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व महापौर किशोर राय,गुलशन ऋषि,न.नि. नेता प्रतिपक्ष अशोक विधानी,भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष निखिल केशरवानी,मंडल अध्यक्ष चंदू मिश्रा, ज़ोन प्रभारी विजय ताम्रकार, सतीश गुप्ता ,महामंत्री प्रवीण तिवारी, डी.के. साहू ,पार्षद श्याम साहू,राजेश दूसेजा,पुष्पा तिवारी,आलोक गागी दुआ,पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश अधिजा सहित वरिष्ठ भाजपाईयो सहित युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री बघेल से जिला पंचायत अध्यक्ष संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात



**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में प्रदेश के समस्त जिला पंचायत अध्यक्ष संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल से मुलाकात के दौरान जिला पंचायत के अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित विकास गतिविधियों से अवगत कराया तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वार संचालित विभिन्न योजनाओं एवं जिला पंचायत अध्यक्षों को दिए गए अधिकारों में वृद्धि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा किया गया मुलाकात करने हेतु प्रतिनिधि मंडल में जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर अरूण सिंह चौहान, बलौदाबाजार राकेश कुमार वर्मा, मुंगेली लेखनी सोनू चन्द्राकर, धमतरी कांति सोनवानी, दुर्ग शालिनी यादव, रायगढ़ निराकार पटेल, , बालोद सोना देशलहरा, जांजगीर-चांपा यमिता यशवंत चन्द्रा, महासमुंद उषा पटेल, राजनांदगांव गीता साहू तथा कबीरधाम सुशीला भट्ट आदि शामिल थे। मुलाकात के दौरान मान. बघेल द्वार वहा उपस्थित सभी जिला पंचायत अध्यक्षों के क्षेत्रों में आ रहे समस्याओं से अवगत हुवे तथा उनके मागो पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिए।

**दावानल की घटनाएं लगातार बढ़ रही, समितियों की बैठक नहीं होने से आ रही समस्याएं**

# दो दिनों से जल रही गजमार पहाड़ी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गर्मी के आते ही दावानल की घटनाएं शुरू हो जाती है। पिछले दिनों गजमार पहाड़ी में आग लगी थी और दो दिनों तक आग पर काबू नहीं पाया गया था। वहीं शुक्रवार को एक बार फिर से गजमार पहाड़ी में आग लग गई। जिस पर वन विभाग के द्वारा काबू नहीं पाया गया। ऐसे में शनिवार को भी गजमार पहाड़ी का जंगल धू धू कर जलते रहा।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह गजमार पहाड़ी में आग लगी और दूर से धूंआ ही नजर आ रहा था, पर शाम ढलने के बाद आग की लपटे दूर से देखी जा रही थी। दावानल की जानकारी लगने के बाद वनकर्मी आगे बुझाने के लिए पहुंचे, पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका। रात में रेंजर राजेन्द्र कुमार साहू का कहना था कि आग को बुझा लिया गया, लेकिन शनिवार को दोबार गजमार पहाड़ी पर आग की लपटे देखने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि आग को पूरी तरह से नहीं बुझाया जा सका था। शनिवार को दूर तक आग फैल चुकी थी और विभाग के कर्मचारियों का दावा था कि आग पर काबू पा लिया जाएगा, पर अपरान्ह चार बजे तक गजमार पहाड़ी धू धू कर जल रही थी।

**फायर लाईन कटाई कागजों में हुआ-** विभागीय जानकारों की माने तो गर्मी के शुरू होने से पहले फायर लाईन कटाई का कार्य कर लिया जाता है, पर यहां ऐसा कोई कार्य देखने को नहीं मिला। जानकारों का कहना है कि फायर लाईन कटाई का कार्य होने से सड़क किनारे जंगल व पहाड़ियों को दावानल की घटनाओं से कुछ हद तक रोका जा सकता है।

**नहीं हो सका समितियों की बैठक-** दावानल की घटना शुरू होने से पहले कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा समिति के पदाधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें रिचार्ज भी किया जाता है, पर इस बार ऐसी कोई पहल नहीं की गई। इस कारण समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण विभाग का सहयोग करने में पीछे हट रहे हैं और पूर्व की तरह अब गांव के ग्रामीण आग को बुझाने नहीं आ रहे हैं।

> शनिवार को भी गजमार पहाड़ी में आग लगी थी। शुक्रवार को आग को बुझा लिया गया था, शनिवार को मुखबधिर स्कूल की ओर आग लगी है, जिसे बुझाया जा रहा है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा।
>
> **राजेन्द्र कुमार साहू**
> **रेंजर, वन परिक्षेत्र रायगढ़**

## अन्य राज्यों से जिले में आने पर देनी होगी जानकारी

- **कलेक्टर ने जारी किया निर्देश**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने राज्य शासन के निर्देशानुसार कोरोना संक्रमण प्रसार के रोकथाम के लिए एहतियाती निर्देश जारी किया है। जिसके अनुसार अन्य राज्य से आने वाले विशेषकर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं दिल्ली राज्यों से आने वाले यात्रियों/व्यक्तियों को रायगढ़ जिले में आगमन पर अपनी जानकारी स्थानीय प्रशासन, संबंधित पुलिस थाना, निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र तथा कोविड-19 नियंत्रण कक्ष के फोन नं. 07762-232668, 228000 में देने एवं स्वतरू स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर 14 दिवस होम आइसोलेशन में रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

# जेल प्रहरी का बेटा क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर पुलिस चौकी में कर रहा था मोबाइल से रिकॉर्डिंग

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

- **मना करने पर युवक ने कांस्टेबल से मारपीट कर फाड़ी वर्दी**

पुलिस चौकी में घुसकर एक युवक ने नशे की हालत में खुद को क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर कांस्टेबल की पिटाई कर दी और उसकी वर्दी फा? दी। जूनापारा पुलिस चौकी में शुक्रवार देर रात जमकर हंगामा हुआ।

शराब के नशे में धुत युवक चौकी में घुस आया और मोबाइल से वीडियो रिकार्डिंग करने लगा। मना करने पर खुद को क्राइम ब्रांच का अफसर बताते हुए ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल से जमकर मारपीट की और उसकी वर्दी फा? दी। सूचना मिलने पर अन्य कांस्टेबल चौकी पहुंचा और बीच-बचाव कर शांत कराया। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार , जूनापारा पुलिस चौकी में कल देर रात कांस्टेबल मनोज कुमार कुलमित्र ड्यूटी पर थे। उनकी रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक ड्यूटी रहती है।

इसी बीच रात करीब 10.15 बजे एक लड़का शराब के नशे में धुत होकर पहुंच गया। खुद का नाम नवीन गोस्वामी बताते हुए क्राइम ब्रांच में अफसर बताया कहा। कहा कि वह बिलासपुर में पोस्टेड है। चौकी प्रभारी को बुलाने की बात कही और मोबाइल निकालकर रिकार्डिंग करना शुरू कर दिया। बिलासपुर आने पर जान से मारने की धमकी दी ,।इस पर कांस्टेबल मनोज ने मना किया, तो आरोपी नवीन ने धक्का-मुक्की करते हुए गालियां देनी शुरू कर दी। कांस्टेबल मुनोज का कॉलर पकड़ लिया और वर्दी फाड़ दी। उसे घूंसे और हाथ से मारा। आरोप है कि नवीन ने धमकी दी कि वह जेल लाइन में रहता है। बिलासपुर आओगे तो जान से मार दूंगा। इस पर मनोज ने साथी कांस्टेबल को कॉल कर बुलाया तो उसने पहुंचकर बीच-बचाव किया। मामले में रात करीब 3 बजे एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# भूपेश बघेल ने सरकार के नेतृत्व के साथ-साथ बेहतर वित्तीय प्रबंधन की गढ़ी नई मिसाल : शैलेश

## कोरोना महामारी-लाकडाउन के बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था बेहतर

■ भूपेश सरकार के फैसलों के कारण ही छत्तीसगढ़ देश से बेहतर स्थिति में

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के 2020-21 के आर्थिक सर्वेक्षण और सकल राज्य घरेलू उत्पाद जीडीपी के त्वरित और अग्रिम अनुमान पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भूपेश बघेल ने सरकार के नेतृत्व के साथ-साथ बेहतर वित्तीय प्रबंधन की नई मिसाल गढ़ी है। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के बावजूद छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के फैसलों के कारण ही छत्तीसगढ़ देश से बेहतर स्थिति में है। रमन सिंह सरकार की 15 साल में प्रशासन ने छत्तीसगढ़ को बदहाल ही किया। भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कारण 15 साल में छत्तीसगढ़ में गरीबों की संख्या गरीबी और कुपोषण की मात्रा बढ़ती ही रही। अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुरखों के देखे सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ गढ़ने और बनाने में लगे है। इसी का परिणाम है कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद बाजार मूल्य त्वरित अनुमान के अनुसार गत वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं वन) में 3.67 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में 3.43 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र में 7.71 प्रतिशत वृद्धि हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कोरोना के बावजूद हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने देश के राष्ट्रीय सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सही फैसलों और कांग्रेस सरकार की सही नीतियों के कारण ही कोरोना संकट और लॉकडाउन के बावजूद छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था बहुत बेहतर स्थिति में है। देश के प्रति व्यक्ति आय में 5.41 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के मुकाबले छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय में गिरावट नहीं के बराबर मात्र 0.14 प्रतिशत है जो स्पष्ट करता है कि भूपेश बघेल सरकार की नीतियों के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ के लोग खुशहाल बने है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2019-20 के अग्रिम अनुमान पिछले वर्ष की तुलना में बाजार मूल्य स्थिर भाव पर 231182 करोड़ रूपए से बढ़कर रूपए 243477 करोड़ रूपए हो गई है जो कि 5.32 प्रतिशत वृद्धि है।

छत्तीसगढ़ राज्य के आर्थिक संर्वेक्षण 2020-21 को भूपेश बघेल सरकार की नीतियों पर अर्थव्यवस्था की मुहर निरूपित करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि अखिल भारतीय वृद्धि दर से तुलनात्मक रूप से छत्तीसगढ़ की वृद्धि दर बेहतर है। वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी एवं लाकडाउन होने के बावजूद भी कृषि एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि का सकारात्मक रूझान क्रमशः 4.61 प्रतिशत और 0.75 प्रतिशत है जो कि शासन की नीतियों एवं नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी विकास योजना के प्रभाव को दिखाता है। इसके विपरीत भारत का कृषि क्षेत्र में मात्र 3.38 प्रतिशत वृद्धि है और सेवा क्षेत्र में 8.77 प्रतिशत की गिरावट है।

# आर्थिक सर्वेक्षण भूपेश बघेल सरकार के शासनकाल का कलंकित दस्तावेज : साय

**महज दो साल में ही प्रदेश की आर्थिक हालत चौपट, कांग्रेस सरकार पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने तीखा हमला बोला**

■ प्रदेश पर 60 हजार करोड़ के कर्ज का बोझ, बजट अनुमान के नजरिए से आने वाले वर्षों में यह सरकार एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज लाद देगी, यानी बजट के बराबर ही कर्ज का बोझ

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2020-21 के आर्थिक सर्वेक्षण को प्रदेश की प्रदेश सरकार के निकृष्टतम शासनकाल का कलंकित दस्तावेज बताया है। श्री साय ने कहा कि महज दो साल में ही प्रदेश की आर्थिक हालत को चौपट करने और प्रति व्यक्ति आय घटाकर रख देने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार का अब भी अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनने से उबरने को तैयार नहीं होना विस्मित कर रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि विधानसभा में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2019-20 की तुलना में 1.77 फीसदी की गिरावट यह बताती है कि प्रदेश लगातार आर्थिक बदहाली की ओर जा रहा है। जीडीएसपी में गिरावट के साथ उद्योग क्षेत्र में 5.82 फीसदी की कमी आई है और अपने निर्माण के बाद से पिछले 20 वर्षों में छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय पहली बार घटी है। श्री साय ने कहा कि जिस छत्तीसगढ़ राज्य में सन 2000 से लेकर 2019-20 तक प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दर्ज की जाती रही, उस प्रदेश के समूचे अर्थतंत्र को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मटियामेट करके रख दिया है। यह आर्थिक सर्वेक्षण यह साबित करता है कि प्रदेश सरकार ने निकम्मेपन की पराकाष्ठा कर दी है। साय ने कहा कि प्रदेश के बड़बोले और 'चिट्ठीजीवी' मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस छत्तीसगढ़ मॉडल का ढोल पीट-पीटकर अपनी शेखी बघारते नहीं अघा रहे थे और केंद्र सरकार को छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की नसीहतें देकर अपने राजनीतिक अहंकार का परिचय देते फिर रहे थे, प्रदेश के वर्ष 2020-21 के इस आर्थिक सर्वेक्षण के दरके आईने में अपनी सरकार के राजनीतिक, प्रशासनिक और आर्थिक नाकारापन की छवि से कहां तक मुँह छिपाएंगे? साय ने कहा कि इस आर्थिक सर्वेक्षण ने फिर से प्रदेश सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का काला सच प्रदेश के सामने ला दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आज प्रदेश 60 हजार करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ तले दबा है। प्रदेश सरकार का बजट लगभग 01 लाख करोड़ रुपये का होने का अनुमान है। इस नजरिए से आने वाले वर्षों में यह सरकार प्रदेश पर एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज लाद देगी, यानी प्रदेश के बजट के बराबर ही प्रदेश पर कर्ज का बोझ रहेगा। अगर इसी तरह कर्ज-पर-कर्ज लिया जाता रहा तो भूपेश-सरकार को कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ जाएगा। साय ने कहा कि प्रदेश की भूपेश-सरकार ने दो साल के अपने शासनकाल में कोई रचनात्मक और सकारात्मक पहल करके प्रदेश के आर्थिक संसाधनों को विकसित करने का काम किया ही नहीं। माफियाओं, शराब के गोरख-धंधेबाजों और तमाम गैर-कानूनी कारोबारियों से कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार करके प्रदेश के अर्थतंत्र की कमर तोड़ने में लगी इस प्रदेश सरकार के कार्यकाल में विकास पूरी तरह ठप है। केंद्र सरकार की राशि से जो काम हो रहे हैं, स्मार्ट सिटी योजना के तहत ही हो रहे हैं, मनरेगा में हो रहे हैं, और इन कामों को भी प्रदेश सरकार अपना काम बताकर झूठा प्रचार कर रही है।

# पॉवर कंपनी के एसीएमओ छाबड़ा की विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के.एस.छाबड़ा की सेवानिवृत्ति पर कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। कंपनी के मानव संसाधन विभाग में आयोजित विदाई समारोह में महाप्रबंधक जी.एल.चंद्रा ने सेवानिवृत्त हो रहे एसीएमओ डॉ छाबड़ा को शॉल, श्रीफल, प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में जी.एम. चंद्रा ने चिकित्सा जगत में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए डॉ. छाबड़ा के सुखमय जीवन की कामना की। चिकित्सालय में विदाई समारोह में सीएमओ डॉ. पंचारी सहित डॉ. निलेश सिंह, डॉ. श्वेता कोसले, डॉ. अल्पना बराई विश्वास ने अभिनंदन किया।

# शंकराचार्य क्रिकेट लीग में पुलिस इलेवन बनी चैंपियन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हर साल की तरह इस साल भी डे एंड नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट कराया गया, यह टूर्नामेंट का चौथा संस्करण आयोजित किया जा रहा था, अलग अलग कॉरपोरेट जगत की 32 टीमों ने भाग लिया था जिसमें, सॉफ्टवेयर, बैंक, हॉस्पिटल, फार्मा, स्टील इंडस्ट्री, ऑटोमोबाइल, एवं पुलिस विभाग थे। हार- जीत से ऊपर उठकर सभी टीमो ने इस 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का लुफ्त उठाया। फाइनल मैच रायपुर पुलिस इलेवन एवं इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक के बीच खेला गया जिसमें रायपुर पुलिस ने जीत दर्ज की , दोनो ही टीम पूरे लीग के दौरान अपराजित रही और आने पूरे 6 मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी।मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब रायपुर पुलिस के कमल पॉल को 11 हजार की राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, संस्था के प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने विजेता टीम को एक लाख की राशि और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को चालीस हजार की राशि और ट्रॉफी से नवाजा।


# विस अध्यक्ष महंत ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि पर देशहित मे उनके कार्यो को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि। विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी बेहद प्रतिभाशाली और विद्वानव्यक्ति थे, वे भारत के एकमात्र राष्ट्रपति थे जिन्होंने दो कार्यकालों तक राष्ट्रपति पद पर कार्य किया, वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403